e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 296
मंगलवार
31.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
जब अपने खफा होने लग जाएँ तो, आप समझ लेना आप सही राह पर हैं !

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



# पलामू में कांग्रेस पार्टी को जड़ से मजबूत करना है : रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** जपला रोड स्थित परी मैरिज हॉल में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक की गई।जिसमें मुख्य रूप से झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति सह वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने अपने पार्टी को मजबूती को लेकर प्रखंड छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पाटन पड़वा छतरपुर छतरपुर और नाडिया बाजार के प्रखंड स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की बैठक में सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष के बीच कांग्रेस पार्टी के सशक्तिकरण को लेकर कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दिया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हिंदुस्तान की सबसे पुरानी पार्टी है जिसने भारत के पूर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक के भारत वासियों की समस्या को समझा और उनका निराकरण किया हिंदुस्तान के सबसे बड़े नेता महात्मा गांधी ने देश की गरीबी और स्थिति देखकर अपना वेशभूषा बदलकर नेतृत्व को चुना। उन्होंने कहा कि पलामू में कांग्रेस पार्टी को जड़ से मजबूत करना है समाज के एससी एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के बीच नेतृत्व का विकास कर समाज को आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में मंच का संचालन कांग्रेस जिला अध्यक्ष जय श्री रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया जिला अध्यक्ष द्वारा अभी छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्षों को पार्टी के मजबूती को लेकर चर्चा की वही मौके पर छतरपुर मुखिया संघ द्वारा कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मियों द्वारा भी मानदेय बढ़ाने को लेकर ज्ञापन सोपा गया मौके पर छतरपुर नाडिया बाजार के पारा शिक्षकों के द्वारा मानदेय भुगतान हेतु ज्ञापन दिया जिला अध्यक्ष जैसे रंजन पाठक जिला संयोजक भीम कुमार जिला विशुत्री प्रदेश उपाध्यक्ष विमला कुमारी छतरपुर पाटन विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान, अनिल कुमार सिंह, दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, छतरपुर नगर अध्यक्ष मुस्ताक अहमद आलम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## 18 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए नंदकिशोर प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** समाजवादी विचार मंच केतार के तत्वाधान में सोमवार को लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्व0 नंदकिशोर प्रसाद का 18 वां पुण्यतिथि मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने की एवं संचालन राम विचार साहू के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्व0 नंदकिशोर प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों ने उनके कार्यकाल को खूब सराहना की एवं सफल समाजसेवी होना बताया गया। उक्त कार्यक्रम का समापन जगतपाल प्रसाद के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात किया गया। इस अवसर पर भवनाथपुर से कांग्रेस के जिला महासचिव गढ़वा सुशील कुमार चौबे, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, केतार कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, मानव अधिकार के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, अनिल जायसवाल, किशोर कुमार मंगलम, शिव कुमार सिंह, परशुराम गुप्ता, 20 सूत्री सदस्य छोटन कुमार सिंह, मनोज कुमार फौजी, शिक्षक दिलेश गुप्ता, अनिल कुमार, वसंत जायसवाल, सुरेश प्रसाद, जोखू राम, नागेंद्र ठाकुर, नवनीत सिंह, मुन्ना गुप्ता, अशोक ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## विद्यालय में 11 बजे तक लटका रहा ताला, बच्चें निराश होकर लौट घर




**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र कउवल टोला महूराम मे अवस्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मे प्रधानाध्यापक सह सचिव बिहारी प्रजापति के आलावा दो सहायक शिक्षक कार्यरत है। जबकि सहायक शिक्षक श्री बिंदेश्वर राम आकस्मिक अवकाश मे है। जिसकी लिखित सूचना विधालय प्रधान को दिया हुआ है। विद्यालय मे सहायिका ने बताया कि गुरुजी प्रतिदिन समय पर नहीं आते है। हाजरी बना कर श्याम विहारी प्रजापति नियमित रूप से गायब रहते है। यह बोल कर कि आज बीआरसी मे जाना है। कभी बैंक जाना, कभी गुरु गोष्ठी, प्रतिवेदन जमा करना है। इसी प्रकार के तरह तरह बहना बना कर गायब रहते है। आगे बताते चलें कि विधालय मे अध्यनरत छात्र - छात्राओं के भविष्य के खेला जा रहा है और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौन धारण की हुई है। समाचार लिखे जाने तक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दूरभाष के माध्यम से बातचीत के दौरान बताया गया कि जाँच के बाद शिक्षकों के विरुद्ध आगे की करवाई करने की बात कहा।

## रैयत की जमीन पर कराया डायवर्सन का निर्माण, आक्रोश



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएच फोर लेन का निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य के द्वारा भंडार गांव निवासी रमेश चंद्र पांडेय का रैयती जमीन पर जबरन डायवर्सन बना गाड़ियों को दौड़ा रही है। इतना हीं नहीं पूर्व की बनी सड़कें भी खोद दी गई है। इसकी जानकारी मिलते हीं रमेश चंद्र पांडेय स्थल पर पहुंचे। साथ हीं डायवर्सन हटाने की बात कंपनी के कर्मियों को कहा गया। इसपर कंपनी के कर्मियों ने बताया कि उक्त डायवर्सन निर्माण पूर्व किसी के साथ एग्रीमेंट किया गया है। जिसके बाद हीं निर्माण कार्य किया गया है। वहीं जानकारी देते हुए कर्मियों ने बताया कि मैनेजमेंट से मिले निर्देश का अनुपालन किया गया है। आगे जो निर्देश मिलेगा उसके अनुसार कार्य किया जाएगा। रैयत रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि पंड़वामोड़-गढ़वा मुख्य पथ के बाई ओर प्लाट 1244 का भूखंड है। जिसका कागजात भी उनके पिताजी के नाम है। सड़क निर्माण में उक्त जमीन का अधिग्रहण किया जाना बताया जा रहा है। लेकिन आज तक थ्रीडी में भी इनका नाम नहीं आया। इस संबंध में श्री पांडेय के द्वारा अंचलाधिकारी से भूअर्जन, उपायुक्त आदि जगहों पर आवेदन देकर अपने नाम से नोटिस निर्गत कराते हुए अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन दो वर्षों से दिए जा रहे आवेदन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं कार्य बंद करने की बात सुन कंपनी के पदाधिकारी स्थल पर पहुंचे। जहां पूरी जानकारी देते हुए निर्मित डायवर्सन हटाने की बात कही गई है। वहीं कर्मियों ने रैयत को समझाते हुए कहा कि मामले को को वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। रैयतूको उचित मुआवजा मिले इस दिशा में कंपनी की ओर से अधिकारियों से मिलकर पहल किया जा रहा है।

## गायत्री शक्तिपीठ में एक विचार गोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित सेंट्रल बैंक के निकट गायत्री शक्तिपीठ परिसर में सोमवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार रांची जॉन की ओर से सक्रिय परिजनों की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में रांची जॉन के सहायक समन्वयक विमल कुमार सुमन व स्थानीय गायत्री परिवार के परिजन मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान रांची जॉन से आए सहायक समन्वयक ने सभी परिजनों को आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा कार्यक्रम को भव्यता से संपन्न करने के लिए अपील की गई। मौके पर विमल कुमार सुमन ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे संस्कार के अभाव में भटक रहे हैं और युवा नशे का शिकार हो रहे हैं। हमें अपने-अपने प्रखंडों में ऐसे बच्चों को जागरूक कर युवाओं को संस्कारवान बनाने के लिए युवा जोड़ो अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का मानना है कि किसी भी राष्ट्र की सच्ची संपत्ति स्वस्थ-स्वच्छ मन बाला नागरिक होता है। नशा इस राह में सबसे बड़ा अवरोध है। नशा नाश का करण बनाकर व्यक्तित्व, पारिवारिक सामाजिक जीवन में कहर बरपा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार देश में जिला, प्रखंडों तथा पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर नशा मुक्ति भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने स्थानीय गायत्री परिवार के परिजनों से अपील करते हुए कहा कि मुंबई अश्ववमेघ यज्ञ एवं 2024 में संपूर्ण भारत के प्रत्येक जिले और प्रखंडों में निकलने वाली अखंड ज्योति यात्रा की जोर-जोर से तैयारी करने की प्रेरित किया। साथ ही समाज में व्याप्त कुर्तियों के विरुद्ध स्वावलंबन, उत्तम स्वास्थ्य एवं संस्कार, वानापीढ़ी के विकास पर विशेष रूप से ध्यान देने पर जोर दिया। मौके पर साधना सुमन, पलामू से आए रेखा देवी, दिव्या कुमारी बुलबुल, प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे, ललसू राम, शुभम जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मिक्सर मशीन से जोरदार टक्कर होने से पुरैनी निवासी आकाश गुप्ता की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव निवासी श्यामा प्रसाद शाह के 20 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार गुप्ता की मौत मिक्सर मशीन से जोरदार टक्कर लगने से हो गई। घटना सोमवार की सुबह नौ बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोग व पुलिस प्रशासन के सहयोग से आकाश गुप्ता को स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों की चितपुकार से पूरा गांव में मातम छा गया। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। आकाश कुमार का परिवार अत्यंत गरीब है। पिता मजदूरी कर घर का पालन पोषण करते हैं। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार मृतक आकाश कुमार गुप्ता महदईया स्थित अपने खेत से वापस घर मोटरसाइकिल से लौट रहा था इसी क्रम में शिवपुर गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 75 सड़क के किनारे खड़ा मिक्सर मशीन में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इधर अनुमंडलीय अस्पताल के बाहर जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश उर्फ बबलू, झामुमो नेता सुरेंद्र गुप्ता के अलावे सैकड़ों लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने को लेकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान मृतक आकाश गुप्ता को मुआवजा दो, परिवार वाले को अनाज दो, इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय आदि का नारा लगा रहे थे। लगभग 1 घंटे के बाद धरना स्थल पर पहुंचे सीआई विजेंद्र उपाध्याय व अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक प्रकाश कुमार ने आपदा प्रबंधन के तहत मृतक के परिजनों को 1 लाख रुपए का मुआवजा राशि दिलाने का आश्वासन देने के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

## जिला परिषद का सदस्य करेंगे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बहिष्कार

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्षा प्रतिमा देवी समेत सभी जिला परिषद के सदस्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे। सभी ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए बने आमंत्रण पत्र पर जिला परिषद अध्यक्षा का नही छपा है नाम ना ही ज़िला परिषद अध्यक्षा को बनाया गया है मुख्य अतिथि। इसी को लेकर सभी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में नही जाने का लिया है फैसला। साथ ही सभी इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को सौपेंगे ज्ञापन। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, संग्राम सिंह, अर्जुन सिंह, फैजाल अहमद समेत कई जिला परिषद के सदस्य रहे मौजूद।

## पूर्व मंत्री ने स्थल जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व राशि सूद सहित वापस कराने की मांग की



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को आवेदन देकर गढवा जिले के सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव पर ग्रामीणों को शेड देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने तथा अपने यहां संचालित सीएसपी व सुनील कुमार दुबे के नाम से चल रहे सीएसपी से लाखों रुपये की फर्जी निकासी करने का आरोप लगाते हुये स्थल जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने व गरीबो से ठगी गई राशि व फर्जी तरीके से निकाली गई राशि सूद सहित वापस कराने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि प्रमुख अजय साव द्वारा मेरे नाम दिया गया आवेदन तथा 11 खाताधारकों का प्रमुख द्वारा अपने अंगूठा से फर्जी निकासी किया गया है। साथ ही सैकड़ो लाभुकों व दर्जनों मृत व्यक्तियों के नाम से भी राशि निकाल लेने की शिकायत मिली है.आवेदन में केशरी ने कहा है कि सगमा प्रखंड प्रमुख व बीडीओ दोनों मिलकर प्रखंड की जनता को चौतरफा लूट रहे हैं। आम जनता के नाम से राशि ठगने में दोनों लगे हैं, जिसके कई प्रमाण है।

## मेरी माटी मेरा देश' के तहत अमृत कलश लेकर दिल्ली रवाना हुए भाजपा के प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भारतीय जनता पार्टी गढ़वा जिला अध्यक्ष, ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत गढ़वा के सभी मंडल अध्यक्ष अमृत कलश लेकर, केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा व्यवस्था की गई स्पेशल ट्रेन से गढ़वा रोड़ से रात्रि 8 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली कर्तव्य पथ पर सभी मंडल की मिट्टी, अमृत वाटिका पार्क में जमा करके वहां पर शहीदों के नाम पर वृक्षारोपण कार्य किया। श्री ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि 'केंद्रीय नेतृत्व एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत-बहुत बधाई, उनके द्वारा भारत के सभी मंडल के शहीद एवं स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने का कार्य किया गया। जिनका नाम आज तक कोई जानता नहीं था उनको सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस के द्वारा हमारे मोहल्ले के शहीदों को गुमनाम करने का कार्य किया गया है।

## शशांक बने छठ पूजा समिति के अध्यक्ष



### छठ घाट की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** महापर्व छठ पूजा के सफल आयोजन को लेकर शाहपुर स्थित कोयल नदी पर सार्वजनिक छठ पूजा को लेकर ग्रामीण की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कमल किशोर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूजनोत्सव को भव्य तरीके से मनाए जाने को लेकर सहमति बनी। सफलता को सुनिश्चित करने के लिए नई कमिटी का गठन किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से शशांक सुमन को पुनः छठ पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया।साथ ही छठ घाट की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। कहा गया कि छठ व्रतियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इस वर्ष भी भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। छठ घाट पर लाइट टेंट लगाने की बात कही गई। समिति के संरक्षक राम जी जायसवाल, मनोज जयसवाल, मुकेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, विजय चंद्रवंशी, संजय शरण, बबलू गुप्ता, सत्यजीत प्रसाद सहित अन्य शामिल है।

## बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्याल में संत श्री त्रिदंडी जियर स्वामी जी महाराज का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विश्व बिख्यात श्री श्री धर्म सम्राट त्रिदंडी जियर स्वामी जी महाराज आश्रम धाम, बक्सर, बिहार के वर्तमान प्रधान संत श्री त्रिदंडी जियर स्वामी जी महाराज का दिनांक रविवार को अपराहन में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आगमन हुआ, स्वामी जी का स्वागत वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, गढ़वा के अध्यक्ष सह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एम के सिंह द्वारा किया गया। परिसर के भव्य प्रशाल में विधिवत पूजा अर्चना किया गया तथा उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्वामी जी महाराज द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण एवं माँ सरस्वती की पूर्ण मंत्रौच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गयी। स्वामी जी के द्वारा बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया गया तथा विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास, सुख शांति तथा समृद्धि का आशीष प्रदान किया। परिसर भ्रमण के उपरांत स्वामीजी महाराज ने अपनी प्रशंसा जाहिर की एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

## पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशी भूषण मेहता ने कंदाखाड़ में पुलिया निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के माड़न पंचायत के ग्राम कंदाखाड़ एवं हुसैनी गुरहा के बीच पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार की दोपहर पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया, सर्वप्रथम विधायक के आगमन पर सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से ढोल बाजे के साथ फुल माला पहनाकर स्वागत किया, शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव के बुजुर्ग व्यक्ति कनी महतो के हाथों शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत की, पुलिया निर्माण का शिलान्यास होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखा गया वहीं मौके पर पहुंचे सैकड़ो ग्रामीणों के संबोधन में विधायक ने कहा कि कंदाखाड़ के लोग विगत कई दशकों से पुलिया की आस लगाए बैठे थे, पुलिया नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था व यह गांव टापू बन जाता था, पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ ग्रामीणों को छलने का कार्य किया था जिससे ग्रामीण पुलिया की आस छोड़ चुके थे ऐसे में पुलिया के निर्माण कार्य का शीलान्यास होने से ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। इस दौरान मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, निर्मल मेहता, प्रकाश मेहता, लाला यादव, कमलेश यादव, पंकज यादव, कनी महितो, इंद्रदेव महतो, रघुराई महतो, देवकी महतो, कामेश्वर महतो, मुनी महतो, रामदेव महतो, महेश महतो , छेबर महतो, बच्चू महतो, प्यारी देवी, रीता देवी, रीना देवी सहित गांवों के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किये जाने वाले निर्वाचन सबंधी कार्यो व प्राप्त प्रपत्रों का समीक्षा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोमवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी व शिक्षा विभाग के सभी प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक के साथ बैठक कर चल रहे मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किये जाने वाले निर्वाचन सबंधी कार्यो व प्राप्त प्रपत्रों की समीक्षा किया। बैठक में एसडीओ ने कहा कि एक जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुये मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ है, जिसमे योग्य व्यक्तियों से एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरा हो गया है,उनसे 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी व्यक्तियों का नाम जोड़ने के लिये 32818 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.लगभग 40 हजार मतदाताओं के ब्लैक एंड ह्वाइट व खराब फ़ोटो के स्थान पर प्रपत्र 8 के माध्यम से रंगीन फोटोग्राफ का प्रतिस्थापन सबंधी कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया.उन्होंने सभी बीडीओ को अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ को निर्धारित लक्ष्य से अवगत कराते हुये शत प्रतिशत योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़वाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा ई विद्या वाहिनी एप से 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का उपलब्ध कराए गये 15008 को सबंधित विद्यालय प्रधान से विद्यालय में उपलब्ध नामांकन पंजी से उम्र सत्यापन कराकर उनका फ़ोटो प्राप्त करते हुये प्रपत्र 6 का ऑन लाइन इंट्री तीन दिनों के अंदर कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सुपरवाइजर को बीएलओ द्वारा किये गये कार्यो का गहन पर्यवेक्षण व समीक्षा करने, निर्वाचन कार्य मे लापरवाही बरतने व कार्य नही करने वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिये प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाता सूची में लिंगानुपात को राज्य के अनुपात 933 के बराबर लाने के लिये गहन अभियान चलाने, बीएलओ द्वारा घर घर जाकर खासकर महिलाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## बीडीओ ने टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**भडरा-लोहरदगा (प्रभात मत्र सवाददाता): प्रखड** विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड सभागार एक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर उप प्रमुख राम मुनी कुमारी,जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव,जिला यक्ष्मा विभाग से डीपीसी अनुराग कुमार एवं प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यशाला का आयोजन जिला यक्ष्मा विभाग एवं पीरामल स्वास्थ्य लोहरदगा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित लक्ष्य 2024 तक टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने की प्राप्ति हेतु लोगों को टीबी के बारे में में जागरूक करने एवं संभावित टीबी मरीजों की खोज में तेजी लाने की जरूरत है। पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि टीबी के प्रति अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को सहयोग करने व गांव समाज में वैसे व्यक्ति जिनमें दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खासी आ रहा हो, वजन घट रहा हो, बुखार आ रहा हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बलगम जांच हेतु भेजना सुनिश्चित करें। वहीं जिला यक्ष्मा विभाग के डीपीसी अनुराग कुमार ने एमडीआर टीबी के लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यक्ष्मा रोगी को पोषण योजना के तहत पांच सौ रुपया प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से सीधे मरीजों के खाते में भेजी जा रही है। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि संजय पांडेय भी मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 296
मंगलवार
31.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जब अपने खफा होने लग जाएँ तो, आप समझ लेना आप सही राह पर हैं !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### हाईवा ने दो मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, भाई-बहन की मौत

**हजारीबाग :** बड़कागांव रोड में स्थित फातहा ओदरना पुल के पास हाईवा ने दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें एक मोटरसाइकिल में सवार मिशनरी स्कूल के शिक्षक शिक्षिका की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। एक दूसरा मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह से जख्मी हो गया है जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों मृतक की पहचान चरही कासियाडीह निवासी शीलाअंजलि हेम्ब्रम और विजय हेम्ब्रम के रूप में हुई है।दोनों भाई-बहन थे और फतह के एक मिशनरी स्कूल में पढ़ते थे। शाम करीब 5:30 बजे मोटरसाइकिल से वह अपने गांव से बड़कागांव की ओर जा रहे थे इसी बीच एक त्रिवेणी सैनिक की ट्रांसपोर्टिंग कर रहे हाईवा अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिसमें दोनों घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बड़कागांव के बरवाडीह निवासी युगेशवर साव के रूप मे कि गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर घटना का सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने बड़का गांव मुख्य मार्ग को जाम कर दिया इसके बाद कटकमदाग पुलिस ने घटनास्थल में पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चार युवकों ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा पंचायत क्षेत्र में एक 27 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म किया गया है।रविवार की देर शाम महिला शौच करने के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी क्रम में वहां आए चार युवकों में से दो ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सोमवार को एमएमसीएच में महिला की मेडिकल जांच कराई गई। साथ ही न्यायालय में 164 के तहत ब्यान दर्ज कराया गया। चैनपुर पुलिस इस संबंध में कांड संख्या 279/ 23 दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। घटना के समय महिला का पति घर पर नहीं था। बाहर रहकर मजदूरी करने के कारण दूसरे प्रदेश में गया हुआ है। महिला के अनुसार घटना रात करीब 1:00 बजे की है। महिला शौच के लिए बाहर निकली थी। इसी क्रम में चार लड़के आए। इनमें एक उससे पूर्व परिचित था। दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर,जानकारी मिली है कि पूर्व परिचित युवक के साथ महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला शौच के बहाने युवक से मिलने गई थी। इसी क्रम में तीन अन्य युवक भी वहां पहुंच गए। चारों में एक प्रेमी और एक अन्य युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### गोड्डा व देवघर में आईटी ने कई जगहों पर मारा छापा

**रांची :** गोड्डा जिले के बड़े व्यवसायी मुकेश बजाज के घर पर आईटी की छापेमारी हुई है. सोमवार सुबह उनके आवास में केंद्रीय एजेंसी ने धमक दी. बता दें कि मुकेश बजाज गोड्डा के बड़े व्यवसायियों में गिने जाते हैं. व्यवसाय के साथ-साथ वो ठेकेदारी भी करते हैं. राजनीतिक दलों के बीच भी उनकी गहरी पैठ है. छापेमारी को लेकर जिले के बाईपास रोड में गोड्डा महिला कॉलेज के पास हलचल है. गोड्डा के कई बड़े व्यवसायी व ठेकेदार और राजनेता इडी और आईटी की रडार पर हैं. इस छापे से कई लोग सहमे से हैं, अभी छापेमारी को लेकर कोई कुछ नहीं बोल रहा है. उधर देवघर में भी तीन जगहों पर आईटी की छापेमारी हुई. शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी से मामला जुड़ा हुआ है.देवघर में सोमवार को सुबह की आईटी द्वारा पूर्व मेयर राज नारायण खवाड़े, झामुमो नेता उमाशंकर सिंह और मंजुला होटल के मालिक संजय मालवीय के यहां छापेमारी की गई. बता दें शराब घोटाला मामले में योगेंद्र तिवारी से लगातार पूछताछ जारी है. बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व पूछताछ के दौरान लिए गए नाम के आधार पर देवघर में तीन ठिकानों पर छापेमारी की गई है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

### राज्य के सबसे लंबे दुमका में मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित पुल का सीएम ने किया उद्घाटन

# विकास को मिलेगी नई दिशा : हेमंत

### सीएम ने 3 अरब 91 करोड 41 लाख रुपए की लागत से 11 सड़कों का उद्घाटन और 1 अरब 43 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से 12 सड़कों का किया शिलान्यास

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- मयूराक्षी नदी पर पुल से इलाके के बहुआयामी विकास का खुलेगा रास्ता
- जनमानस की भावनाओं को देखते हुए पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने की सरकारी प्रक्रिया जल्द होगी पूरी
- सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण होने जा रहा शुरू,आपको पूरे मान-सम्मान के साथ देंगे हक-अधिकार
- समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने का कर रहे काम
- अबुआ आवास योजना के माध्यम से बेघरों के अपने आशियाना होने का सपना करेंगे पूरा
- हम अपने अमर वीर शहीदों और आंदोलनकारियों का सम्मान करते आए हैं और करते रहेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सड़क और पुल विकास की अहम कड़ी होती है। इससे बहुआयामी विकास का रास्ता खुलता है।कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, उतना ही फायदा उसे इलाके के रहने वालों को होता है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दुमका जिले के कुमड़ाबाद में मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित राज्य के सबसे लंबे पुल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 3 अरब 91 करोड 41 लाख 83 हजार 896 रुपए की लागत से 11 सड़कों का उद्घाटन और 1 अरब 43 करोड़ 26 लाख 5 हजार 500 रुपए की लागत से 12 सड़कों का शिलान्यास किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि मयूराक्षी नदी पर बने इस पुल से विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इससे आवागमन सुलभ और आसान हो जाएगा। कई गांव का दुमका जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क होगा। लोगों को आने-जाने में समय की बचत होगी। शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इलाके का सामाजिक- आर्थिक उत्थान होगा और पर्यटन के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे मान-सम्मान के साथ देने के लिए सरकार संकल्पित है। इस कड़ी में एक बार फिर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार।कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होने जा रहा है।

### आप अपने बच्चे-बच्चियों को पढ़ाएं, खर्च सरकार देगी

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चे बच्चियों को अच्छे से पढ़ाएं। उनका भविष्य संवारें। पढ़ाई पर होने वाले खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार इस खर्च को वहन करेगी। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल , इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार आर्थिक मदद दे रही है। वहीं, विदेश में पढ़ाई के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी सावित्री योजना चलाई जा रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी और उसका लाभ लेने को कहा।

### कोई बुजुर्ग, विधवा, और दिव्यांग बिना पेंशन के नहीं रहेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार वचनबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इस योजना के तहत सभी बुजुर्ग, विधवा, परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन दिया रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि कोई भी योग्य पात्र इस योजना से वंचित न रहे।



### अपने अमर वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के योगदान को नहीं भूल सकते

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने अमर वीर-शहीदों और झारखंड आंदोलनकारियों को कभी भूल नहीं सकते हैं। उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। हम उनका सम्मान करते आए हैं और करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि यहां की जनता मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने की पक्षधर है। ऐसे में मयूराक्षी नदी पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने की सरकारी प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

### बेघरों का होगा अपना आशियाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोई परिवार बेघर नहीं रहेगा। सभी बेघरों के अपने आशियाना का सपना पूरा होगा। इसके लिए अबुआ आवास योजना की शुरुआत हो रही है। इस योजना के तहत आठ लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

### रोजगार और स्वरोजगार पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में सरकारी विभागों के खाली पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही है तो रोजगार मेला के जरिए हजारों युवाओं को निजी कंपनियों और संस्थानों में जॉब दिलाने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जो भी व्यक्ति स्वरोजगार करना चाहता है उसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से सरकार मदद कर रही है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री बादल, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन और सीता सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### पलामू में सीएम आज पांच हजार युवाओं को देंगे ऑफर लेटर

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 31 अक्टूबर को पलामू आयेंगे। मेदिनीनगर में बेरोजगार युवक-युवतियों को ऑफर लेटर देंगे। पलामू प्रमंडल अंतर्गत कौशल विकास के तहत चार हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर सौपेंगे। वहीं नियोजन विभाग के तहत 600 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जायेगा। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए उपायुक्त ने तैयारी के मद्देनजर कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा चियांकी हेलीपैड पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतू निर्देशित किया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने रूट लाइटिंग, सेफ हाउस, टैफिक मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट, वाहन पार्किंग, विधि व्यवस्था सहित अन्य विन्दुओं पर कई निर्देश दिए।आयोजन स्थल की सुरक्षा के लिए 3100 जवानों को लगाया गया है, जबकि चार डीएसपी और 150 सब इंस्पेक्टर तैनात किए गए हैं। इस आयोजन में लगभग 8 हजार लोग भाग लेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश ठाकुर, जोबा मांझी, सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख शामिल होंगे।मुख्यमंत्री मंगलवार सुबह 11.20 बजे दुमका हवाई अड्डा से पलामू के लिए उड़ान भरेंगे। 12.50 बजे चियांकी हवाई अड्डा पर उतरेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से 1.10 बजे कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचेंगे और लगभग दो घंटे तक कार्यक्रम में शामिल रहेंगे और तीन बजे के बाद रांची के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## गाजा पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर भारत की अनुपस्थिति का सोनिया गांधी ने किया विरोध



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी इजरायल-हमास युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र के हालिया प्रस्ताव पर मतदान के दौरान भारत के अनुपस्थित रहने का कड़ा विरोध करती है. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमास के हमलों की स्पष्ट रूप से निंदा की है तथा यह त्रासदी उस समय और बढ़ गई है जब इज़रायल उस आबादी से बदला लेने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो काफी हद तक असहाय होने के साथ-साथ निर्दोष भी हैं. उन्होंने.कहा कि उनकी पार्टी का लंबे समय से यह रुख रहा है कि इजरायल के साथ सह-अस्तित्व में एक संप्रभु, स्वतंत्र और सुरक्षित फलस्तीन राष्ट्र के लिए सीधी बातचीत हो. सोनिया गांधी ने कहा, मानवता अब इम्तिहान के दौर से गुजर रही है.उन्होंने कहा,इजरायल पर क्रूर हमलों से हम सामूहिक रूप से दुखी हुए थे. अब हम सभी इजरायल की असंगत और समान रूप से क्रूर प्रतिक्रिया से दुखी हो गए हैं. हमारी सामूहिक अंतरात्मा के जागने से पहले और कितनी जानें जाएंगी ? उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर, 2023 को हमास ने इज़रायल पर एक क्रूर हमला किया, जिसमें एक हजार से अधिक लोग मारे गए और 200 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया गया था. उन्होंने कहा कि जान गंवाने वालों में से ज्यादातर आम नागरिक थे. कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा,इजरायल के लिए अभूतपूर्व, अप्रत्याशित यह हमला विनाशकारी था. कांग्रेस का दृढ़ता से मानना है कि सभ्य दुनिया में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और अगले ही दिन हमने हमास के हमलों की स्पष्ट रूप से निंदा की. सोनिया गांधी ने कहा कि यह त्रासदी गाजा में और उसके आसपास इजराइली सेना के अंधाधुंध अभियानों के कारण और बढ़ गई है, जिसके चलते बड़ी संख्या में निर्दोष बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सहित हजारों लोगों की मौत हो गई है.

**सिंगुर-नैनो प्रोजेक्ट केस**

## टाटा मोटर्स को 766 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का बंगाल सरकार को आदेश




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** टाटा मोटर्स ने सिंगूर-नैनो प्रोजेक्ट केस में पश्चिम बंगाल सरकार से मुआवजे का केस जीत लिया है. टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा कि एक मध्यस्थता पैनल ने सिंगूर-नैनो प्रोजेक्ट केस में पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम से ब्याज समेत 766 करोड़ रुपये की वसूली के लिए उसके पक्ष में फैसला सुनाया है.टाटा कंपनी ने पश्चिम बंगाल के सिंगूर में ऑटोमोबाइल विनिर्माण सुविधा के संबंध में पूंजी निवेश के नुकसान के कारण निगम से मुआवजे का दावा किया था.औद्योगिक विकास निगम पश्चिम बंगाल के उद्योग, वाणिज्य और उद्यम विभाग की प्रमुख नोडल एजेंसी है.कंपनी को इसके साथ ही कार्यवाही की लागत के लिए 1 करोड़ रुपये भी वसूल करेगी. बयान में कहा गया है कि फैसले के बाद आर्बिट्रल प्रोसिडिंग्स यानी मध्यस्थता की कार्यवाही खत्म हो गई है. दरअसल,18 मई, 2006 को टाटा ग्रुप के अध्यक्ष रतन टाटा ने पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य और तत्कालीन वाणिज्य राज्य मंत्री निरुपम सेन के साथ एक बैठक बाद सिंगूर में टाटा मोटर की छोटी कार प्रोजेक्ट लगाने की घोषणा की थी. इसके बाद प्रोजेक्ट के लिए जरूरी 1 हजार एकड़ जमीन की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुई. इस मामले में 2006 में 27 मई और 4 जुलाई के बीच हुगली जिला प्रशासन द्वारा तीन बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई. तृणमूल कांग्रेस ने इन बैठकों का बहिष्कार किया. पुलिस द्वारा 30 नवंबर, 2006 को ममता बनर्जी को सिंगूर जाने से रोकने के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा में बड़ा हंगामा हुआ. तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा में तोड़फोड़ की. इनमें वर्तमान में कई कैबिनेट मंत्री भी हैं. विपक्ष के नेता के रूप में ममता बनर्जी ने 3 दिसंबर 2006 से कोलकाता के दिल एस्प्लेनेड में सिंगूर प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आमरण अनशन शुरू किया.


## आंध्र प्रदेश ट्रेन दुर्घटना: मृतकों की संख्या 13 हुई, 50 घायल



**एजेंसी**

**विजयनगरम.** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में हावड़ा-चेन्नई लाइन पर रविवार को हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है, जबकि 50 लोग घायल हुए हैं. पुलिस अधीक्षक एम दीपिका ने सोमवार को यह जानकारी दी. इस भीषण हादसे के बाद 18 ट्रेनें रद्द कर दी गई और 22 ट्रेनों का रास्ता बदल दिया गया. ईस्ट कोस्ट रेलवे के सीपीआरओ बिस्वजीत साहू ने इसकी जानकारी दी. विजयनगरम जिले में ट्रेन दुर्घटना के बाद नौ ट्रेनों को विजयवाड़ा-नागपुर-रायपुर-झारसुगुड़ा-खड़गपुर के रास्ते डायवर्ट किया गया. पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीआर) के अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम सात बजे के आसपास विशाखापत्तनम से लगभग 40 किलोमीटर दूर कांतपल्ले में पलासा पैसेंजर ट्रेन ने रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसके तीन डिब्बे पटरी से उतर गए.विजयनगरम की कलेक्टर एस नागलक्ष्मी से मिली जानकारी के अनुसार रेल हादसे में कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं. घायलों को विशाखापत्तनम और विजयनगरम के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों को राज्य के मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया. ईसीआर ने हादसे से जुड़ी जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन कायम की है.

## अमृत कलश यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे प्रधानमंत्री



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अक्टूबर 2023 को शाम 5 बजे कर्तव्य पथ पर 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' की अमृत कलश यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह का प्रतीक होगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का उद्घाटन करेंगे। वह देशभर से इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले हजारों अमृत कलश यात्रियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत (माई भारत) प्लेटफॉर्म का शुभारंभ भी करेंगे।

- **देशभर से शामिल होने वाले हजारों अमृत कलश यात्रियों को संबोधित करेंगे पीएम**
- **प्रधानमंत्री युवाओं के लिए मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करेंगे**

**एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से प्रतिध्वनित हुआ कर्तव्य पथ :** मेरी माटी मेरा देश के समापन कार्यक्रम में देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से जीवंत भागीदारी देखी गई, जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना का प्रतीक है। देश के 766 जिलों के 7000 प्रखंडों से 25,000 से अधिक अमृत कलश यात्रियों ने देशभक्ति के गीतों और खूबसूरती से कोरियोग्राफ की गई सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ कर्तव्य पथ/विजय चौक पर मार्च किया। प्रत्येक राज्य और केन्द्र-शासित प्रदेश के प्रतिनिधियों ने अपने राज्य/केन्द्र-शासित प्रदेश के अमृत कलश से मिट्टी और चावल को एक विशाल अमृत कलश में डाला, जो हमारे महान राष्ट्र की बहुलता में एकता का प्रतीक है।

**भारत के छह लाख गांवों में अमृत कलश यात्राएं आयोजित की गई : अनुराग ठाकुर :** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर अमृत कलश यात्रा के उत्सव में सम्मिलित हुए और मेरी माटी मेरा देश के अमृत कलश में मिट्टी समर्पित की। इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान देश ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया और इसके अंतर्गत आयोजित लाखों कार्यक्रमों में करोड़ों लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ÷मेरी माटी मेरा देश÷ कार्यक्रम में जन-जन की भागीदारी का आह्वान किया और भारत के छह लाख गांवों में अमृत कलश यात्राएं आयोजित की गईं। ठाकुर ने कहा कि इस दौरान देश के विभिन्न कोनों से मिट्टी एकत्र की गई। उन्होंने आगे कहा कि नई दिल्ली में कर्तव्यपथ पर उमड़ा जनसैलाब अपनी माटी और शहीदों को नमन करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का युवा एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को मजबूत कर रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि देश के युवा अपनी मिट्टी से जुड़े रहने और भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प ले रहे हैं।

**मेरी माटी मेरा देश अभियान वीरों व वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि है:** मेरी माटी मेरा देश अभियान उन वीरों और वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि है। जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। जन भागीदारी की भावना के अंतर्गत इस अभियान में देश भर में पंचायत,गांव, ब्लॉक, शहरी स्थानीय निकाय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कई गतिविधियां और समारोह शामिल है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को बेल देने से किया इनकार

**दिल्ली (एजेंसी):** शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है.कोर्ट ने सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया. जमानत अर्जी पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने यह फैसला सुनाया. सुप्रीम कोर्ट ने माना कि जांच एजेंसी 338 करोड़ के लेनदेन की बात अस्थायी रूप से साबित कर पाई है.



# पिपरवार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में सोमवार से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें जीएम सीबी सहाय ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को सत्यनिष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई। उन्होंने पारदर्शिता और जिम्मेवारी के साथ काम करने,नियमों का अनुपालन करने,नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई।इस संबंध में जीएम सीबी सहाय ने बताया कि सीसीएल मे प्रत्येक साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है।

जिसके माध्यम से कंपनी के सभी लोगों को ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वाहन करने के प्रति जागरूक किया जाता है।उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए पावर प्लांट तक कोयला आपूर्ति अति आवश्यक है।पिपरवार के अधिकारी और कर्मचारी दिन रात मेहनत कर पावर प्लांट को कोयला आपूर्ति नियमित रूप से करती आ रही है।

आने वाले समय में पिपरवार एरिया को मिले उत्पादन लक्ष्य को सभी के सहयोग से मिलकर ईमानदारी पूर्वक काम कर पूरा किया जाएगा।सभी अधिकारियों व कर्मियों को उन्होंने बेहतर कार्य कर अपने क्षेत्र और कम्पनी का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर जीएम सीबी अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा,स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक एके पाठक,सकील अख्तर, इंद्रजीत सिंह,मुकेश तोसांग, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा,ज्योति कुशवाहा,ईमाम उल हक, जगदीश मंडल,बिरेन्द्र महतो सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इधर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के मौके पर पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय से सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जीएम सीबी सहाय सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर इस रथ को ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया।अधिकारियों ने बताया कि यह जागरूकता रथ क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर लोगों को सतर्कता के प्रति जागरूक करने का काम करेगा।



## डालसा के द्वारा विधिक सेवा की जानकारी दी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा रांची के द्वारा निर्धारित सौ दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत खलारी बाजारटाड़ स्थित साप्ताहिक बाजार में पहुंचे कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. साप्ताहिक हाट में आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुँचें लोगों को विधिक जानकारी प्रदान की गई.ग्रामीण क्षेत्रों के करकट्टा,हुटाप मायापुर के डी शांतिनगर नावाडीह के लोग उपस्थित थे जिन्हें निः शुल्क अधिवक्ता का लाभ ,एकल माता पिता के बच्चों के लिए चलाई जा रही विशेष योजना स्पंसरशिप का लाभ मिलने,



दुर्घटना में जान गवांने वाले लोगों के परिवार को दुर्गघटना मुआवजा की राशि का लाभ दिलाने,आपसी विवाद पर निःशुल्क मध्यक्षता करा कर विवाद का निपटारा कराने से संबंधी जानकारीयाँ दी गई. ग्रामीण क्षेत्रो में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानूनी एवम अपने अधिकारों को जानना है तथा सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके इस मध्य से हमेशा डालसा राँची के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है. इस जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीएलबी रंजना गिरी,सत्यपाल शर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहें.

# पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी के द्वारा किया गया दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर में दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का उद्घाटन सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने किया। इस दौरान लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत व भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, हटिया विधानसभा विधायक नवीन जयसवाल, नेपाल के सांसद सूर्यदेव दास उरांव उपस्थित रहे। इस दौरान मंच में पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल को सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान बाबुलाल मरांडी ने जतरा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला



बहुत ही मीठा व प्रिय शब्द है। मेले में मिठास होती है, यह मिलने-जुलने, मनोरंजन व सामान की खरीद फरोख्त का माध्यम होता है। मेला में नृत्य-संगीत क्षेत्र की परंपरा व संस्कृति की पहचान होती है। इस ऐतिहासिक जतरा में झारखंड के बाहर से भी स्टॉल लगानेवाले व्यापारी आते हैं। जतरा स्थल में मनोरंजन के खूब साधन मौजूद है। यहां पर बंगाल से आए मछली फसाने के जाल की दुकान काफी संख्या में मौजूद है। वही लोहे के पारंपरिक हथियार वाले दुकानों की भी भीड़ काफी है। कंबल के बड़े बड़े दुकान भी मौजूद हैं। खेल तमाशा, मौत का कुआं, डांसिंग झूला समेत मनोरंजन के बहुत सारे साधन उपलब्ध है। वहीं जगह-जगह मेला की मिठाई कहे जाने वाले गन्ना (केतारी) की दुकान भी काफी तादाद में है। इस बार लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी देते हुए धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि विधिवत रूप से आज सोमवार को दो दिवसीय मुड़मा जतरा का शुरुआत किया गया। कल मंगलवार को समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर जिला परिषद एतवारी उरांव, जगराम उरांव, अनिल उरांव, जतरू उरांव, मुड़मा पंचायत के मुखिया बंधन उरांव, शिव उरांव व बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, नेपाल से आये हुए पाहान सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

**क्या है मुडमा जतरा का इतिहास :** बताया जाता है कि यह मेला लगभग 1400 वर्ष पुराना है। ऐसी मान्यता है कि रोहतासगढ़ से जब उरांव जनजाति आयी थी, तब उनके साथ मुंडा जनजाति समुदाय का सांस्कृतिक समझौता इसी स्थल पर हुआ था। इनके बीच क्षेत्र का विभाजन भी यहीं हुआ था। तभी से इस सांस्कृतिक समझौते की याद में मुड़मा मेला का आयोजन किया जा रहा है।

## ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी ईम्पलाइ काउंसिल ने प्रबधंन को सौंपा मांग पत्र



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इम्पलाई को-आर्डीनेशन काउंसिल पिपरवार क्षेत्र के द्वारा सोमवार को स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबधंन को 30 सूत्री मांग पत्र सौंपा।काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में काउंसिल के सदस्यों ने पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय को 30 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।इस दौरान प्रबधंन से जल्द बैठक कर मांग पत्र पर चर्चा एवं समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई।इससे पूर्व काउंसिल के सदस्यो ने बुके देकर पिपरवार जीएम को बधाई दी गई।मांग पत्र मे प्रमुख मांगो मे पिपरवार क्षेत्र में काउंसिल का एक कार्यालय उपलब्ध कराने, एसीसी, पीसीसी, वेलफेयर, सेफ्टी, हाउसिंग, सीएसआर एवं अन्य समितियां में बिना भेदभाव किए काउंसिल के सदस्यों को शामिल करने,प्रमोशन, क्वाटर,सुरक्षा,क्वाटर मरम्मत,शुध्द पेयजल,रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने,कोयला खदानों में सुरक्षा नियमों को पुख्ता से लागू करने,पिपरवार ओसीपी के कामगारों को अशोक परियोजना में जल्द विलय करने,पिपरवार में आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना करने सहित कुल 30 सूत्री मांग पत्र शामिल है।

## आरसीएमयू अध्यक्ष मुन्ना के पुत्र वारिश को मिला कराटे कोच की उपाधि

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना के पुत्र मो. वारिश को कराटे खेल मे कराटे कोच की उपाधि मिली है।जमशेदपूर मे संपन्न हुए झारखंड स्टेट कराटे एसोसिएशन के समारोह मे जमशेदपुर के एसएसपी कौशल किशोर सहित झारखंड स्टेट कराटे एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने प्रमाण पत्र के साथ अंग वस्त्र देकर वारिश को सम्मानित किया है।इधर मोहम्मद वारिस को कराटे कोच की उपाधि मिलने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।बधाई देने वालों में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,जिप सदस्य नेहा उरांव,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, बहेरा मुखिया रेखा कुमारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आलोक दुबे,महासचिव अब्दुल कुदूस, विद्यापति सिंह,विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता,बिजय लाल,इरफान आलम,क्युम अंसारी,मो. अली,कूदूस खान सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर बचरा उत्तरी व दक्षिणी पंचायत में आमसभा का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर बचरा उतरी एवं बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में आमसभा का आयोजन किया गया।जानकारी के अनुसार बचरा उतरी पंचायत सचिवालय में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को अपने अधिकार के प्रति जागरुक करते हुए पत्र आचार्य का रूप रेखा बताया गया।किसी भी कार्य के गुणवत्ता और समय सीमा से संबंधित शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गई।मौके पर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के मैनेजर माईनिंग विमल कुमार, पिपरवार क्षेत्र के स्टॉक ऑफिसर माइनिगं शकील अख्तर,कार्मिक प्रबंधक रवि बाडा सहित वार्ड सदस्य अशोक कुमार,पिंकी सिंह, रवि भारद्वाज, विजय कुमार महतो,खुशबू देवी,अवंती देवी,मुकेश कुमार,अजय कुमार,शीला देवी,गीता देवी, मीना देवी,रीता देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इधर दूसरी और सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में भी आमसभा का आयोजन कराया गया।मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस आम सभा में सभी लोगों को सतर्कता के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई गई,साथ ही कई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।इस मौके पर कई सीसीएल अधिकारी,पंचायत प्रतिनिधि,स्थानीय ग्रामीण सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## चतरा पंचायत में वोटर कार्ड बनाया जा रहा

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा पंचायत के समस्त ग्रामीणों को सूचित किया जाता हैं कि जिनका आयु 18 वर्ष हो गया हैं और जो अभी तक अपना वोटर कार्ड नहीं बना पाए हैं । तथा जो वोटर कार्ड में सुधार कराना चाहते हैं, वे अपना बुथ में जाकर अपना वोटर कार्ड अवश्य बना लें । चतरा पंचायत के सभी बी एल ओ इस काम में लगे हुए हैं । इसकी जानकारी चतरा मुखिया डॉली मुंडा ने प्रेस को दी।

## काली पूजा को लेकर छोटामुरी में बैठक संपन्न

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत छोटा मुरी में रविवार के दिन तरुण संघ काली पूजा कमेटी की ओर से क्लब नंबर 17 के प्रांगण में काली पूजा संपन्न कराने हेतु अरविंद पाल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसका संचालन आनंद महतो ने किया। कमेटी के लोगों ने पूजा धूमधाम तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए अपने-अपने विचार को रखें। वर्ष 2022 का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सर्व सहमति से पुनः कमेटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक हेमंत पाल, अध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव सोनू सिंह, उपसचिव सोनू प्रसाद, कोषाध्यक्ष जितेंद्र महतो, उपकोषाध्यक्ष लखन प्रसाद, संगठन सचिव सुनील प्रसाद को चुना गया।

**समाहरणालय, गढ़वा (परिवहन शाखा)**

पत्रांक–499 दिनांक–30.10.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

राज्य सरकार की सेवा में समायोजित बिहार राज्य पथ परिवहन निगम कर्मियों का माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, रॉची मे दायर वाद के आलोक में पेंशन का निर्धारण किया जाना है। समायोजित निगम कर्मियों द्वारा संबंधित वांछित कागजात प्रस्तुत नहीं करने के कारण पेंशन निर्धारण/निष्पादन संबंधित अग्रेतर कार्रवाई करने में कठिनाई हो रही है।

अतः सूची में अंकित समायोजित निगम कर्मियों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अंदर अपना एवं अपने आश्रित का आधार कार्ड, संयुक्त फोटो एवं अन्य दस्तावेज/कागजात अपने पदस्थापन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे की पेंशन निर्धारण संबंधित कार्यो का निश्पादन किया जा सके।

| क्र0 सं0 | समायोजित कर्मी का नाम | पदस्थापन कार्यालय | पदनाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राम कृष्णा सिन्हा | जिला परिवहन कार्यालय, गढवा | निम्न वर्गीय लिपिक | |
| 2 | कालीचरण प्रसाद | अनुमण्डल कार्यालय, श्रीबंशीधर नगर | अनुसेवक | |
| 3 | रविन्द्र कुमार सिंन्हा | उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, गढ़वा | अनुसेवक | |
| 4 | मेघनाथ पाण्डेय | जिला उपभोक्ता फोरम, गढ़वा | अनुसेवक | |
| 5 | शैलेन्द्र कुमार सिन्हा | प्रखण्ड गढ़वा | अनुसेवक | |
| 6 | कृष्णा महतो | प्रखण्ड गढ़वा | | |
| 7 | चन्देश्वर यादव | प्रखण्ड गढ़वा | | |
| 8 | अरूण कुमार | प्रखण्ड गढ़वा | | |
| 9 | अर्जून चौधरी | प्रखण्ड मेराल | अनुसेवक | |
| 10 | मिश्वा आलम | प्रखण्ड मेराल | | |
| 11 | हबीबुल्लाह अंसारी | प्रखण्ड मेराल | | |
| 12 | जावेद अख्तर | प्रखण्ड मेराल | | |
| 13 | राम विलास प्रसाद | प्रखण्ड भंडरिया | अनुसेवक | |
| 14 | ताहिर खान | प्रखण्ड रंका | अनुसेवक | |
| 15 | मो0 वली आलम | प्रखण्ड रंका | | |
| 16 | स्व0 लक्षमण प्रसाद | प्रखण्ड रंका | | |
| 17 | इन्द्रदेव नारायण सिंह | प्रखण्ड धुरकी | अनुसेवक | |
| 18 | जुगजीत सिह | प्रखण्ड धुरकी | | |
| 19 | मनु प्रसाद | प्रखण्ड धुरकी | | |
| 20 | सुरेश प्रसाद मण्डल | प्रखण्ड नगरउंटारी | अनुसेवक | |
| 21 | शशि कुमार राय | प्रखण्ड नगरउंटारी | | |
| 22 | वरूनेन्द्र पाण्डेय | प्रखण्ड नगरउंटारी | | |
| 23 | शिव कुमार विश्वकर्मा | प्रखण्ड नगरउंटारी | | |
| 24 | मो0 अब्दुल खलीफ | प्रखण्ड भवनाथपुर | अनुसेवक | |
| 25 | मान सिंह | प्रखण्ड मझिऑव | अनुसेवक | |
| 26 | निर्मल कुमार | प्रखण्ड डंडई | अनुसेवक | |
| 27 | अशोक कुमार सिंह | प्रखण्ड रमकण्डा | अनुसेवक | |
| 28 | शशिभूषण कुमार | प्रखण्ड खरौंधी | अनुसेवक | |
| 29 | काशीनाथ तिवारी | प्रखण्ड चिनियां | अनुसेवक | |
| 30 | लाल बाबू | प्रखण्ड चिनियां | | |
| 31 | भारत भूषण मिश्रा | प्रखण्ड रमना | अनुसेवक | |
| 32 | गौरी शंकर प्रसाद | प्रखण्ड विशुनपुरा | अनुसेवक | |
| 33 | पारस नाथ सिंह | प्रखण्ड केतार | अनुसेवक | |
| 34 | मो0 अमानुदीन | प्रखण्ड केतार | | |
| 35 | कपिलदवे पाण्डेय | प्रखण्ड डंडा | अनुसेवक | |
| 36 | गणेश साव | प्रखण्ड सगमा | अनुसेवक | |
| 37 | मो0 अफताब आलम | प्रखण्ड काण्डी | अनुसेवक | |
| 38 | अरविन्द्र कुमार | प्रखण्ड काण्डी | | |
| 39 | शिवदीप प्रसाद सिन्हा | अंचल गढ़वा | अनुसेवक | |
| 40 | अनिल कुमार शर्मा | अंचल गढ़वा | | |
| 41 | महेन्द्र तिवारी | अंचल गढ़वा | | |
| 42 | रियासत हुसैन | अंचल मेराल | अनुसेवक | |
| 43 | मो0 कयास अहमद | अंचल भंडरिया | अनुसेवक | |
| 44 | नेहला खा | अंचल भंडरिया | | |
| 45 | चन्द्रशेखर राय | अंचल रंका | अनुसेवक | |
| 46 | सुरेश कुमार सिंह | अंचल रंका | | |
| 47 | शंकर प्रसाद चौधरी | अंचल धुरकी | अनुसेवक | |
| 48 | बिरेन्द्र नाथ चौबे | अंचल धुरकी | | |
| 49 | विश्वजीत मुर्मू | अंचल धुरकी | | |
| 50 | इरफान अख्तर | अंचल नगरउंटारी | अनुसेवक | |
| 51 | शिवनाथ पाण्डेय | अंचल भवनाथपुर | अनुसेवक | |
| 52 | राम सागर चौरसिया | अंचल भवनाथपुर | | |
| 53 | अशोक कुमार चौधरी | अंचल मझिऑव | अनुसेवक | |
| 54 | देवानन्द शर्मा | अंचल मझिऑव | | |
| 55 | ताराकान्त ठाकुर | अंचल मझिऑव | | |
| 56 | लालबहादुर सिंह | अंचल खरौंधी | अनुसेवक | |
| 57 | शंकर दास | अंचल चिनियां | अनुसेवक | |
| 58 | खलील अहमद | अंचल बरडीहा | अनुसेवक | |
| 59 | अनिल कुमार झा | अंचल बरडीहा | | |
| 60 | रामचन्द्र सिंह | अंचल विशुनपुरा | अनुसेवक | |
| 61 | मनोज कुमार झा | अंचल विशुनपुरा | | |
| 62 | रामाश्रय प्रसाद | अंचल केतार | अनुसेवक | |
| 63 | भवगान शर्मा | अंचल डंडा | अनुसेवक | |

निर्धारित समय सीमा के अंदर पेंशन निर्धारण से संबंधित कागजात कार्योलय में जमा नहीं करने की स्थिति में पेंशन निर्धारण में विलम्ब होने अथवा पेंशन निर्धारण नहीं किए जाने की सारी जवाबदेही आपकी होगी। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा के मोबाईल/ /Whatsapp न0 8757794521 पर संपर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.310200 Transport(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–26/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.11.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.11.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.11.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of A type Quarter No-10/12 (B-Block) at Hinoo, Ranchi | 294150.00 | 5900.00 | 750.00 | Two Months |
| 2 | Renovation of Main Building in Officer's Flat No.-2 (Old) at Dindayal Nagar, Booty Road Ranchi | 1543200.00 | 30900.00 | 5000.00 | Three Months |
| 3 | Renovation of Quarter No-A-2 at Kusai Colony, Doranda Ranchi | 2472000.00 | 49500.00 | 5000.00 | Three Months |
| 4 | Renovation of ADJ Quarter No-31 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 561500.00 | 11300.00 | 1250.00 | Two Months |
| 5 | Renovation of C type Quarter No-199/33 at Hinoo Ranchi | 416350.00 | 8400.00 | 750.00 | Two Months |
| 6 | Renovation of B type No-B.C.D. 40, 42 & 43 (3 Unit, 1 Block with Exterior work) 51 Set at Harmu Ranchi | 1812100.00 | 36300.00 | 5000.00 | Three Months |
| 7 | Renovation of ADJ Quarter No-29 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 1448850.00 | 29000.00 | 2500.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of C type Permanent Quarter No.-9/16 at Line Tank Road, Ranchi | 634279.00 | 12700.00 | 1250.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of B type Quarter No.-16/24 at New Police Line, Kanke Road Ranchi | 389379.00 | 7800.00 | 750.00 | Two Months |
| 10 | Renovation of Main Building in JE Quarter No.-1/3 Near TV Tower at Ratu Road Ranchi | 653748.00 | 13100.00 | 1250.00 | Two Months |
| 11 | Renovation of B type Quarter No.-09 (One Unit) and Stair (Rajbhawan Pool) at Booty Road, Ranchi | 330421.00 | 6700.00 | 750.00 | Two Months |
| 12 | Renovation of A type Quarter No.-05 and 06 (2 Units) at Audrey House (Near Hospital), Rajbhawan Pool, Ranchi | 487272.00 | 9800.00 | 750.00 | Two Months |
| 13 | Renovation of B type Quarter No.-39 at Near Seth Sita Ram School, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 280750.00 | 5700.00 | 750.00 | 45 Days |
| 14 | Renovation of Main Building of 5 Set Quarter No.-5 (Occupied by Shashi Ranjan, IAS) at Mayer's Road, Ranchi | 2911400.00 | 58300.00 | 5000.00 | Three Months |
| 15 | Renovation of Labour Commissioner Chamber, PS Chamber, Conference Hall & General Toilet in Shram Niyojnalaya Building, First Floor at Doranda, Ranchi | 1295800.00 | 26000.00 | 2500.00 | Three Months |
| 16 | Renovation of C type Quarter No.-203 (Block D) at Ratu Road, Ranchi | 525100.00 | 10600.00 | 1250.00 | Two Monhts |
| 17 | Renovation of Judges Quarter No.-01 (Under the Occupation of Hon'ble Mr. Justice Rajesh Kumar) with Repairing of Roof, Anti Termite work, Painting work and Other Miscellaneous work at Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 4849500.00 | 97000.00 | 5000.00 | Three Months |
| 18 | Renovation of B type Quarter No.-2/9 at Argora Ranchi | 369396.00 | 7400.00 | 750.00 | Two Months |
| 19 | Renovation of C type Quarter No.-103 (Block A) at Ratu Road, Ranchi | 527750.00 | 10600.00 | 1250.00 | Two Months |
| 20 | Renovation with Changing of Damaged Shutters and their fittings, Provision of Cupboard, Swing Shed (2 Nos) with other Miscellaneous work at Judge Bungalow No.-02 (Under the Occupation of Hon'ble Justice Mr. Anil Kumar Choudhary) Near St Xavier School, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 4655775.00 | 93200.00 | 5000.00 | Three Months |
| 21 | Renovation of B type Quarter No.-07/24 at New Police Line, Kanke Road Ranchi | 389301.00 | 7800.00 | 750.00 | Two Months |
| 22 | Renovation of C type Quarter No.-302 (Block B) at Ratu Road, Ranchi | 520700.00 | 10500.00 | 1250.00 | Two Months |
| 23 | Renovation of B type Quarter No-56/56 set at Doranda Ranchi | 392000.00 | 7900.00 | 750.00 | 45 Days |
| 24 | Construction of Residential Office and Additional Room in Premises of Senior Officer's Quarter No.-01 (Occupied by Mr. Manish Ranjan, I.A.S) at Jail Chowk, Ranchi (Re-Tender) | 4896200.00 | 98000.00 | 5000.00 | Three Months |
| 25 | Renovation of "D" type Officer's Flat Quarter No.-12/18, 18 Set at Doranda, Ranchi for the Year 2023-24 | 1118100.00 | 22400.00 | 2500.00 | Two Months |
| 26 | Renovation of Govt. Gazatted Quarter No.-A-3/13, 13 Set Near Doranda Bazar at Doradna, Ranchi for the Year 2023-24 | 490450.00 | 9900.00 | 750.00 | 45 Days |
| 27 | Renovation of B type Quarter No.-B 25 & B26, 30 Set at Rajendra Chowk, Doranda Ranchi (High Court Pool) | 674650.00 | 13500.00 | 1250.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 310204 Building(23-24)D

## एसबीआई कार्ड के ग्राहक उठा सकते हैं कैशबैक का लाभ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव सीजन 2023 के तहत देश भर में अपने सभी कार्डधारकों के लिए कई रोमांचक ऑफर की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद, अब लाखों एसबीआई कार्ड ग्राहक लगभग 2200 मर्चेंट फंडेड और कैशबैक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं, जिसके तहत टियर 2 और टियर 3 सहित प्रमुख शहरों में ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट से खरीदारी करने पर कैशबैक का ऑफर दिया जा रहा है। इस ऑफर के दायरे में उपभोक्ता सामान, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, आभूषण और किराना सहित सभी लोकप्रिय कैटेगरी को शामिल किया गया है।इस मौके पर एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा कि ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले ब्रांड के नाते, हमने हमेशा अपने ग्राहकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया है। एसबीआई कार्ड फेस्टिव ऑफर 2023, सही मायने में इस दिशा में हमारे ईमानदार प्रयास की एक बेहतरीन मिसाल है।

## कमलपुर पुलिस ने फाइन वारंटी को किया गिरफ्तार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ इंडिया पटमदा शाखा से पोल्ट्री फार्म के नाम पर 2 लाख रुपए का लोन लेकर गबन करने के मामले में कमलपुर थाना क्षेत्र के उड़िया-चिरुडीह निवासी फाइन वारंटी प्यारी सिंह को पुलिस ने रविवार को गेरुवाला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। उसे सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बैंक ऑफ इंडिया पटमदा शाखा की ओर से पिछले साल सर्टिफिकेट केस दर्ज कराई गई थी। मामला 4 साल पुराना है जिसमें सूद समेत 2 लाख 36 रुपए बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के मामले में वारंट जारी हुआ था। उसने पोल्ट्री फार्म के नाम पर लोन लेकर फार्म भी नहीं खोला था।

## लावा में काली पूजा के मौके पर मुफ्त में कोलकाता की बांग्ला यात्रा दिखाएगी समिति

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा समिति लावा की बैठक रविवार को त्रिपुरा सिंह की अध्यक्षता में लावा काली मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से दीपक गोराई को अध्यक्ष, सुकेन कुंभकार को सचिव एवं तरुण गोराई को कोषाध्यक्ष चुन लिया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में लक्ष्मण सिंह, रोहित सिंह व अमित सिंह समेत युवा कमेटी के सभी सदस्यों को शामिल किया गया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने कहा कि बुजुर्ग सदस्यों के मार्गदर्शन में युवाओं द्वारा अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी काली पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। 16 नवंबर को कोलकाता के प्रसिद्ध यात्रा कलाकारों द्वारा ऐ अभिशप्त रात का मंचन किया जाएगा जो काली पूजा समिति की ओर से मुफ्त में दिखाई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से संतोष कुमार सिंह, हृदय कुंभकार, तपन गोराई, मनोहर सिंह, दामोदर सिंह, श्रीपति कुंभकार, भाग्य कुंभकार, अजीत कुंभकार, प्रदीप बेसरा, संजीत कुंभकार, राजू सिंह एवं कृष्णपद कुंभकार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।



## समावेशी शिक्षा के तहत आयोजित कार्यक्रम में लर्निंग डिसेबिलिटी बच्चे चिन्हित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत अधिगम अक्षम (लर्निंग डिसेबिलिटी) वाले बच्चों की पहचान के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जगन्नाथपुर एवं उत्क्रमित मवि पदमपुर में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। इस मौके पर रिसोर्स शिक्षिका सीमा कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लर्निंग डिसेबिलिटी वाले बच्चों की पहचान पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। बताया कि कुछ बच्चों में लिखने, गणितीय समस्या और अक्षरों को पहचानने की समस्या हो तो उनमें अधिगम अक्षमता के लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए हमें सेकेट्रिस्ट की मदद लेना चाहिए। इस मौके पर कई बच्चे चिन्हित किए गए। इस मौके पर विद्यालय की प्रधान शिक्षिका सुदीप्ता पाल, जोबा मंडल, सहायक अध्यापक पूनम ज्योति गुड़िया, दिनेश उपाध्याय, रिसोर्स शिक्षिका समेत कई बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## गम्हरिया में विजया मिलन समारोह का आयोजन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन की ओर से महासचिव विश्वनाथ घोष की अध्यक्षता में गम्हरिया स्थित बजरंग टावर स्थित कार्यालय में विजया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर विजया दशमी की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विश्वनाथ घोष, जयंत कुमार बोस, शांति मुखर्जी, सविता बक्शी, पलाश हाजरा, चिन्मय पात्रो, मनोजीत मल्लिक, रंजन डे, जय चक्रवर्ती, तपन मजूमदार आदि उपस्थित थे।

# ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर बिसरा स्टेशन में ग्रामीणों का चक्का जाम, यात्री परेशान

## रेल प्रशासन से वार्ता के बाद परिचालन शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर रेलमंडल के हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर बिसरा स्टेशन पर ग्रामीणों ने सोमवार सुबह 6ः45 से रेल चक्का जाम कर दिया। रेल चक्का जाम नौ घंटे तक जारी रहा। दोपहर 3ः30 बजे रेल अधिकारियों से वार्ता के बाद खत्म हुआ। नौ घंटे के बाद पुनः हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर रेल परिचालन शुरू किया गया। बिसरा स्टेशन पर कोरोना काल से बंद एक्सप्रेस, पैसेंजर यात्री ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेल चक्का जाम कर किया गया। ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। नेतृत्वकर्ताओं से रेल प्रशासन के अधिकारियों की वार्ता हुई। रेल अधिकारियों ने मांग को गंभीरता से लिया है। अधिकारियों ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए डेढ़ माह का समय लिया है।इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने रेल चक्का जाम धरना-प्रदर्शन खत्म कर दिया। रेल चक्का जाम करने वाले नेतृत्वकर्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो पुनः रेल चक्का जाम किया जाएगा। इसके बाद साउथ इस्टर्न रेल जोन रूट में रेल यातायात परिचालन पुनः शुरू किया गया. रेल चक्का जाम खत्म होने के बावजूद विधिव्यवस्था को लेकर रेल सुरक्षा बल के जवान वहां मौजूद हैं। रेल चक्का जाम के कारण रेलवे को कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट करना पड़ा और कई को शॉर्ट टर्मिनेट करना पड़ा।

## यादव समन्वय समिति की बैठक में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** यादव समन्वय समिति कोल्हान की एक बैठक बिस्टूपुर स्थित राजस्थान भवन जमशेदपुर में संपन्न हुई। बैठक में पूरे कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक के माध्यम से समिति ने कोल्हान में रहने वाले समस्त यदुवंशी समाज के लोगों से संगठित होकर अपने हक़ के लिए संघर्ष करने का आहवान किया। इस मौके पर समिति की ओर से बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक मानदंडों पर जातीय सर्वे कराकर संख्या के अनुसार सभी वर्गों को शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस मौके पर आगामी यदुवंशी सम्मेलन के भव्य आयोजन हेतु विस्तृत चर्चा की गई और इसके सफल आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार की गई। उक्त सम्मेलन के दौरान देश भर में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए कोल्हान में रहने वाले सभी अभ्यर्थियों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समाज के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने का फैसला लिया गया। इस मौके पर देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार ने समिति की क्रियाकलापों से सभी लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर चेयरमैन शिक्षाविद सुधांश आनंद ने समिति के कार्यों को और गति प्रदान करने हेतु आधुनिक तकनीक अपनाने पर बल दिया और इसके लिए पदाधिकारियों की एक कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया।

## जिला मलेरिया पदाधिकारी ने सीएचसी नीमडीह का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ चंद्रवती बोयपाय ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह का निरीक्षण किया एवं स्वस्थ कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक भी किया । इस दौरान ऑपरेशन थियेटर, प्रसूति गृह, एक्सरे रूम, जांच घर, ओपीडी, दवा केंद्र आदि का भी निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनंत कुमार महतो व तकनीकी स्वास्थ्य कर्मियों से विस्तार पूर्ण जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सुचारू रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में जो भी कमी आयेगी जल्द से जल्द लिखित सूचना देने का काम करें। मौके पर एमटीएस विश्वजीत महतो, एमपीडब्लू दीपक कुमार महतो, राजेश रजक, गौरांग लायक, बीपीएम रामेश्वर तिर्की आदि उपस्थित थे।

## मनोज चौधरी बने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** अग्रसेन ठाकुरबाड़ी भवन सरायकेला में सरायकेला खरसावां जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आम सभा जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का मंच संचालनसुमित कुमार चौधरी ने किया। नए सत्र के लिए जिला अध्यक्ष हेतु जिला महामंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मनोज चौधरी का नाम प्रस्तावित किया। जिस पर सभी की सहमति बनी एवं सरायकेला खरसावां जिला मारवाड़ी सम्मेलन जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी मनोनीत किए गए। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे नवीन पसारी,जिला संगठन प्रभारी ललित मित्तल, सरायकेला शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, खरसावां शाखा अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, सीनि शाखा अध्यक्ष पूरण अग्रवाल, चांडिल शाखा अध्यक्ष रत्नाकर खेतान सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## मां तुझे सलाम संस्था ने नए सीओ का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मां तुझे सलाम संस्था ने जमशेदपुर के नव पदस्थापित सीओ मनोज कुमार के कार्यालय कक्ष में पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान मनोज कुमार ने अपने बातचीत में कहा कि आप सभी के सहयोग से विकास के कार्यो को गति देना हमारी प्राथमिकता होगी। मैं आप सभी संस्था के सदस्यों का दिल से आभार प्रकट करता हूं।मौके पर संस्था संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान, उप मुखिया लाखन सिंह, सोनी कुमारी, सविता कच्छप, सरोज डोड्रॉय, राजू सिंह, फरीद मलिक, भरत सिंह, सुबोध सिंह सरदार, सरपंच रैना पूर्ति आदि उपस्थित थे।

## कुमीर गांव में कुड़माली भाषा सिखनात कुंबा की ओर से खोला गया कोचिंग सेंटर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जनजाति भाषा कुड़माली भाषा को विस्तार करने के लिए रविवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत कुमीर पंचायत के कुमीर निवासी जयदेव महतो के घर में कुड़माली भाषा सिखनात कुंबा की ओर से एक कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया।जिसमें जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा के रूप में कुड़माली, संथाली एंव क्षेत्रीय जनजाति भाषा को विस्तारीकरण करते हुए पठन-पाठन के संदर्भ में तथा झारखंड सरकार के विभिन्न प्रतियोगिता में रिक्तियों की परीक्षा में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा को अनिवार्य कर दिया गया तथा अपनी संस्कृति, लोक कथा, लोक गीत, लोक साहित्य, पुरखानी परम्परा एवं भाषा की रक्षा हेतु पटमदा कुड़माली भाषा सिखनात कुंबा की ओर से कोचिंग सेंटर खोला गया है। जिसमें विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दिया जाएगा।सिखनात कुंबा की ओर से सुधांशु बानुआर ने कहा कि सिखनात कुंबा कोचिंग सेंटर ने नई पीढ़ी एवं क्षेत्रीय भाषा में बच्चों को शिक्षित करने के लिए सही मार्गदर्शन फ्री कोचिंग के माध्यम से बच्चों की स्कूली शिक्षा को मजबूत करने का लक्ष्य है। मौके पर विश्वनाथ महतो, चंदन महतो, सुधांशु बानुआर, जयदेव महतो, कृतिवास महतो, किरीटी महतो, जयद्रथ, गौतम, महेश्वर, हरिपद एवं छात्र-छात्रा आदि उपस्थित थे।



## गोलमुरी जॉगर्स पार्क काली पूजा पंडाल का भूमि पूजन हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोलमुरी के आकाशदीप प्लाज़ा से सटे जॉगर्स पार्क में नवयुवक चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित होने वाली काली पूजा पंडाल के लिए सोमवार को भूमि पूजन संपन्न हुआ. इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन के साथ पंडाल अधिष्ठापना का कार्यारंभ हुआ. बतौर यजमान रामेश्वर कुमार, मनीष मिश्रा एवं कमिटी के अन्य सदस्यों ने पूजन किया. पुरोहित राकेश कुमार पांडेय ने भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया. मालूम हो कि गोलमुरी जॉगर्स पार्क में वर्ष 1986 से लगातार भव्य काली पूजा का आयोजन होती जा रही है. नवयुवक चेतना मंच के संयोजक अप्पू तिवारी ने बताया की इस साल 11 नवंबर की देर शाम पंडाल का विधिवत उद्घाटन तय है. मातृशक्ति द्वारा उद्घाटन संपन्न होगा और कमिटी के सदस्यों की माताएँ उक्त पंडाल का उद्घाटन करेंगी. 12 नवंबर की मध्य रात्रि माँ श्यामा काली की उपासना होगी. 13 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से महाप्रसाद का आयोजन सुनिश्चित है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित शहर के गणमान्य और राजनीतिक दलों से संबद्ध नेताओं का जुटान होगा. अप्पू तिवारी ने बताया की लगभग तीन लाख की लागत से आकर्षक काल्पनिक पंडाल का निर्माण शहर के ही कारीगरों द्वारा की जायेगी. वहीं जॉगर्स पार्क एवं आसपास आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी. बच्चों के लिए विशेषकर मेला का आयोजन रहेगा जिसमें मनोरंजक झूले सहित खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे. बताया की इसबार पंडाल के समक्ष अस्थाई कृत्रिम घाट बनाकर छठ महापर्व आयोजन पर विमर्श की जा रही है।



## झारखंड राज्य फसल राहत योजना पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उक्त योजना खरीफ से जुड़ने हेतू पंजीकरण की प्रक्रिया, योजना के तहत मिलने वाले लाभ, भूमि जाँच की प्रक्रिया, योजना के लाभार्थियों की पात्रता सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तृत जानकारी दी गई। पंजीकरण विधि पर बताया गया कि लाभार्थी के आधार कार्ड, मोबाइल संख्या, बैंक पासबुक एवं किसान के भूमि संबंधित कागजात तथा भूमिहीन किसान के लिए बट्टेदार की सहमति पत्र आवश्यक होगी। इस योजना अंतर्गत केवल लाभ प्राकृतिक आपदा से होने वाले फसल क्षति के मामले में देय होगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन निबंधन एवं प्रत्येक फसल मौसम (खरीफ फसल) में अलग-अलग करना होगा। इसके लिए किसी प्रकार की प्रीमियम राशि देय नहीं होगी। फसल की क्षति का आकलन एवं निर्धन क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट के आधार पर किया जाएगा। 30 फीसदी से 50 फीसदी तक फसल क्षति होने पर आवेदक को प्रति एकड़ (अधिकतम 5 एकड़) 3000 तथा 50 फीसदी से अधिक की क्षति पर प्रति एकड़ रु 4000 (अधिकतम 5 एकड़ तक) का लाभ मिलेगा।बैठक को संबोधित करते उपायुक्त ने कहा, किसान मित्रो को नए तकनीको की जानकारी, तकनीकी उपकरणो के उपयोग इत्यादि की जानकारी साझा कर उन्हें सशक्त बनाएं। विभिन्न कल्याणकरी योजनाओं के लाभ प्रदान करे। अलग-अलग किस्म की खेती करने वाले युवाओ को चिन्हित कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करे। बैठक में अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी शंकरचर्या सामद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अशोक तिवारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



## तुम्मापल्ली यूरेनियम के विद्या शर्मा का आल इण्डिया स्तर में डीएई में हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** परमाणु ऊर्जा आयोग की 38 वें खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर हैदराबाद में आयोजित गोलकुंडा टीम जोनल चयन प्रतियोगिता, तुम्मापल्ली यूरेनियम से विद्या शर्मा को 200 मीटर रेस में द्वितीय स्थान मिला है। अब वे आल इण्डिया स्तर में डीएई की ओर से आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में परमाणु ऊर्जा विभाग( हैदराबाद) भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (विजयवाड़ा) कायगा (कर्नाटक) परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय ( हैदराबाद) समेत यूसील की तुम्मापल्ली यूरेनियम ने हिस्सा लिया। तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट से टीम मैनेजर के नाग राजू,( चीफ अधीक्षक मिल) समेत जियोलोजिकल अधिकारी एम अमजद अली एम सुदर्शन,एम रेड्डी, वाई लोकेश, डी बालापाकीराहा ने हिस्सा लिया।

## 60 सालों के बाद 5 नवंबर को मिलेंगे बांगुड़दा के पूर्व छात्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल बांगुड़दा से 1963 में मैट्रिक पास कर चुके पूर्व छात्रों का आगामी 5 नवंबर को सुबह 11 बजे से काटिन स्थित सामुदायिक भवन में गेट टुगेदर पार्टी का आयोजन किया जाएगा। माचा गांव निवासी एवं पेशे से ग्रामीण चिकित्सक सुकुमार दत्त की पहल पर यह आयोजन क्षेत्र के लिए पहला एवं अनोखा होने वाला है। उन्होंने बताया कि 1963 में कुल 56 छात्र मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और उनमें से शत प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की थी। बताते हैं कि उस बैच के ही छात्र रहे पटमदा के आगुईडांगरा गांव निवासी विद्याभूषण महतो डॉक्टर और गोपालपुर निवासी विमल मिश्र इंजीनियर बने थे। जबकि उनके कई और साथी भी विभिन्न सेवा क्षेत्रों में नौकरी कर रहे थे।



# टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन 5 नवंबर को एशियाई पदक विजेता ज्योति दिखाएगी हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन 2023 के आठवें संस्करण के लिए तैयार है। इसका पंजीकरण की अंतिम तारीख 3 नवंबर है जबकि 5 नवंबर (रविवार) को सुबह 6 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशियाई रजत पदक विजेताज्योति याराजी दौड़ को हरी झंडी दिखाएगी।पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए, टी शर्ट और बिब वितरण 3-4 नवंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 9ः00 बजे से दोपहर 1ः30 बजे और दोपहर 2ः30 बजे से शाम 6ः30 बजे के बीच निर्धारित है। आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, ओडिशा और अंडमान और निकोबार सहित लगभग 15 राज्यों के प्रतिभागियों ने अब तक पंजीकरण कराया है। जमशेदपुर रन-ए-थॉन ने धावकों की मदद के लिए पेसर्स बसों की तीन श्रेणियां भी पेश की हैं ताकि धावकों को प्रमुख मैराथन और दौड़ स्पर्धाओं में अभ्यास के अनुसार अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रन टाइम हासिल करने में मदद मिल सके।वहीं 3 नवंबर, 2023 से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक एक्सपो की भी मेजबानी करेगा। जिसमे नेचुरल फूड्स, ऑर्गेनिक हेल्थ शॉप, फास्ट एंड अप और नेक्सा (मारुति सुजुकी), रमाडा, स्केचर्स जैसे कई अन्य ब्रांड इसमें भाग लेंगे। इसके अलावा टाटा स्टील खेल विभाग ने बल्क ग्रुप प्रतिभागियों के लिए छूट की भी पेशकश की है। जिसमे 20 से ज्यादा प्रतिभागियों के समूह के लिए 15 प्रतिशत की छूट, जबकि चार या अधिक सदस्यों वाले परिवारों के लिए 10 प्रतिशत की छूट का छूट मिलेगा। इसके साथ टाटा स्टील दौड़ पूरी करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक पौधा लगाएगी।



## बहरागोड़ा में डायल 108 के चार में से 3 एंबुलेंस खराब

## कुणाल षाडंगी ने ट्वीट कर कसा तंज, लिखा हाल-ए-झारखंड, डीसी ने लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाई गई चार में से तीन 108 एम्बुलेंस पिछले लम्बे समय से खराब है। जिससे दुर्घटनाग्रस्त व गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को बेहतरीन उपचार के लिए हाई सेंटर ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। बीस दिनों पहले बहरागोड़ा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के मुहर और हस्ताक्षर युक्त एक सूचना दीवार पर चस्पा की गई है। जिसपर अंकित है की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा का 108 एंबुलेंस 4 में से तीन खराब है। इस नोटिस के बीस दिनों बाद भी स्थिति यथावत है। सोमवार को इस मामले को अपने ट्वीटर हैंडल (एक्स) पर साझा करते हुए पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने झारखंड सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए तंज कसा है। कुणाल ने हाल-ए-झारखंड लिखते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को टैग किया। वहीं जिला उपायुक्त को ट्विटर हैंडल के मार्फ़त सूचनार्थ प्रेषित किया। कुणाल षाडंगी के ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया की संबंधित मामले को संज्ञान में लेकर सिविल सर्जन को अग्रेतर कार्रवाई संबंधी निर्देश दिया गया है। संज्ञान लेने के लिए कुणाल षाडंगी ने उपायुक्त का आभार जताया है। कहा की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के प्रति सरकार संवेदनशील नहीं है। अस्पतालों और प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है और जिम्मेदार लोग मौन हैं।

## संपादकीय

# मंत्रिमंडल विस्तार के लाग लपेट

**नजर** बांधने का इंतजाम अच्छा, तेरे नाम पे ये पैगाम अच्छा। बिलासपुर दौरे पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने सियासी सुख की दरकार को पूरा करने का आश्वासन दिया और इस तरह मंत्रिमंडल विस्तार के लाग लपेट से हट कर जिला का नाम आया। बिलासपुर से मंत्रिमंडल का रास्ता यूं तो शिमला से दूर नहीं है, फिर भी राजनीति के अपने घुमाव व पेंच रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री की ओर से आया संकेत क्षेत्रीय राजनीति के आयाम को पैगाम दे रहा है। ये सुर्खियां जितनी सहजता से विधायक राजेश धर्माणी के सफर से मुखातिब होती हैं, उतनी ही आसानी से आगामी लोकसभा चुनाव की राजनीतिक तैयारियों को इंगित करती हैं। हिमाचल की सत्ता के अगले मुकाम पर सरकार अपने काम पर रही है, लेकिन लोकसभा चुनाव तफतीश करेंगे कि अंततः कांग्रेस चली कितने कोस। लोकसभा चुनाव की दूरियों को पाटने के लिए दरियां नहीं, दिल मिलाने होंगे और इसी की शुरुआत में बिलासपुर की खनक पूरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की नब्ज पर हाथ रख रही है। यह कोई अचंभा भी नहीं कि मंत्रिमंडल की उदारता में बिलासपुर का चेहरा नजर आ रहा है, लेकिन सियासत के संतुलन का इंतखाब कोशिश कर रहा है। कहना न होगा कि अकेले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए मंत्रिमंडल में जगह सुनिश्चित करके चुनावी पारी पूरी हो जाएगी, बल्कि साथ लगते कांगड़ा संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक सूनापन कब से रूठा पड़ा है। बेशक हमीरपुर की वकालत में बिलासपुर का सिक्का काम आएगा, लेकिन सरकार में पहले से मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के दर्जे में यह संसदीय क्षेत्र, हिमाचल व केंद्र की सत्ता का मर्ज भी बन रहा है। यह इसलिए भी क्योंकि राज्य से एकमात्र केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को यहीं से पंजा लड़ाना है या इसलिए भी क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भी अपना कद आजमाना है। जिस मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की सियासी जिद्द पारंगत हुई उससे मुलाकात न भी सही, लेकिन मंत्रिमंडल में छाए शिमला संसदीय क्षेत्र को राजनीति औकात बतानी और बनानी है। सरकार के अपने प्लस हो सकते हैं, लेकिन मंत्रिमंडल के माइनस में अटकी कांगड़ा की सांसों की फितरत बीमार मरीज से भिन्न नहीं है। यहां मसला राजनीतिक परंपराओं का है और सत्ता के प्रतिनिधित्व का भी। यह इसलिए भी क्योंकि मुख्य संसदीय सचिवों की सत्ता में पारी पर, अदालती आशंकाएं निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं और अगर फैसला प्रतिकूल असर ले कर आता है, तो राज्य सरकार में क्षेत्रीय भागीदारी का ईनाम फिर से प्रश्न खड़े करेगा। हालांकि मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना में दाल बांटने के मुहूर्त का किसी को कोई अनुमान नहीं, फिर भी लोकसभा के चुनावों ने राजनीति पांत तो बिछा दी है। सत्ता में मंत्री और सत्ता के कैबिनेट रैंक में बंटे ओहदों की भरपूर चमक के बावजूद, जिलों के अपने बागीचों में उगती रही सियासी धूप को नजरअंदाज करने का नकारात्मक पक्ष हमेशा रहेगा। ऐसे में बिलासपुर तक पहुंच रहा कैबिनेट विस्तार क्या कांगड़ा जिला तक भी पहुंचेगा। क्या फिर से राजनीतिक वरिष्ठता को मंत्रिमंडल विस्तार स्वीकार करेगा या नई पौधशाला से कुछ नए चेहरों को प्राथमिकता मिलेगी। जो भी हो, होना है तो लोकसभा चुनाव से पूर्व ही विस्तार करना होगा, वरना खेत में पहले ही भाजपा नामी चिडिया मौजूद है। यहां घात-प्रतिघात की सियासत के लिए वर्तमान दौर नाजुक समझा जा रहा है और यह भी कि बतौर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के लिए अपनी सरकार के मुआयने में लोकसभा चुनाव काफी कुछ सिद्ध करेंगे। कांग्रेस वैसे भी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के सामने नए विचार, नए आकार और अस्तित्व के प्रसार के साथ चुनौती बढ़ा रही है, तो हिमाचल में सत्ता के दम पर यही चुनाव समीक्षा करेगा। बहरहाल राजेश धर्माणी के समीप मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों को स्पष्टता से देखने की वजह अगर मजबूत होती है, तो आगे चलकर यही पैगाम कांगड़ा के कुछ चेहरों को खुश कर सकता है, लेकिन उस स्थिति में शायद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अन्य नेताओं के लिए सत्ता की ओर से रेड सिग्नल मिल चुका होगा।

हिमाचल की सत्ता के अगले मुकाम पर सरकार अपने काम पर रही है, लेकिन लोकसभा चुनाव तफतीश करेंगे कि अंततः कांग्रेस चली कितने कोस। लोकसभा चुनाव की दूरियों को पाटने के लिए दरियां नहीं, दिल मिलाने होंगे और इसी की शुरुआत में बिलासपुर की खनक पूरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की नब्ज पर हाथ रख रही है। यह कोई अचंभा भी नहीं कि मंत्रिमंडल की उदारता में बिलासपुर का चेहरा नजर आ रहा है, लेकिन सियासत के संतुलन का इंतखाब कोशिश कर रहा है। कहना न होगा कि अकेले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए मंत्रिमंडल में जगह सुनिश्चित करके चुनावी पारी पूरी हो जाएगी, बल्कि साथ लगते कांगड़ा संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक सूनापन कब से रूठा पड़ा है। बेशक हमीरपुर की वकालत में बिलासपुर का सिक्का काम आएगा, लेकिन सरकार में पहले से मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के दर्जे में यह संसदीय क्षेत्र, हिमाचल व केंद्र की सत्ता का मर्ज भी बन रहा है। यह इसलिए भी क्योंकि राज्य से एकमात्र केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को यहीं से पंजा लड़ाना है या इसलिए भी क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भी अपना कद आजमाना है। जिस मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की सियासी जिद्द पारंगत हुई उससे मुलाकात न भी सही, लेकिन मंत्रिमंडल में छाए शिमला संसदीय क्षेत्र को राजनीति औकात बतानी और बनानी है। सरकार के अपने प्लस हो सकते हैं, लेकिन मंत्रिमंडल के माइनस में अटकी कांगड़ा की सांसों की फितरत बीमार मरीज से भिन्न नहीं है।

## कुछ अलग

# एमएसपी की चुनावी बढ़ोतरी

**भारत** सरकार के कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है। गेहूं रबी के मौसम की मुख्य फसल होती है। 2023-24 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी 150 रुपए कर गेहूं के दाम 2275 रुपए प्रति क्विंटल तय किए गए हैं। यह अभी तक की सबसे अधिक वृद्धि है, क्योंकि यूपीए सरकार के दौरान 2006-07 और 2007-08 में लगातार दो साल फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन तुलना में वे कम थीं। यह एमएसपी वृद्धि महज किसानों के कल्याण और उनकी आर्थिक स्थिति के मद्देनजर नहीं है। इससे किसानों की आमदनी दोगुनी होने लगेगी, ऐसे कोई आसार नहीं हैं। दरअसल बुनियादी व्यवस्था में ही खोट है, क्योंकि किसान की फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जाती। सरकारी खरीद का लाभ बेहद सीमित है। उसका फायदा 10-12 फीसदी किसानों को भी नसीब नहीं है, लिहाजा किसान कृषि की मंडियों में ही फसल बेचने को विवश है। वहां कई तरह की कटौतियों के बाद किसान के हाथ एमएसपी तक नहीं लगता। फसल बेचना उसकी मजबूरी है, लिहाजा किसान कम दाम पर भी फसल बेचने को विवश है। यही सवाल कई दशकों से किसानों के सामने 'यक्ष' की तरह मौजूद है। मोदी सरकार के 10 साल भी गुजर जाएंगे, लेकिन एमएसपी का सवाल अनुत्तरित रहेगा। वैसे उसने एक समिति का गठन कर रखा है, जिसमें कुछ किसान प्रतिनिधि भी शामिल हैं, लेकिन वह समिति क्या कर रही है, उनका विमर्श किस निष्कर्ष तक पहुंचा है, क्या एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की सिफारिश पर सहमति बन चुकी है, लेकिन लंबा समय बीतने के बावजूद कुछ भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। अभी एमएसपी की घोषणा करने के आर्थिक के साथ-साथ राजनीतिक, चुनावी आयाम भी हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले एमएसपी में यह आखिरी बढ़ोतरी है। इसके अलावा, पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है। नवम्बर में मतदान होंगे और 3 दिसंबर को जनादेश घोषित किए जाएंगे। इन राज्यों में मध्यप्रदेश और राजस्थान में गेहूं रबी मौसम की प्रमुख फसल है। एमएसपी में बढ़ोतरी की गई है, जाहिर है कि किसानों के वोट बैंक पर निगाहें रही होंगी। वैसे मोदी सरकार ने अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में गेहूं का एमएसपी 875 रुपए क्विंटल बढ़ाया है, जबकि यूपीए सरकार के दौरान यह बढ़ोतरी 770 रुपए क्विंटल की गई थी। धान का एमएसपी भी मौजूदा सरकार ने 873 रुपए क्विंटल बढ़ाया है, लेकिन यूपीए सरकार के 10 साला कालखंड में यह वृद्धि 760 रुपए की गई थी। वैसे ऐसी तुलनाएं ही गलत हैं, क्योंकि मुद्रा के अवमूल्यन और मुद्रास्फीति को भी ध्यान में रखना होता है।


## आंख के बदले आंख विश्व को अंधा बना देगी, गांधी जी के इस कथन पर भी विचार होना चाहिए

# 'आंख के बदले आंख' सिद्धांत कितना प्रासंगिक

प्रताप सिंह पटियाल

रूस–यूक्रेन की जंग व इजरायल के साथ हमास जैसे चरमपंथी संगठन के सशस्त्र संघर्ष ने विश्व को कई सबक सिखा दिए हैं। गत सात अक्तूबर 2023 को जब इजरायल की आवाम अपना 'योम किप्पुर' नामक पर्व मना रही थी, तब फिलिस्तीन के गाजापट्टी से संचालित होने वाले चरमपंथी संगठन 'हमास' ने इजरायल पर खौफनाक हमले को अंजाम देकर पूरी दुनिया को चौंका दिया।

'**आंख** के बदले आंख और दांत के बदले दांत', यह पंक्ति बेबीलोन के राजा हाम्बुराबी (1790 ई. पूर्व) के कानून का एक अंश है। एक विशाल पत्थर के स्लैब पर अंकित हाम्बुराबी की कानून संहिता को सन-1901 में ईरान के 'सुसा' शहर में खोजा गया था तथा मौजूदा वक्त में यह स्टेल पेरिस के 'लौवर' संग्रहालय में संरक्षित है। प्रखर राष्ट्रवाद के लिए प्रसिद्ध इजरायल की सेना अपने दुश्मनों के साथ आंख के बदले आंख के सिद्धांत पर काम करती है। लेकिन 'आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी', यह कथन 'महात्मा गांधी' का है। महात्मा बुद्ध, महावीर, गुरु नानक देव जैसे महापुरुषों के आध्यात्मिक ज्ञान की विरासत, अहिंसा के मंत्र, सत्य के सिद्धांत सदियों से भारतीय सभ्यता का हिस्सा रहे हैं। मगर प्रश्न यह है कि जब पड़ोस में आतंक का तर्जुमान पाकिस्तान हो, दूसरी तरफ शातिर चीन तथा अन्य मुल्क वक्त की नजाकत को देखकर रंग बदलने में माहिर हों तथा विदेशों में शरण लेकर भारत को खंडित करने का ख्वाब देख रहे चरमपंथी संगठन मौजूद हों, तो शांति का मसीहा बनकर नैतिकता का पाठ व अहिंसा के सिद्धांतों की दुहाई देना कितना प्रासंगिक है। रूस-यूक्रेन की जंग व इजरायल के साथ हमास जैसे चरमपंथी संगठन के सशस्त्र संघर्ष ने विश्व को कई सबक सिखा दिए हैं। गत सात अक्तूबर 2023 को जब इजरायल की आवाम अपना 'योम किप्पुर' नामक पर्व मना रही थी, तब फिलिस्तीन के गाजापट्टी से संचालित होने वाले चरमपंथी संगठन 'हमास' ने इजरायल पर खौफनाक हमले को अंजाम देकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। हमास ने इजरायल पर हमला करके पचास वर्ष पूर्व की उस तारीख को ताजा कर दिया जब मिस्र व सीरिया की सेनाओं ने मिलकर छह अक्तूबर 1973 को इजरायल पर योम किप्पूर



पर्व के अवसर पर हमला किया था। इजरायल के वर्तमान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू उस योम किप्पुर जंग में इजरायली सेना का हिस्सा बनकर लड़े थे। इजरायली सेना के शदीद पलटवार के बाद 26 अक्तूबर 1973 को सीजफायर का ऐलान हुआ। युद्ध के बाद मिस्र व इजरायल में मुजाकरात का दौर शुरू हुआ। एक तवील अर्से के बाद पूर्व सैन्य अधिकारी रहे मिस्र के राष्ट्रपति मुहम्मद अनवर अल सादत ने सन-1977 में इजरायल का दौर किया। सन-1978 में मु. अनवर अल सादत तथा इजरायली प्रधानमंत्री 'मेनाकेम बेगिन' के बीच मिस्र-इजरायल नामक शांति संधि हुई। लेकिन कट्टरपंथ की उल्फत में डूबे कई मुल्कों को वो शांति संधि नागवार गुजरी। आखिर छह अक्तूबर 1981 के दिन मिस्र की राजधानी काहिरा में सैन्य परेड के दौरान आतंकियों ने राष्ट्रपति मो. अनवर अल सादत को कत्ल कर दिया था। भावार्थ यह है कि मैदाने जंग में दुश्मन को धूल चटाकर हमेशा फातिम योद्धा का किरदार निभाने वाले मुल्क इजरायल के साथ युद्ध तथा शांति संधि दोनों इंतसार पैदा करते हैं। किसी भी देश पर अचानक हमला होने की स्थिति में वहां की खुफिया एजेंसियों की चूक पर सवाल उठते हैं। देश की सुरक्षा में खुफिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इजरायल देश की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा खुफिया एजेंसी 'शिन बेट' तथा देश के बाहर की कमान सन-1949 में स्थापित 'मोसाद' संभालती है। जोखिम भरे मिशनों को खुफिया तरीके से अंजाम देने में माहिर मोसाद दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खुफिया एजेंसियों में शुमार करती है। मोसाद के खुफिया सैन्य मिशनों का एक शानदार इतिहास रहा है। 27 जून 1976 को इजरायल की राजधानी तेल अवीव में फ्रांस की ऐयरबस का कुछ आतंकियों ने अपहरण करके उसे युगांडा के एंतेबे हवाई अड्डे पर उतार दिया था, जिसमें ज्यादातर इजरायली नागरिक सवार थे। चार जून 1976 को इजरायल के 'एलिट ग्रुप' के कमांडो ने आपरेशन 'थंडरबोल्ट' को अंजाम देकर एंतेबे हवाई अड्डे पर सात आतंकियों सहित युगांडा के पचास सैनिकों को भी हलाक करके उस जहाज को रिहा करा लिया था। उस कमांडो मिशन में इजरायल के वर्तमान प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बड़े भाई कर्नल 'जोनाथन नेतन्याहु' शहीद हो गए थे। गौर करने वाली बात है कि इजरायल का सियासी नेतृत्व करने वाले ज्यादातर सियासतदानों का सैन्य क्षेत्र का जमीनी अनुभव रहा है। लिहाजा इजरायल से प्रत्यक्ष युद्ध की हिमाकत कोई भी देश नहीं करता। इसीलिए आतंकी संगठनों की सरपरस्ती हो रही है। 14 मई 1948 को इजरायल ने खुद को एक आजाद मुल्क घोषित कर दिया था। वजूद में आने के एक दिन बाद ही अरब देशों ने इजरायल पर हमला बोल दिया था। तब यूएनओ ने मध्यस्थता करके युद्ध को शांत कर दिया था। दुश्मन देशों से घिरे इजरायल की आवाम पर अत्याचारों की एक लम्बी दास्तान है। मगर जिस प्रकार इजरायल ने खुद को हर क्षेत्र में सक्षम किया है वो एक मिसाल है। हमास के हमले से भारत की सियासी हरारत भी बढ़ चुकी है। मजहब के कई रहनुमां हैवानियत को शर्मसार करने वाले हमास के आतंकियों को इंकलाबी चेहरे बता रहे हैं। मजलूमों को मारने का हश्र क्या होता है, हमास की इस हरकत का अंजाम फिलिस्तीन की आवाम भुगत रही है। शहर शमशान में तब्दील हो रहे हैं। अलबत्ता मजहबी नारे लगाकर बेगुनाह लोगों का कत्ल करने वाले आतंकियों को इजरायली सेना जहन्नुम की परवाज पर भेजकर ही दम लेगी। स्मरण रहे प्रतिशोध भरा इंतकाम जुल्म से भी बद्तर साबित होता है। लाशें रोती नहीं, मगर उन्हें सुपुर्दे खाक करने वाले चीत्कार के साथ मातम मनाते हैं। नया शहर कितना भी आबाद हो, परंतु पीछे छूटने वाले आशियाने बेचैन करते हैं। इसलिए यूएनओ को युद्ध के कहर से शरणार्थी बन रहे लोगों का दर्द समझना होगा। बहरहाल जब बात राष्ट्र के स्वाभिमान की हो तो बेगुनाहों का रक्त बहाने वाली मानसिकता पर 'आंख के बदले आंख व दांत के बदले दांत' के सिद्धांत को अपनाना पड़ता है, मगर आंख के बदले आंख विश्व को अंधा बना देगी, गांधी जी के इस कथन पर भी विचार होना चाहिए। फिलिस्तीन-इजरायल से भारत के बेहतर रिश्ते हैं। अतः वैश्विक शांति के लिए दहशतगर्दी की किसी भी सूरत में हिमायत नहीं होनी चाहिए।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### वरिष्ठ कांग्रेसियों के एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शामिल हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। जब तक हम हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं को हमेशा उचित सम्मान मिलेगा, मैं आपके साथ हूं। वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पार्टी हित में अच्छी नहीं है, मैं कल हीं रामगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के मनोभावों को ध्यान में रखकर प्रदेश अध्यक्ष से बात करूंगा। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय ने सोमवार को क्षेत्र के रांची रोड स्थित होटल ओम पैलेस सभागार में वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन में कहा। श्री सहाय उक्त होटल में आयोजित वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में हमारी पार्टी को मिस मैनेजमेंट के कारण पराजय मिली। हमारी पार्टी एक्सपेरिमेंट न करे, तो रामगढ़ सीट पार्टी का परमानेंट सीट रहेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव गांव-टोले के संगठन के आधार पर लड़ा जाता है। और लड़ाई के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी रूपी औजार चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि सुबोध हमेशा आपके साथ है, और रहेगा। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा का धर्म नकली है। रांची ही नहीं जहां भी धर्म के सम्मान की बात आती है, सुबोध कांत सहाय सर झुका कर उस धर्म का सम्मान करता है। इसके पूर्व विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठ



कांग्रेसियों ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि पार्टी हम वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को यूज एंड थ्रो की तरह उपयोग में लेती है। संगठन और सदस्यता की जब बात आती है हमारी खोज की जाती है। और जब संगठन बनाने की बात आती है तो दूध की मक्खी की तरह अलग कर दिया जाता है। जब हम वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पार्टी से सहयोग की उम्मीद रहती है तो हमारी परेशानी को सुनने वाला कोई नहीं होता है। इससे दिल को बड़ी ठेस पहुंचती है। आज इस सम्मेलन के माध्यम से अपने दिल की बात को सुबोध कांत सहाय से कहने के लिए आए हैं। आज कांग्रेसी की टांग कांग्रेसी खींच रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोगेंद्र साहू, संचालन केडी मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन ब्रजकिशोर गांधी ने किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण कुमार सिन्हा, कमाल शहजादा, पार्टी के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नंदकिशोर बेदिया, भीम साहू, मोहम्मद गुलजार,आदि थे।

## तीनों सेल समितियों ने रेलवे साइडिंग चालू करने के विरोध में महाप्रबंधक के साथ वार्ता की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय में सोमवार को तीनों सेल समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक अजय सिंह व संचालन में विस्थापित एवं सेल समिति के उरीमारी, बिरसा, न्यू बिरसा के सदस्य मौजूद थे। वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह ने उरीमारी नार्थ हेसाबेडा के समीप रेलवे साइडिंग चालू करने की बात कही जिसपर तीनों सेल समिति एवं विस्थापितो ने विरोध स्वर? में कहा कि जबतक लोकल सेल में पूर्ण रूप से कोयला नहीं दिया जाता तबतक रेलवे साइडिंग चालू नहीं करने देंगे। जिसपर महाप्रबंधक अजय सिंह ने सकारात्मक पहल करते हुए कहा कि लोकल सेल में किसी प्रकार की कोयला कटौती नहीं किया जाएगा,और आगे भी लोकल सेल सुचारू रूप से चलता रहेगा। वहीं इस बैठक में बिरसा परियोजना मैनेजर रामेश्वर मुंडा, उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा, आदिवासी छात्र संघ के संरक्षक दसई मांझी, झामुमो नेता संजय करमाली, मांझी हडाम सीताराम किस्कू, धर्मदेव करमाली, विश्वनाथ मांझी, सीतामुनी देवी, कानू मरांडी, कौलेश्वर मांझी, कार्तिक मांझी, रेना मांझी, सिगू हेम्ब्रोम, तालों बेसरा आदि लोग मौजूद थे।

## यूकोवयू कार्यालय में एटक का 104वां स्थापना दिवस आज मनेगा

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**सिरका :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन(एटक) के सिरका कार्यालय के प्रांगण में आज मंगलवार को एटक का 104वीं स्थापना दिवस मनाया जाएगा। यह बातें यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय सहसचिव सुशील कुमार सिन्हा ने सोमवार को कहीं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय यूनियन संगठन एटक का जन्म 31 अक्टूबर 1920 को मुंबई शाखा से आरंभ किया गया था। एटक के पहले चैयरमैन स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय थे। उन्होंने साइमन कमीशन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फुकतें हुए अंग्रेजी लाठी चार्ज में अपने देश के लिए आहुति दी थी। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पूर्व राष्ट्रपति वीभी गिरि ने यूनियन के चैयरमैन का पद संभाला।

## सतकर्ता जागरूकता रथ को महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय में सोमवार को सतकर्ता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह व सीसीएल मुख्यालय से आए विजिलेंस सदस्य आदित्य प्रकाश मौजूद थे वही महाप्रबंधक ने सतकर्ता जागरूकता अभियान के बारे में कर्मचारियों व ट्रेड यूनियन के सदस्यो को जानकारी दी एवं उन्हें भ्रष्टाचार उन्मूलन पर शपथ दिलाया गया। वहीं इसके बाद बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने सतकर्ता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं बता दें कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में तीस अक्टूबर से पांच नवंबर तक सतकर्ता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सप्ताह के हर दिन क्षेत्र में कई जगहो पर कार्यक्रम कर लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जानकारी दी जाएगी। वही महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि लोगों को सतकर्ता जागरूकता अभियान का हिस्सा बनना चाहिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। जहां भ्रष्टाचार हो उसकी की शिकायत विजिलेंस के अधिकारी से करें। वहीं मुख्यालय से आए उप महाप्रबंधक आदित्य प्रकाश ने कहा कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति बरका सयाल क्षेत्र में सतकर्ता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अधिकारी, कर्मचारी,व ग्रामीण लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संपुन्न जानकारी दी जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अंतराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन डॉ शारदा प्रसाद की अध्यक्षता में ब्रिगेडियर एस.सी. पूरी पार्क में किया गया। गोष्ठी का आरंभ सरोज सिंह ने सरस्वती वंदना से किया।तत्पश्चात सर्वप्रथम नन्ही कवयित्री आस्था सिंह ने स्वरचित कविता जन्मदिन आया है, खुशियां ढेर लाया है सुनाया। फिर छाया ने अपनी कविता उसका कल्पित पावन प्रणय तथा मन के प्रश्न चिन्ह सुनाया। उसके बाद वैष्णवी ने क्या लड़की हुई है से लेकर बधाई हो घर में लक्ष्मी आई है कविता सुनाकर समाज में कन्या जन्म को लेकर जो उदासी का माहौल छा जाता है उसे है कविता के रूप में प्रस्तुत किया । इसके बाद सिम्पी साहा ने वक्त तुम्हारा है कविता सुनाकर समां बांध दिया। काव्य पाठ के दौर को आगे बढ़ते हुए नीतू सिंह ने जीवन की सच्चाई नामक कविता का पाठ करके जीवन के सत्य को उद्घाटित किया। तत्पश्चात मंच की उपाध्यक्ष डॉ रजनी गुप्ता ने भावपूर्ण कविता सुनाकर सबका हृदय जीत लिया। कविता का शीर्षक था तुम्हारी कसम कोई मजाक नहीं,प्यार भी तो कोई मजाक नहीं। इसके बाद सीमा साहा ने बंधुत्व माने काछे थाका नय शीर्षक बांग्ला कविता सुनाकर मित्रता का अर्थ बताया तथा तुमि आछो शुधु तुमी बांग्ला कविता सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। फिर नज्मकारा मीनू झा ने एक इंतखाब सुनाया जिसका शीर्षक था चलने का हौसला नहीं



रुकना मुहाल कर दिया। इश्क के इस सफर ने तो मुझको निढाल कर दिया तथा यह रात ठंडी हवा बहा रही है ÷ गज़ल सुनाया।कविता ,गीत, गजल की प्रस्तुतियों के बाद मंच की सचिव सरोज सिंह ने रविंद्रनाथ टैगोर की कविता अमादेर छोट्ट नदी का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष डॉ शारदा प्रसाद ने पढ़ी गई कविताओं का समाहार प्रस्तुत किया तथा स्वरचित कविता ÷एक कली कांटों में खिली और मिलना और बिछड़ना ही तो जीवन का है सार प्रिये÷ का पाठ करते हुए जीवन को व्याख्या सहित किया। इसके पश्चात अंत में झारखंड की मेजबानी में आयोजित मंच का छठे राष्ट्रीय वार्षिकोत्सव की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें मंच के संस्थापक डॉ नरेश नाज, ग्लोबल अध्यक्ष,राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण, प्रांतीय अध्यक्ष मोना बग्गा सहित छ- राज्यों से आई हुई प्रतिनिधि कवित्रियों ने अपनी सहभागिता निभाई ।

## आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोला बीडीओ से की शिष्टाचार भेंट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** सोमवार को गोला प्रखंड कार्यालय में आजसू पार्टी(आदिवासी महासभा) के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य से मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद गोविंद मुंडा, महासभा के गोला प्रखंड सचिव परमेश्वर बेदिया, कार्यकारी अध्यक्ष लखी करमाली, कोषाध्यक्ष गुड्डू करमाली, संगठन सचिव राम किष्टो मुंडा, रघुवीर मुंडा, गोविंद मुंडा, मिडिया प्रभारी जयनंदन मुंडा, सुभाष बेदिया सहित कई अन्य मौजूद थे।

## गुरुद्वारा साहिब में चौथे पातशाही श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश गुरु पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के गुरुद्वारा साहिब में सवेरे के दीवान में चौथे पातशाही श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश गुरु पर्व बड़े ही श्रद्धा के साथ सिख संगत के सहयोग से मनाया गया तथा सिख संगत गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक आशीर्वाद लिया गुरु घर के वजीर बाबा जी गुरजीत सिंह जी के द्वारा अरदास की गई तथा गुरु घर के रागी जथा ने कीर्तन किया उपरांत गुरु घर में गुरु का लंगर अटूट बरताया गया मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी सरदार।रणजीत सिंह छाबड़ा, सरदार रविंद्र सिंह छाबड़ा उर्फ बिट्टी सिंह , रविंद्र सिंह गांधी मागू जैसल पप्पू जैसल कुलवंत सिंह मरवा इंद्रपाल सिंह सैनी , महेंद्र कौर अरोड़ा परमजीत कौर भूषरी, कमलप्रीत कौर छाबड़ा, विमल गुलाटी, आदि काफी संख्या में सिख संगत थे।



## विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कालेज गेट के समीप सोमवार को विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल का उद्घाटन बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो (डी एम) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सर्वप्रथम अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल के खुलने से यहां की लोगों को अपने बच्चे को लेकर रांची और बड़े शहरों में जाने की जरूरत नही पड़ेगी। विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल में अच्छा और बेहतर इलाज जाने माने डॉक्टरों से किया जाएगा। वही विनायक चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संचालक बुडुल साव(बिक्की) ने बताया कि हमारी हॉस्पिटल में एनआईसीयू, पीआईसीयू और वेंटीलेटर की सुविधा है। यहां अभी 20 बेड लगाए गए है और जरूरत पड़ने पर बेड को बढ़ाया जाएगा। साव ने आगे कहा कि हमारे यहां बच्चो के लिए तीन डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, डॉक्टर गोतम कुमार 24 घंटे सेवा देंगे। जिससे से किसी को भी यहां कोई परेशानी नहीं हो सके। मौके पर लालचंद महतो, सुनीता देवी, निशु कुमारी, भोला साव, कोलेश्वर साव, सुरेंद्र नायक आदि उपस्थित थे।

### इंटर स्टेट शराब माफियाओं की बड़ी साजिश विफल

## सब्जी की आड़ में शराब की खेप को तस्करी कर ले जाया जा रहा था बिहार, पुलिस ने किया बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** दिवाली से पूर्व इंटरस्टेट शराब माफियाओ के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्यवाई की है। जिले के एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल छापेमारी दल की टीम ने शहर के जताराहीबाग देवी मंडप के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सब्जी डिलिवरी के आड़ में हो रही शराब तस्करी का खुलासा किया है। पुलिस की टीम ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पिकअप वैन में लोड पत्ता गोभी के बोरी के नीचे छुपाकर रखे गए विभिन्न शराब कंपनियों के 81 कार्टून में बंद करीब दो हजार बोतल नकली अंग्रेजी शराब की खेप को बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने तस्करी में शामिल एक तस्कर को भी मौके से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है जबकि एक अन्य तस्कर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। बरामद शराब में मेडॉल्स नंबर1 और इंपिरियल ब्लू नामक कम्पनी के हैं?। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि बरामद शराब की खेप को तस्करों के द्वारा सब्जी डिलीवरी के नाम पर ड्राई स्टेट बिहार में डिलीवरी देने की योजना थी जिस समय रहते पुलिस की टीम ने सफल कर दिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के बाद न्यायिक अभीरक्षा के लिए उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं शराब तस्करी के सिंडिकेट के खुलासे को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

## पूर्व जिप सदस्य व नेता जी की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि, सैकड़ो लोग हुए उपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के जाने-माने व्यक्ति एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य व नेताजी स्वर्गीय बालेश्वर प्रासाद कुशवाहा का चौथी पुण्यतिथि सोमवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि कर मनाया गया। जिसका मुख्य अतिथि सेवा नृत्य शिक्षक देवचरण दांगी थे। उनकी चौथी पुण्यतिथि बहुत धूमधाम से मनाया एवं मुख्यालय में स्थित ठाकुरबाड़ी में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां कई गण्यमन लोग भी उपस्थित हुए। और उनकी जीवनी के कार्यों का उल्लेख किया। तथा ने लोगों ने ढेर सारी गुणगान कीए। इस कार्यक्रम में सम्मिलित प्रखंड प्रमुख अनीता यादव मुखिया निर्मला देवी राजू लाल वर्मा पुत्र राजेश कुशवाहा, मनोज कुमार वर्मा अनिल कुमार प्रदीप कुमार मुकेश कुमार मुकेश दांगी विकास कुमार मंटू कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## स्थानांतरण के बाद सीओ ने किया म्यूटेशन, जांच हो : प्रतुल नाथ



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने ट्वीट कर झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से आग्रह किया कि वे बालूमाथ के निवर्तमान सीओ आफताब आलम के स्थानांतरण होने के तीन दिन बाद तक उनके कार्यालय से रात दिन म्यूटेशन व ऑनलाइन रसीद काटने के गंभीर आरोप की उच्च स्तरीय जांच कराए। आगे उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में स्थानांतरित सीओ के कार्यालय के बाहर रविवार को भी मेले जैसी स्थिति वाली तस्वीर वायरल है और इस आशय का समाचार स्थानीय समाचार पत्रों में भी छपा है। प्रतुल ने कहा कि जानकार बताते हैं कि किसी अंचल अधिकारी का ट्रांसफर हो जाने के बाद वह अपने डोंगल से कोई कार्य नहीं कर सकता। तो फिर ट्रांसफर होने के बाद किस स्थिति में निवर्तमान सीओ कार्य करते रहे? वही प्रतुल नाथ सहदेव ने मुख्य सचिव से आग्रह किया है कि बालूमाथ के पूर्व सीओ आफताब आलम के कार्यालय से उनके ट्रांसफर होने के आदेश के निकलने के बाद से जितने भी रसीद कटे है या म्यूटेशन हुए हैं, सब पर रोक लगे। पूर्व सीओ पर लगे आरोपों की उच्च स्तरीय जांच भी हो।

## हर घर नल जल योजना का उड़ाया जा रहा मजाक

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना में गुणवत्ता को देखने वाला कहीं कोई नहीं है ऐसा लगता है उपर से नीचे मिलीभगत का खुल्लम खुल्ला जलवा है वह इसलिए कि नल-जल योजना में अनियमितता से संबंधित बार बार पत्राचार किया गया है। जहां पंचायत छेंचा के पठान टोला में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए महज छह इंच गड्ढे खोदकर पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है जिसपर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया है। वहीं ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की है।

## विभिन्न मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों का एकदिवसीय धरना ग्रामीण विकास मंत्री ने दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड़ :** पिछले कई सालों से अल्प मानदेय पर काम कर रहे मनरेगा कर्मियों ने इसबार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उग्र रूप धारण किए हुए हैं। 30 अक्टूबर को मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से प्रखंड में मनरेगा का काम धीमा रहा। मयूरहंड प्रखंड मनरेगा संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दास ने प्रभात मंत्र से विशेष बातचीत करते हुए कहा कि भारत सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं में से शामिल है मनरेगा,जिसे धरातल पर उतारने के लिए मनरेगाकर्मी कोई कोर कसर नहीं छोड़ते जिसका परिणाम यह होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब मजदूर और जरूरतमंद व्यक्ति मनरेगा योजना के तहत स्वयं को पंजीकृत कर 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना से जुड़कर काम करते हैं व अपना जीवकोपार्जन करते हैं।डॉ सुनील कुमार दास ने कहा कि मनरेगा की योजना को हम सभी काफी तन मन से धरातल पर उतारते हैं लेकिन केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार हम सभी मनरेगाकर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार करती है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रांची में ग्रामीण विकास मंत्रालय संभाल रहे आलमगीर आलम के आवास पर भारी संख्या में मनरेगाकर्मी जुटे और अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोल दिए। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम व्यस्त कार्यक्रमों के बीच फुर्सत निकाल कर आवास घेराव करने पहुंचे मनरेगा कर्मियों के पास पहुंचे और उनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का ठोस आश्वासन दिया।विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक ग्रामीण विकास मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि आप सभी की मांगे जायज है जिस पर सरकार गंभीर है और इसका नतीजा जल्द ही आप सबके बीच होगा थोड़ा धैर्य बनाए रखें।

## मगध कोल परियोजना में संडे कटौती पर कर्मियों ने किया विरोध, अधिकारियों को दी आंदोलन की चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित एशिया की सबसे बड़ी कोल परियोजना मगध में संडे कटौती के विरोध में कोयला कामगारों ने जमकर विरोध किया। संडे के कटौती के विरोध में परियोजना कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना पर भी बैठ गए। बताया गया कि मगध कोल परियोजना में लगभग साढ़े छ सौ कोयला कामगार कार्यरत हैं। जिन्हें प्रति माह संडे को ड्यूटी दिया जाता है जिसका वेतन भी भुगतान सीसीएल से होता है। रविवार को जैसे ही कर्मी ड्यूटी पर गए पता चला की कुछ लोगों को सन्डे ड्यूटी नही दिया गया। ड्यूटी नही देने से नाराज सभी कर्मी एकजुट हो गए और जमकर वाल काटा। सभी कर्मी मुख्य गेट पर बैठ कर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। कर्मियों के विरोध के कारण मगध पीओ कार्यालय का कामकाज दिनभर बाधित रहा। कर्मियों के मुख्य द्वार धरना पर बैठने के कारण अधिकारियों का प्रवेश व निकास भी बाधित हो गया। बाद में पीओ एस सतनारायण व मैनेजर ने कर्मियों के साथ वार्ता किया। जहाँ पीओ ने बताया कि फंड की कमी होने के कारण संडे कटौती की जा रही है। वही यूनियन से जुड़े लोगो ने कहा कि किसी भी सूरत में सन्डे कटौती नही होने दिया जाएगा।

## पानी का सप्लाई ठप, ग्रामीण परेशान



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना 44 करोड़, 2018-19 में हुआ था। पानी सप्लाई को लेकर मुख्य बाजार में थाना के समीप टंकी का निर्माण कराया गया है ताकि यहां से महुआडांड़ में पानी सप्लाई किया जा सके। लेकिन कुछ गांव में पानी का सप्लाई होता है और कुछ गांव में नहीं। कहीं पाईप बिछा कर छोड़ दिया गया है तो कहीं पाईप बिछ जाने के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं हो रही हैं।जबकि लोध जलप्रपात से महुआंडा़ड टंकी तक पानी का सप्लाई सुचारू रूप से हो रहा है। लेकिन पिछ्ले एक सप्ताह से पानी सप्लाई पूरी तरह से ठप है। पिछ्ले दुर्गा पूजा से पहले एक दिन पानी सप्लाई की गई थी। इस संबंध में पम्प ऑपरेट अमित ने बताया कि पिछले कई महिनों से बिजली विभाग द्वारा नियमित रूप से बिजली सप्लाई नहीं हो रही है।जिस कारण पानी सप्लाई प्रभावित है।इधर पानी सप्लाई प्रखंड वासीयों तीन स्तर पर सप्लाई कि जाती है।पहला मिर्गी गांव, दूसरा हामी मेढ़ारी गांव व मेराम गांव से पानी सप्लाई लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत किया जाता है। वहीं कभी बिजली विभाग व पेयजल विभाग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपना अपना पक्ष प्रस्तुत कर ग्रामीणों को लुटने का काम कर रही है। वहीं प्रशासन भी इस मामले मे कोई पहल नहीं कर रही है।

## लाल वारंटी गिरफ्तार

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर पुलिस ने रेल कांड में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी धर्मेंद्र सिंह है जो छिपादोहर थाना क्षेत्र के गुवा गांव का निवासी है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि न्यायालय के द्वारा उक्त अभियुक्त पर दो वारंट निर्गत किया गया था । जहां अभियुक्त पिछले 5 सालों से फरार चल रहा था जिसपर करवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## एक दिवसीय दौरे पर कुन्दा पहुंची जिला परिषद अध्यक्ष, महादेव मठ में किया पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एक दिवसीय दौरे पर कुन्दा पहुँची।उन्होंने ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ के गुफा में विराजमान शिवलिंग की विधि विधान से पूजा अर्चना की।जिप अध्यक्ष ने बताया की महादेव मठ प्रकृति के गोद में बसा है जिसका अलौकिक बनावट ही अद्भुत है। अध्यक्ष ने यह भी बताया की यहाँ की प्राचीन इतिहास की अवलोकन करने की आवश्यकता है।एवं प्राकृतिक बनावट का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। वही जिप अध्यक्ष ने महंत जानकी दास समाधि स्थल समेत अन्य पुरातात्विक स्थलों का इतिहास जाना। वही कमिटी के पदाधिकारियों ने महादेव मठ की विकास व सौंदर्यीकरण को लेकर मांग रखी। मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार गुप्ता, योगियारा मुखिया आशीष भारती, वार्ड सदस्य रविशंकर वर्मा, जिप सदस्य प्रतिनिधि संतोष राणा, महंत दीनदयालु जी महाराज, मोहन पाठक, लवकुश कुमार गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, संजय भारती, अजय भारती समेत कई लोग मौजूद रहे।

## नये अंचलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ अंचल के नए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने सोमवार को दोपहर में अपना पदभार ग्रहण किया। बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने पदभार ग्रहण की औपचारिकता पूरा करने के बाद उन्हें बुके देकर स्वागत किया। वही अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर को बालूमाथ बीडीओ सोम उराव, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, सब इंस्पेक्टर धीरज सिंह, बरिष्ट पत्रकार मोहम्मद शमीम, समाजसेवी मोहम्मद इमरान, अंचल कर्मी जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार समेत कई लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। वही नए अंचल अधिकारी ने कहा कि आप सभी के सहयोग से यहां के हरेक तबके के लोगों का कार्य करना मेरी प्राथमिकता होगी, साथ ही ला एन्ड ऑर्डर पर विशेष नजर रखी जाएगी। इधर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव अपने समर्थकों के साथ अंचलाधिकारी से मिलकर बुके देकर स्वागत किया । इस मौके पर प्रदीप यादव, मनोज यादव, मोहम्मद महमूद, समेत कई लोग मौजूद थे।

## एमो ने किया गोदाम का निरीक्षण सत् प्रतिशत अनाज देने की कही बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल एवं एमो का अतिरिक्त प्रभार लिए हरिनाथ महतो ने गोदाम का निरीक्षण सोमवार को किया।जहां डीलरों द्वारा गोदाम से अनाज उठाव कर रहे सभी उपस्थित डीलर से जायजा लिए। एवं पूछा की वजन से सही अनाज मिल रहा है कि नहीं। जिसमें उपस्थित डीलरों ने हां कहे। तब बीडीओ ने लाभुकों को शत प्रतिशत अनाज देने की बात कही है।ताकि लाभुकों के द्वारा इस महीने में मिलने वाला जन वितरण प्रणाली दुकान से अनाज का शिकायत प्रखंड प्रशासन तक ना होने चाहिए। आदि लाभुक इसकी शिकायत प्रखंड प्रशासन से करती है और सही पाया जाता है। तो डिलरों के प्रति कानून कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित कंप्यूटर ऑपरेटर सलमान एवं डीलर लोग मौजूद थे।

## झारखंड ग्राम सभा जागरूकता यात्रा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम हामी में पेसा कानून, वनाधिकार कानून को लेकर झारखंड ग्राम सभा जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें हाल में लोक सभा में पारित वन संरक्षण अधिनियम 2023, भारतीय न्यायपालिका आदिवासी के लिए कितना सही कितना नुकसानदायक सहित पेसा कानून, वनाधिकार कानून आदिवासी हितों से सम्बंधित कानूनों का इतिहास पर चर्चा किया गया। इधर राष्ट्रीय स्तर पर ग्राम सभा के आन्दोलनों का समन्वय पर विशेष चर्चा किया गया। इस सभा में विशेष रूप से प्रखंड के ग्राम प्रधान सहित अन्य कई संगठन के लोग शामिल थे। मौके पर अलोक पाल,जेम्स हेरेंजे, वकील बी आर रावत,प्रकाश कुमार जितेन्द्र सिंह सहित कई अन्य लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू नही होने से क्षेत्र कि जनता में रोष : राजकुमार

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के लातेहार डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर सोमवार को आजसू कार्यालय लातेहार में लातेहार प्रखंड के उपप्रमुख सहित सभी पंचायत समिति सदस्यों ने जिलाध्यक्ष को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कॉलेज के शुरू होने तक लड़ाई लड़ेंगे। जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि डिग्री कॉलेज का शुरू नहीं होना लातेहार के आमजन के साथ धोखा है। जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिलने से लड़ाई में बल मिला है जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र कि जनता के दुख को देखते हुए अपना समर्थन देकर अपनी जवाबदेही सुनिश्चित कि है। कार्यक्रम 2 नवम्बर को बाजारटांड़ से रैली के माध्यम से समाहरणालय परिसर पहुच कर जनसभा में तब्दील हो जाएगी। मौके पर संयुक्त रूप से आमजन को इस अभियान में भाग लेने की अपील की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय उपप्रमुख राजकुमार प्रसाद पंचायत समिति सदस्य कर्मदेव सिंह पुनीत भुइयां सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को कर दिया गया है। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु दिनांक 27 अक्तूबर 2023 से 09 दिसंबर 2023 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन हेतु दिनांक 26 दिसंबर 2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। दिनांक 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। एक जनवरी 2024 तक जो युवा 18 साल पूरा करने वाले हैं, उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने की पहल की जा रही है। इस बीच 18 साल पूरा कर चुके युवा वोटरों का भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। 28, 29 अक्टूबर और 4, 5 नवंबर को सभी मतदान बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमे छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर आदिम जनजातियों, बेघर, 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, थर्ड जेंडर और ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजनों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमे आप सभी का सहयोग जिला प्रशासन को आपेक्षित हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि वह लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। लोगों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने या सुधार हेतु सहयोग एवं जागरूक करें। बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार मोहमद परवेज उपस्थित थे।

## 5 नवंबर को चतरा चलें, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा शताब्दी वर्ष समापन समारोह में यदुवंशी भाग लें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत मुख्यालय के अंतर्गत स्थित सलगा शिव मंदिर प्रांगण में यादव समाज के लोगों ने सोमवार को बैठक किया। बैठक हेमंत यादव के अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य बिंदु पर चर्चा किया गया। बताते चलें कि 5 नवंबर को अखिल भारतवर्षीय यादव समाज शताब्दी वर्ष समापन समारोह की विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर बैठक किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत से यादव समाज के लोग उपस्थित थे। जिसमें निर्णय लिया गया।कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लाखों की संख्या में यादव समाज के महिला व पुरुष को 5 नवंबर को चतरा बाबा धाम मैदान में उपस्थित होना है। एवं एकजुट दिखाना है। साथ ही साथ इस समापन समारोह में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का सन 1924 को बिहार के पूर्णिया जिला में स्थापना हुई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य यादव समाज का मुख्य उद्देश्य यादव समाज को समापन दिलाना एवं समाज में व्यापक कुप्रथाओं को दूर करना। अखिल भारतीय यादव महासभा का 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शताब्दी समारोह हमारे चतरा जिला के पावन भूमि में मनाया जा रहा है।जिसकी मुख्य मांगे हैं। अहीर रेजीमेंट, जाति जनगणना, देश के प्रत्येक जिला मुख्यालय में रेजांगला धाम की स्थापना एवं अन्य मांगों को लेकर यह समापन समारोह किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित जिला परिषद उम्मीदवार बालेश्वर यादव समाजसेवी रामदेव यादव राम आशीष यादव संजय यादव राजकुमार यादव रामदेव यादव सलगा निवासी मनोज यादव भुनेश्वर यादव राजकुमार यादव प्रमोद यादव हेमंत यादव प्रेमचंद यादव रोहन यादव अजय यादव सलगा दिनेश यादव बद्री यादव जगदीश यादव मुखिया एवं दर्जनों यादव समाज उपस्थित थे।

## पूर्व मुखिया बिगन गंझु की हुई आकस्मिक मौत अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व विधायक



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र नवादा पंचायत के पूर्व मुखिया बिगन गंझु की सोमवार को आकस्मिक मौत हो गई। उनकी मृत्यु की खबर सुनते ही पंचायत समेत पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई,लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुँचने लगे।वह अपने पीछे पत्नी को छोड़ गए।उनका अंतिम संस्कार स्थानीय पारसाही घाट में कर दिया गया। बताया जाता है की पंचायत की जनता की पसंद पर लगातार पति पत्नी दो बार मुखिया रहे व तीसरी बार में अनुसूचित जनजाति में शामिल हो जाने के कारण उनका नामांकन अमान्य कर दिया गया था क्योंकि पंचायत अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सीमित संसाधनों के बावजूद पंचायत के विकास में उनका अहम योगदान होने की बात समाजसेवीयो ने कही है।अंतिम दर्शन के लिए पूर्व विधायक जनार्दन पासवान,प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, वर्तमान मुखिया भरत यादव, बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधी बिनोद साव, पूर्व जीप अध्यक्ष पृथ्वी गंझु, दिलीप यादव, नवीन यादव समेत भारी संख्या में पंचायत की जनता ने नम आंखों से उनकी विनम्र श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### रॉयल ऑर्किड के शारीरिक शिक्षक प्रिंस कुमार का राज्य के कोच के रूप में हुआ चयन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में आयोजित 37 वे नेशनल गेम्स गोवा में भाग लेने वाली लागोरी (पिट्टो) बालिका टीम का कोच बरही के रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के शारीरिक शिक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा को झारखण्ड सरकार ने कोच के रूप में नियुक्त किया है। प्रिंस कुमार ने बताया कि इस झारखंड टीम में 15 बालिका और 15 बालक शमिल किए गए है।प्रिंस कुमार के चयन पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, झारखण्ड के खेल निर्देशक सुशांत गौरव आईएएस, झारखंड ओलम्पिक के महासचिव मधुकांत पाठक, रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल बरही के प्राचार्य अनूप कुमार, बरही डीएसपी नजीर अख्तर, झारखंड लागोरी संघ अध्यक्ष रानी कुमारी पांडेय, महासचिव हेमंत कुमार, कोषाध्यक्ष खुशी सिंह ने टीम को हार्दिक बधाई दी।



### 18वीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मेटल आईओंस -2023 में सोनाली कुमारी ने द्वितीय पुरूस्कार लाकर बढ़ाया मान

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल की प्रशिक्षु सोनाली कुमारी ने मुंबई में आयोजित 18वीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मेटल आईओंस -2023 में पोस्टर प्रस्तुति की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड थेरेप्यूटिक्स श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार जीती। नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डेंटों मैक्सिलोफेशियल रेडियोलॉजी एवं एशियन एकेडमी ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल रेडियोलॉजी के सहयोग से आयोजित किया गया था। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमें वास्तव में काफी गर्व है कि यह शानदार पुरस्कार अपना कॉलेज के नाम रहा है। मुंबई में आयोजित 18वीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मेटल आईओएनएस-2023 में द्वितीय पुरूस्कार से हमारा कॉलेज का मान बढा है। मौके पर डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने प्रशिक्षु सोनाली कुमारी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अज्ञात चोरों ने विजैया उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में एक माह में दो बार की चोरी

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजैया उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में एक माह के अंदर दो बार अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है। जिससे विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष की भावना पनप रही है। चुकी पिछले 19 अगस्त को अज्ञात चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया था, जिसका लिखित आवेदन बरही थाना को दिया गया था। जिसके बाद दूसरी बार चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम रविवार बीते रात को दिया है। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव राकेश कुमार एवं विद्यालय अध्यक्ष बीरेंद्र कुशवाहा ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग किया है। आवेदन के माध्यम से बरही थाना को अवगत कराया कि रविवारीय अवकाश के कारण विद्यालय बंद था। सोमवार विद्यालय खुला तो सभी शिक्षक पहुंच चुके थे, देखा कि स्पोर्ट रूम का ताला टूटा हुआ है। जिसमे रखा म्यूजिकल सामग्री में एक एमप्लीफायर, दो माइक और दो चोंगा आदि गायब है। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों में उप प्रमुख, मुखिया और एसएमसी अध्यक्ष को दिया। उपरोक्त घटना की सूचना मिलते ही सभी विद्यालय पहुंचे और घटना से अवगत हुए। इस दौरान यह भी पता चला कि कंप्यूटर कक्ष का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया गया था।

### साइबर क्राइम आरोपी चार दिनों से हाजत में बंद, परिजनो ने लगाई मदद की गुहार

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा थाना पुलिस के द्वारा एक साइबर क्राइम के आरोपी को चार दिनों से हाजत में बंद कर रखने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है. गिरफ्तार आरोपी ग्राम बरवां निवासी विकास कुमार की मां मंदोदरी देवी बरकट्ठा थाना पुलिस से रो रोकर अपने पुत्र को छोड़ देने की गुहार लगा रही है. जानकारी हो की पिछले 27 अक्टूबर 23 को ग्राम फिरोजी थाना पाली जहानाबाद बिहार निवासी पूजा कुमारी पिता द्वारिका प्रसाद ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. आवेदन में पूजा ने अपने ममेरे भाई ग्राम बरवां बरकट्ठा निवासी विकास कुमार पिता विनोद प्रसाद के विरुद्ध अपने नाम से बैंक खाता खोल साइबर क्राइम कर 25 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया था. बरकट्ठा थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को 27 अक्टूबर को पकड़कर थाना ले आई. जिसे 30 अक्टूबर चार दिन तक बरकट्ठा थाना में रखने पर आरोपी के परिजनों का सब्र का बांध टूट पड़ा और इसको लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए छोड़ने की गुहार लगाई है. इस बाबत बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया की इसको लेकर एक आवेदन प्राप्त हुआ है. जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है. वहीं परिजनो और ग्रामीणों ने दबे जुबान बताया की पुलिस मामले को रफा दफा करने के लिए एक मोटी रकम की मांग कर रही है. सबसे दिलचस्प बात यह है की पीड़ित पूजा कुमारी के चार दिन पूर्व लिखित शिकायत देने के बावजूद आज तक मामला दर्ज नही किया गया है.



### त्यौहार नजदीक, सांकुल बरवाटोला में चला स्वच्छता अभियान

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम सांकुल के बरवाटोला में करवा चौठ पूजा समिति द्वारा सोमवार को करवा चौठ पूजा दीपावली और महापर्व छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया । जिसमें गांव के गली-मोहल्ले और रास्तों की झाड़ियां की साफ-सफाई की गई । वहीं समिति के सदस्यों ने बताया कि एक नवंबर को करवा चौठ पूजा और दो नवंबर को मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।मौके पर बिंदेश्वर सिंह,अमर सिंह,भगवान सिंह अरविंद सिंह,प्रमोद सिंह,सुरेंद्र सिंह, राज कपूर सिंह,अमित कुमार गंझू, भीम कुमार सिंह,मोहन सिंह,और मनजीत सिंह आदि उपस्थित थे ।



## वर्षों का सपना हुआ साकार, विधायक ने मानसिंघा नदी पर पुल का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया और प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा को जोड़ने वाली मानसिंघा नदी पर पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई. जिसका आज विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बरसोती नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा. इस नदी पर पुल का निर्माण हो जाने से यहां के स्थानीय लोगों के साथ आसपास के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को भी काफी ज्यादा मदद मिलेगी.यह पुल बन जाने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी.साथ ही इस पुल के बनने से एनएच 33 जीटी रोड सीधे जुड़ जाएगा। जिससे बरकट्ठा साप्ताहिक बाजार में ट्रैफिक जाम और प्रदूषण समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी।




## किशोरी राणा ने किया पतरातू प्रखंड का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नव झारखंड फॉउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा हजारीबाग पतरातू प्रखंड का भर्मण कर लोगो की जनसमस्याओं को सुना जाना एंव उसे हल करने का यथा संभव प्रयत्न करने की बात कही। किशोरी राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार प्रवासी मजदूरों पर ध्यान नहीं दे रही है झारखंड के लोग दूसरे राज्यों की ओर काम करने के लिए पलायन कर रहे हैं जबकि यहां खनिज संपदा से भरी पूरी धरती है । गांव गांव में लोग भ्रष्टाचार से जूझ रहे हैं ऐसे में नव झारखंड फाउंडेशन लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। साथ ही कहा कि बहुत ही मजबूती ढंग से नव झारखंड फाउंडेशन अपनी शाखा का विस्तार कर रही है और कड़ी से कड़ी जोड़ कर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अशरफ रजा खां , प्रेम विश्वकर्मा, चमन श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।



## बरही में हाथियों के झुंड ने बाउंड्री वॉल तोड़ा, फसल का भी किया नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को बरही के करियातपुर, बरसोत व कोरियाड़ीह में हाथियों का झुंड पहुंचा। हाथियों के झुंड को देखकर ग्रामीण दहशत के माहौल में रहे। इस दौरान हाथियों की झुंड तीन से चार घरों के बाउंड्री को तोड़ दिया, वही फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। जब ग्रामीणों ने फॉरेस्ट विभाग को इस संबंध में सूचना दिया तो उनके द्वारा हाथियों के रूट को जंगल की ओर किया। बताया जाता है कि फिलहाल हाथियों का झुंड पड़रिया के तिलैया बस्ती की और जंगल में है।

## पीवीयूएन पतरातू में ए डब्लू 23 का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएन पतरातु में हर्षोल्लास के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सम्मेलन हॉल में रवींद्र कुमार सीईओ पीवीयूएन और श्री बी.दास जीएम इंजीनियरिंग द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। तथा प्रशासन भवन में सभी विभागाध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से काम करने और कानून के शासन का पालन करते हुए न तो रिश्वत लेते हैं और न ही रिश्वत देते हैं के सिद्धांतों पर चलने की शपथ ली और सभी कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने जनहित और भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की सूचना उचित अधिकारियों को देने की सलाह दी गई।अगले दिनों में पीवीयूएन के कर्मचारियों परिवारों और स्थानीय लोगों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एसएसवीएम की छात्राओं ने जीते आठ मेडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** खेलो इंडिया के तहत पतरातू बाजार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय की आठ बहनों ने मेडल प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य उपेन्द्र कुमार पांडे ने बताया है कि खेलो इंडिया के तहत 28 और 29 अक्टूबर को धनबाद में आयोजित किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विद्यालय से आठ बहनो ने हिस्सा लिया था ढ़ जिसमें माही कुमारी,अंजू कुमारी और श्रुति कुमारी ने गोल्ड मेडल,दिव्यानी कुमारी,विद्या कुमारी और प्रीति कुमारी ने सिल्वर मेडल एवं खुशी कुमारी और नंदनी कुमारी ने ब्रांज मेडल जीतकर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किये है ढ़ इसमें मुख्य रूप से रामगढ़ जिला कोऑर्डिनेटर रवि शंकर प्रसाद सिंहा और कोच कृश सिंहा का सराहनीय योगदान रहाढ़बहनो को इस सफलता पर प्रधानाचार्य,विद्यालय समिति के पदाधिकारीगण,सदस्य सहित आचार्य संजय सिंह,हरि शंकर, ने घनश्याम कुमार एवं दीदी जी में निर्मला कुमारी,ज्योति पूरी और शील्पी पाठक ने बधाई दी है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए है।



## वन अधिकार समिति बसरिया का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के बसरिया पंचमाधव पंचायत में पंचायत स्तरीय वन अधिकार समिति का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष भागीरथ यादव एवं सचिव नागेश्वर कुमार को बनाया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया नीलम देवी व संचालन प्रशिक्षु पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश ने किया।

मौके पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, वार्ड सदस्य घनश्याम सिंह, देवनंती देवी, नजमा खातून, संजीत यादव, राजेंद्र यादव व सुरेश पासवान, राजेश यादव, यशवंत कुमार, अरविंद कुमार शर्मा, राजू राजा, धीरेंद्र यादव, गणेश रजक, राजेंद्र यादव, नरेश यादव, संजय यादव, दीपक कुमार, राजेश यादव, नरेश यादव, कार्तिक, मुकेश यादव, संजीत कुमार, रोहित कुमार, विजय कुमार, कौलेश्वर यादव, रंजू देवी, महादेव यादव, सभी ग्रामों के अध्यक्ष सचिव शामिल रहे।



## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 16 सूत्री मांगों के लेकर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** झारखंड कोलिारी मजदूर यूनियन का एजेंडा बैठक चरही सीसीएल जीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। चरही हजारीबाग क्षेत्र जीएम के के सिंह के समक्ष 16 सूत्री मांगों को लेकर बैठक किया गया। वही जीएम के द्वारा भरोसा दिलाया कि आपलोगों का 16 सूत्री मांगो को बहुत जल्द ही पूरी की जाएगा।मुख्य रूप से जीएम के के सिन्हा, एस ओ पी पल्लव चक्रवर्ती, कुर्बान अंसारी जेसीएमयू क्षेत्रीय अध्यक्ष, अकाल उरांव क्षेत्रीय सचिव, डालचंद महतो जोनल सहसचिव, रामकिशोर मुर्मू क्षेत्रीय उपाध्यक्ष,मन्नू टुडू तापिन साउथ यूनिट सहसचिव, धीरज मांझी सचिव जीएम यूनिट,मो अनवर क्षेत्रीय सहसचिव, सोमरा मुंडा जीएम यूनिट अध्यक्ष, अश्विनी कुमार कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सह सचिव जीएम यूनिट, राजकुमार सचिव केदला वाशरी, महेश कुमार , देवी लाल मांझी एरिया कोषाध्यक्ष, दिनेश्वर रविदास सचिव तापिन साउथ, साथ यूनियन नेतागण उपस्थित थे ।



## जदयू अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बने छोटन पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** छोटन पासवान को जनता दल यूनाइटेड के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया । इस मौके पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो एवं प्रदेश अनुसूचित जाति अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान उपस्थित थे । छोटन पासवान को अध्यक्ष लिए मनोनीत होने पर जनता दल यूनाइटेड परिवार में हर्ष व्याप्त है एवं जिला के नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद दी है ,एवं छोटन को शुभकामनाएं दी। पार्टी ने आशा व्यक्त किया गया की छोटन के नेतृत्व में जिला जनता दल यूनाइटेड मजबूत होगा । छोटन मजबूती के साथ काम करेंगे। धन्यवाद देने वालों में जिला प्रवक्ता साह वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, साबिर खान , चंद्र मोहन पटेल ,रोमी सलूजा , राजू खंडेलवाल, प्रेमचंद राम राकेश गुप्ता सहित अन्य नेता उपस्थित है ।

### प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीना ने किया बाल गृह का औचक निरीक्षण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के अन्तर्गत बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु संचालित विभिन्न बाल गृहों, स्वैच्छिक आवासीय विद्यालय एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण तथा महिलाओं के लिए संचालित उज्जवला होम एवं स्वाधार गृह का औचिक निरीक्षण उपायुक्त नैनसी सहाय के निर्देश पर प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीना के द्वारा किया गया। विदित हो कि बाल गृहों के संचालत हेतु झारखण्ड किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) नियम, 2017 का अनुपालन करना अनिवार्य है। दिनांक 28 अक्टूबर 2023 करे बरही स्थित बाल गृह का औक्षक निरीक्षण किया गया। यह बाल गृह एक गैर सरकारी संस्था जन जागरण केन्द्र के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में संस्था में आवासित दिव्यांग बच्चों का आवासन एवं साफ-सफाई अच्छा नहीं पाया गया। संस्था में कार्यरत कर्मचारी का बिना अनुमति का संस्था से अनुपस्थित रहने के कारण उनकी अनुपस्थिति अवधि का वेतन भुगतान नहीं करने हेतु संस्था के संचालक को निदेश दिया गया।

## काली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शिलाड़ीह में सार्वजनिक काली मंदिर में आगामी काली पूजा को सफल बनाने व पूजा समिति का गठन को लेकर शिव मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित किया गया.जिस बैठक की अध्यक्षता अवध किशोर सिंह ने किया.बैठक में काली पूजा धूमधाम से मनाने व रात्रि जागरण का कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया.वहीं उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कमेटी का चयन पूर्व साल के सदस्यों को इस वर्ष भी पूर्वत रखने की बात कही गई.बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर सिंह ने कहा काली पूजा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा. वहीं रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम को रखा जायेगा बैठक में अवध किशोर सिंह, चंद्रशेखर सिंह,रामतीरथ पाण्डेय,राजकुमार गिरी, प्रताप सिंह,मुन्ना रवानी,राजन कुमार चौधरी,श्याम किशोर पांडे, संजय लामा,चिंतामणि पंडित, बहादुर कुमार यादव, दीपक कुमार, रामप्रसाद ठाकुर,रामेश्वर भुईयां, महावीर भुईयां,उमेश राम, शंकर भुईयां, खूबलाल पंडित, रजनीकांत पाण्डेय,शंकर भुईयां, सूरज देव प्रजापति, कृष्णजय कुमार पाण्डेय के अलावे कई लोग उपस्थित थे।



## झारखंड राज्य फसल राहत योजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत कृषकों के पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, झारखंड फसल राहत योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत कृषकों को प्रकृतिक आपदा से फसलों के नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। खरीफ एवं रबी फसलों के लिए कृषकों को अलग-अलग निबंध करना होता है। वर्तमान रब्बी खेती के मद्देनजर निबंधन प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कृषकों को प्रोत्साहित करने को कहा। कृषकों की सही पहचान कर सत्यापन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों से करने एवं निबंध प्रक्रिया में राजस्व कर्मियों तथा प्रज्ञा केन्द्रों को क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही पैकस के माध्यम से गोदाम धान के स्टॉल तथा वास्तविक स्टॉल का सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने संबंधित आंचल एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि, खरीफ फसल मौसम 2023-24 हेतु निबंधन एवं आवेदन प्रारंभ है। योजना के तहत सी.एस.सी. के द्वारा आवेदन करने वाले पूर्व से निबंध किसानों को आवेदन हेतु ?10/- मात्र एवं नए निबंध और आवेदन करने वाले किसानों को ?40/- मात्र ही देना है। स्वयं ऑनलाइन निबंधन और आवेदन करने वाले किसानों एवं सी.एस.सी के द्वारा आवेदन करने वाले किसानों को इ- के.वाई.सी. के लिए, सी.एस.सी. को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र



## रांची के नोवा आईवीएफ परिसर के फर्टिलिटी विशेषज्ञों का मानना है, पुरुष बांझपन में हुई है बढ़ोतरी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अक्सर बांझपन को महिलाओं की समस्या मान लिया जाता है और उनके कंधों पर ही बांझपन का यह बोझ आ जाता है। पुरुषों में बांझपन होने के कई कारण हैं जैसे जीवनशैली, मोटापा, अत्यधिक धूम्रपान और शराब का सेवन, तंबाकू का सेवन, वातावरण में मौजूद प्रदूषक और केमिकल। रांची के नोवा आईवीएफ की फर्टिलिटी कंसल्टेंट, डॉ. निवेदिता मिश्रा का कहना है कि एजूस्पर्मिया या अशुक्राणुता की समस्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। पुरुषों के बांझपन में, एजाकुलेशन के दौरान कोई भी स्पर्म नहीं होता है। यह 'अवरोधक' हो सकता है, यदि वहां ब्लाकेज मौजूद हो तो वह एजाकुलेशन के दौरान स्पर्म को प्रवेश करने से रोकेगा। टेस्टिस में स्पर्म के निर्माण में कमी के साथ यह 'गैर अवरोधक' ब्लाकेज भी हो सकता है। रांची नोवा फर्टिलिटी में इंफर्टिलिटी विशेषज्ञ, डॉ. निवेदिता मिश्रा ने एजूस्पर्मिया की वजह से होने वाले पुरुष बांझपन का उपचार किया है। एक शादीशुदा जोड़ी, जिसमें पत?नी की उम्र 24 और पति की 28 वर्ष थी, पिछले पांच साल से गर्भधारण के लिए प्रयास कर रही थी। उन्होंने प्रजनन को लेकर परामर्श लेने का फैसला किया और परीक्षण से पता चला कि महिला का प्रजनन स्वास्थ्य सामान्य था और पति के स्पर्म की सेहत में कुछ असामान्यताएं थीं। उन्हें अशुक्राणुता की समस्या होने का पता चला। कई मामलों में अशुक्राणुता का उपचार संभव है, जिससे दंपती प्रजनन की सहायक विधियों से गर्भधारण (Assisted Reproductive Methods) कर सकते हैं। उन तरीकों में शामिल हैं, इंट्रासाइटोप्लाज्मिक स्पर्म इंजेक्शन (ICSI) या इन विट्रो फर्टिलाइजेशन ( आईवीएफ )।इस मामले में, रोगी अंडकोष(testicles) में संक्रमण की समस्या से जूझ रहा था, जिसके कोई स्पष्ट लक्षण नजर नहीं आ रहे थे। सबसे पहले उनके अंडकोष के संक्रमण का उपचार एंटीबायोटिक के साथ किया गया और उसके बाद टीईएसए(TESA) (टेस्टिकुलर स्पर्म एस्पिरेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया गया, जहां अवरुद्ध स्पर्म को अंडकोष(testicles) से लिया गया। चूंकि, पत्नी की रिपोर्ट सामान्य थी, इसलिए उन्होंने आईवीएफ कराया जहां पुरुष के स्पर्म को महिला के एग के साथ मिलाया गया और फिर भ्रूण का निर्माण हुआ। पहले आईवीएफ ट्रीटमेंट साइकल में उन्होंने सफलतापूर्वक गर्भधारण कर लिया।

## बंदा गांव में नौजवान एकता कमिटी की ओर से महफिल ए कव्वाली मुकाबला का किया गया आयोजन



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बंदा गांव में रविवार की रात नौजवान एकता कमिटी की ओर से महफिल ए कव्वाली मुकाबला का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व उसकी धर्म पत्नी सुधा गुप्ता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान अतिथियों ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से लोगों को एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्रदान होता है लोग आपस में भाईचारगी व एकता हमेशा बनाए रखने का संदेश दिया। कव्वाली में गया बिहार के मशहूर व मारूफ कव्वाल गुलाम शाबरी व बिहार मुजफरपुर के कव्वाला शबा रंगीली के द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार कव्वाली पेश करते हुए रात भर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। ठंडक रहने के बावजूद भी लोग कव्वाली का मजा लेते रहे। मौके पर गोला पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य रेखा सोरेन, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, जनार्दन पाठक, शेखर पटवा, जोया प्रवीण,हसन ईमाम व काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## जीएम अरगड्डा ने सतर्कता जागरूकता संदेश रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के मुख्यालय प्रांगण से सोमवार को महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे, अतिथि सीसीएल हेडक्वार्टर रांची के उप महाप्रबंधक कार्मिक व सतर्कता एसके सिंह एंव अन्य अधिकारियों द्वारा सतर्कता जागरूकता 2023 के रथ को हरी झंडी दिखा रवाना किया गया। अवसर पर अमला अधिकारी एमएफ हक, महाप्रबंधक संचालन सुजीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक खनन राजीव सिंह, स्टाफ सेफ्टी ऑफिसर रमेश कुमार, स्टाफ अधिकारी खनन डीके सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी निखिल श्रीवास्तव ने किया। अवसर पर अधिकारियों, कामगारों ने सेल्फी स्थल पर तस्वीर खीचा व हस्ताक्षर अभियान से सतर्कता की शपथ लिया। जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने स्वयं से सतर्कता जागरूकता पहल करने का आह्वान किया। जबकि अतिथि कार्मिक व सतर्कता विभाग के रांची के एसके सिंह ने कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए सर्तक रहते हुए पारदर्शिता बरतने की बातें कहीं। बताया गया की सतर्कता रथ का संदेश क्षेत्र के सभी कोलयरी इकाइयों एवं आस-पास जागरूकता कार्य करेगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 4 नवंबर 23 तक चलेगा। मौके पर बीसीकेयू अरगड्डा क्षेत्र सचिव गौतम बनर्जी, कर्मचारी दुर्गेश सिंह, गार्ड चरण आदि उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण सम्पन्न



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड के माण्डू चट्टी पंचायत भवन में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया अनीता देवी व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बालेश्वर भुइयां एवं संस्था के सचिव सुधीर सिंह ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र का किया वितरण । सहयोगी संस्था लोक कल्याण परिषद समिति बरही के सौजन्य से संपन्न की गई इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना एवं आत्मनिर्भर बनाना कार्यक्रम में मुख्य रूप से माण्डु चट्टी मुखिया ने बताया की मशरूम की उपयोगिता एवं उद्यान विभाग के द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी उन्होंने किसानों को संबोधन करते हुए कहा कि किसान अच्छी तरह से पांच दिवसीय प्रशिक्षण लिया और किसान अपना अतिरिक्त आय का स्रोत बनायें इस कार्यक्रम में समाजसेवी बालेश्वर भुइयां इन्होंने कहा कि मशरूम के प्रशिक्षण प्राप्त कर लोगों को उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहन किया और इससे होने वाले आर्थिक लाभ के बारे में बताएं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनीता देवी पंचायत के उप मुखिया पंकज कुमार लोक कल्याण परिषद के सचिव सुधीर सिंह आशीष कुमार सिंह , पुष्पेंद्र धाकड़ मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियों के लिया हुआ एक्सपोजर विजिट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** सोमवार को आईसीएआर कृषि अनुसंधान केंद्र, पलांडू में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी रामगढ़ के सभी प्रखंडों के दीदी बगिया के लाभुक, पाली नर्सरी हाउस के लाभुक, एफटीसी एवं बीपीओ के साथ एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईसीएआर पलांडू में क्लासरूम प्रशिक्षण डॉ ए के सिंह के द्वारा दिया गया, सर्वप्रथम आईसीएआर के स्थापना एवं इसके उद्देश्यों के बारे में बताया गया साथ ही उन्होंने कृषि क्षेत्र में क्या-क्या नए-नए अनुसंधान आईसीएआर के द्वारा किए गए है के बारे में जानकारी दि, उन्होंने बताया कि पौधों में ग्राफ्टिंग की आवश्यकता क्यों है एवं वर्मी कंपोस्ट कैसे बनाया जाता है, क्यों बनाया जाता है और असली वर्मी कंपोस्ट को कैसे पहचाने इसके बारे में क्लासरूम में जानकारी दी गयी। उसके पश्चात दीदियों को प्रैक्टिकल के लिए नर्सरी में ले जाया गया वहां पर आम पौधों की ग्राफ्टिंग कैसे की जाती है इसके बारे में बताया गया सब्जी के पौधों, टमाटर, बैंगन की ग्राफ्टिंग के बारे में बताया गया। इस दौरान उन्हें पौधों में लगने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में बताया गया तथा उनसे रोकथाम के उपाय के बारे में भी बताया गया। इस दौरान दीदियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों का भी जवाब दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य रामगढ़ जिले के सखी मंडलों की दीदियों में उन्नत किस्म के नर्सरी को बढ़ावा देना है ताकि भविष्य में ज़िले में फूलों फलों की खेती को बढ़ावा दिया जा सके एवं महिलाओं में इस ओर रुझान बढ़े। जिले के महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे मनरेगा, आम बागवानी योजनाओं इत्यादि में जिला सक्षम बने और महिलाओं का सशक्तिकरण हो। गौरतलब हो कि उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार द्वारा दिये गए निर्देभ के आलोक में जेएसएलपीएस द्वारा सखी मंडल की महिलाओं एवं स्टाफ का एक्सपोज़र विजिट प्लाण्डु रांची के आईसीएआर संस्थान में कराया गया।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़ संजीत कुमार ने गोला एवं चितरपुर प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरांगमर्चा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोसोकला का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बच्चों की उपस्थिति पंजी, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय संचालन आदि का जायजा लेने के क्रम में शिक्षकों को विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु विभाग द्वारा संचालित प्रयास कार्यक्रम एवं रुआर अभियान बैक टू स्कूल के माध्यम से रचनात्मक तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया वहीं मध्यान भोजन के निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने निर्धारित रोस्टर का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यालय प्रभारियों को विद्यालय के शिक्षकों के साथ विभिन्न क्षेत्रों व टोलों को टैग करते हुए जिन क्षेत्रों में बच्चे नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं उनमे जागरूकता अभियान चलाने एवं अभिभावकों को बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बच्चों से वार्ता कर उन्हें विद्यालयों के माध्यम से मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया एवं उन्हें विद्यालय में साफ सफाई बनाए रखने एवं नियमित रूप से विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जागरूक किया।

## पेड़ पर लटकता मिला एक युवक का शव, छानबीन में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी ओपी अंतर्गत ओल्ड खदान संख्या एक दो के समीप पंखा घर से सटे एक पेड़ पर सोमवार को अज्ञात युवक का शव पेड़ पर झुलता हुआ मिला। वहीं सुबह में राह से गुजर रहे लोगों ने पेड़ पर शव लटकता देख उरीमारी ओपी को सुचना दी जिसपर उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वहीं शव की पहचान उरीमारी पिंडरा बस्ती के लालदेव मांझी के पच्चीस वर्षीय पुत्र महेन्द्र सोरेन के रुप में की गई।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि महेन्द्र सोमवार की रात घर नहीं आया और उसका मोबाइल भी शाम से ही बंद बता रहा था। वहीं इस मामले में उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतिक होता है हालांकि यह हत्या है या आत्महत्या इसकी छानबीन चल रही है पुलिस अपने तरीके से जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## मदगी में लखी पूजा पर भगवती जागरण का आयोजन संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत मदगी मे श्रीश्री लखी पूजा समिति द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पुत्र पियूष चौधरी, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिला पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो शामिल हुए विधिवत रूप से उद्धाटन किया गया। तत्पश्चात चौधरी ने कहा कि मां भगवती का जागरण आयोजन होने से आपसी ग्रामीणों में प्रेम भाव बढ़ता है तथा धर्म के प्रति लोग होते हैं जागरूक और आपस में प्रेम भाव से भक्ति गीतों का लुफ्त उठाते हैं,लोगों में धर्म के प्रति गहरा आस्था व विश्वास बढ़ता है तथा मां को मिलती है सुकून भक्तिभय गीतों से मानसिक तनाव से मिलती है मुक्ति तथा मन में सुबुद्धि का संचार होता है जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष ने कहा कि भगवती का याद करने पर मां को मिलती है सुख शांति और मानव समाज को मनोकामना पूर्ण होता है, इसलिए भक्ति जागरण में सभी लोगों को शामिल होकर एकजुटता का परिचय देना चाहिए जागरण से मन में अनोखा आनंद का संचार होता है। एक से बढ़कर एक धार्मिक गीतों की प्रस्तुति से रात भर लोग झूम और नाचे,गाये श्रद्धालुओं को शरद पूर्णिमा लखी पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर रामगढ़ विधायक के पुत्र पीयूष चौधरी ,सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक राजनन्दन महतो, दुलमी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख रिझु महतो, दुलमी पंचायत मुखिया रविन्द्र महतो आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला उपाध्याय राजकिशोर महतो, जिला उपाध्यक्ष ब्रजनन्दन महतो, ब्रजकिशोर महतो, पंकज कुमार, सीडी महतो, अभय पद्मराज , तुलसी महतो श्री श्री लखी पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष सहित सैकडों लोगों की उपस्थिति मुख्य रूप से हुआ।

## रामगढ़ भाजपा के सभी मंडल से मेरी माटी मेरा देश का अमृत कलश लेकर दिल्ली रवाना हुए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मेरी पार्टी मेरा देश का अमृत कलश लेकर रामगढ़ भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए । भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह तथा गोला, चितरपुर ,दुलमी ,पतरातु,मांडू अध्यक्ष तोकेश सिंह ,गोला अध्यक्ष बबलू साव चितरपुर अध्यक्ष गणेश साव, जगतार सिंह ,जितेंद्र साव सभी 6 मंडल से सभी ने अपने मंडल से अमृत कलश लेकर दिल्ली रवाना हुए। आजादी को अमृत महोत्सव को लेकर आजादी के 75 साल के शुभ अवसर पर वीर शहीद जवानों के श्रद्धांजलि के रूप में 75000 हजार पेड़ लगाई जाएगी दिल्ली के अमृत वाटिका सभी शहीदों को नमन उनकी कुर्बानी को हम भारत वासी एक याद के तौर पर देखेंगे पूरे भारत वर्ष से सभी जिला प्रखंड से हर घर जाकर मिट्टी इकट्ठा कर अपने अमृत कलश में दिल्ली ले जा कर पेड़ लगा कर मिट्टी डालेंगे शहीदों के याद में हम भारत वासी सभी साहिदो को उनकी कुर्बानी को सर्वदा याद कर उन्हे नमन करेंगे समस्त भारत वासी को ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद देता हूं इस कार्यक्रम में बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।

## 31 अक्टूबर को रामगढ़ में पटेल जयंती समारोह का आयोजन, तैयारियां पूरी



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में 148वी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह आज मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर पटेल छात्रावास समिति कांकेबार रामगढ़ के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस समारोह के उद्धाटनकर्ता सुरेश कुमार महतो पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड एवं मुख्य अतिथि में चंद्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह सांसद मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई सांसद एवं विधायक एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

## माकपा लोकल कमेटी की बैठक हुई संपन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी लोकल कमेटी की बैठक सोमवार के दिन बड़ामुरी सीपीआईएम कार्यालय में संपन्न हुई हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कामरेड संतोष कुम्हार ने किया, उन्होंने कहा की आगामी दिनांक 17 नवंबर 2023 को बुंडू में हो रही विशाल रैली के विषय में बातें बताई तथा मुरी सिल्ली लोकल कमेटी की ओर से 5000 लोगों को ले जाने की घोषणा हुई।आगे कामरेड अरुण महतो ने विनाशकारी नीतियों से देश और जनता को बचाने के संघर्ष में शामिल होने का आह्वान किया। कामरेड चितरंजन महतो ने कहा कि सबके लिए खाद्य सुरक्षा की गारंटी के लिए बिना किसी कटौती के सभी आवश्यक वस्तुओं की राशन व्यवस्था सुनिश्चित करें। कामरेड अमर महली ने कहा की मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण के लिए कारगर कदम तथा आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटना एवं पेट्रोलियम उत्पादों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की कमी सुनिश्चित करने की बातें कही। इसी क्रम में कामरेड सदानंद सोनार ने कहा कि राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन ?26000 प्रति माह केंद्र सरकार घोषित करें तथा ह्वक्क-खत्म कर ह्वक्क-बहाल करें और सभी को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करें।इस बैठक में कामरेड रविपद बेदिया तथा विजय सिंह मुंडा ने भी सम्बोधित किया। बैठक में पर्यवेक्षक के तौर पर जिला कमेटी की ओर से शामिल कामरेड सुरेश मुंडा ने बताया कि इस विशाल रैली को माकपा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी के द्वारा संबोधित किया जाएगा। अतः तमाम सिल्ली मुरी के जनता को इस विशाल रैली में शामिल होने का आह्वान किया।


### जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़
### (जिला निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O)Email Id : dc-ramgarh@gov.in

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

**-:: मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन ::-**

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक-4091, दिनांक-05.10.2023 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में दिनांक-01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के निमित रामगढ़ जिलान्तर्गत सम्बद्ध दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र यथा 22-बड़कागाँव एवं 23-रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र हेतु तैयार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन आज दिनांक-27.10.2023 को निर्वाचन आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट सभी अभिहित स्थानों पर विधिवत् कर दिया गया है। मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटि रहित तैयार करने के उद्देश्य से संशोधित तिथिवार कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है :-

1. दावा एवं आपत्ति की तिथि दिनांक-27.10.2023 से दिनांक-09.12.2023 तक है, जिसमें वैसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं।
2. सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक-28.10.2023, 29.10.2023, 04.11.2023 एवं 05.11.2023 को विशेष कैम्प आयोजित किया जाएगा, जिसमें उपस्थित होकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं।
3. वैसे मतदाता, जिनका मतदाता सूची में त्रुटि(नाम, संबंधी का नाम, जन्म तिथि, पता, लिंग, फोटो, मोबाईल नं०, आधार नं० एवं अन्य) का निराकरण हेतु प्रपत्र 8 में आवेदन कर सुधार किया जा सकता है।
4. वैसे मतदाता, जिनके पास अभी Black & White पहचान पत्र है, उनको Colour पहचान पत्र करवाना आवश्यक है, जिसके लिए प्रपत्र 8 में Replacement of EPICमें आवेदन कर Colour मतदाता पहचान पत्र प्राप्त कर सकते हैं।
5. उक्त सभी प्रपत्रों को संबंधित बी०एल०ओ० / Voter Helpine App (VHA) / Voter's Service Portal (VSP) के माध्यम से भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

ह०/-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह- उपायुक्त, रामगढ़

PR 310134 Election(23-24)#D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
श्रम अधीक्षक का कार्यालय, रामगढ़
Email: ls-ramgarh@jharkhandmail.gov.in / ls.ramgrah2016@gmail.com

**ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित श्रमिक एवं उनके आश्रित हेतु आवश्यक सूचना**

भारत सरकार, श्रम और रोजगार मंत्रालय के पत्रांक- 127162 दिनांक- 24.08.2023 द्वारा ई-श्रम Ex-Gratia Module प्रारम्भ किया गया है।

इस योजना के तहत 31.03.2022 तक ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित श्रमिक के दुर्घटना में मृत्यु एवं अपंगता होने की स्थिति में उन्हें अथवा उनके वैद्य आश्रित को 2,00,000/-से 1,00,000/- रूपये तक की राशि निम्नवत् दी जानी है :-

| क्र0 सं0 | मृत्यु/अपंगता | देय राशि |
|---|---|---|
| 1 | दुर्घटना में मृत्यु। | रू0 02 लाख |
| 2 | क) दोनो आँखो की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>ख) दोनो हाथ या दोनो पैर के उपयोग की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>ग) एक हाथ या एक पैर के उपयोग की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>घ) एक आँख की रौशनी तथा एक हाथ या एक पैर के उपयोग की पूरी एवं अपूरणीय क्षति। | रू0 02 लाख |
| 3 | क) एक आँख की रौशनी की पूरी एवं अपूरणीय क्षति।<br>ख) एक हाथ या एक पैर की पूरी तथा अपूरणीय क्षति। | रू0 01 लाख |

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :-
I. आवेदक का आधार, II.मृतक/अपंग श्रमिक का ई-श्रम कार्ड, III. मृत श्रमिक का मृत्यु प्रमाण-पत्र IV. मृतक /अपंग श्रमिक का चिकित्सा प्रमाण-पत्र, V. FIR रिपोर्ट VI.मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट VII. भारत सरकार द्वारा जारी (Unique Disability Identity Card (Permanent) VIII. अस्पताल द्वारा दुर्घटना से विकलांगता होने की विवरणी (Discharge Summary) IX.जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण-पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में) X. विकलांगता प्रमाण-पत्र
अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को फरवरी, 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।
विशेष जानकारी एवं अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/-
श्रम अधीक्षक,रामगढ़

PR 310147 (District)23-24*D



### कार्यालय -जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

**पशुपालकों के लिए आम-सूचना**

विभागीय राज्यादेश संख्या 02 रा० (विभाग) दिनांक 04.05.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजन के लिए पशुपालन प्रभाग सिमडेगान्तर्गत पंचायतवार तिथि निर्धारण की विवरणी -

| क्र० सं० | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम | पदनाम | दूरभाष सं० | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेठईटांगर | दुमकी | जलकी टोली | 01.11.2023<br>02.11.2023 | डॉ० अर्चना मिंज | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, ठेठईटांगर | 9798614128 | |
| 2 | ठेठईटांगर | ताराबोगा | आंवराबहार | 03.11.2023<br>04.11.2023 | | | | |
| 3 | ठेठईटांगर | कोरोमियां | जपलंगा | 06.11.2023<br>07.11.2023 | | | | |

शिविर के आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है, जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सके और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।
शिविर का समय-सुबह 08.00 बजे से 03.00 बजे तक

**विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएं निम्नवत होगी :-**

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. कुक्कुट, भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करना है।
3. भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
4.उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्सचर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
5. विभिन्न बिमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
6. पशु रोगों की जाँच ।7बांझपन चिकित्सा एवं गर्भ जाँच।
8. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
9. विभिन्न प्रकार के सैम्पल यथा-खुन, गोबर, मुत्र आदि जमा कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान काँके, राँची से विशेष जाँच करवाना।

पशुपालकों से अनुरोध है कि आयोजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित इलाज करावें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.310187 Animal Husbandry(23-24):D

## बाल विवाह करोगे, तो जाओगे जेल : प्रो शंकर रवानी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हमें चाहिए, आजादी, बाल विवाह से आजादी। चुप्पी तोड़ो हिंसा रोको आदि नारो के साथ बाल विवाह, बाल यौन शौषण एवं बाल तस्करी पर डीश एश वीश पब्लिक स्कूल महुदा में सेमिनार का आयोजन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। सेमिनार में डीश्एश्वीश के छात्र अंग छात्राओं के अलावे शिक्षकों ने भाग लिया। सेमिनार को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रोश शंकर रवानी ने कहा कि ट्रस्ट बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए धनबाद जिला में सघन जागरूकता का कार्य कर रही है, बाल विवाह करने एवं कराने वाले समान रूप से दोषी है और दो वर्ष के लिए जेल भी जा सकते हैं, उन्होंने बाल विवाह अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार को पत्रकार एहशान फैज, तिलकधारी, प्रकाश चंद तिवारी, रविन्द्र कुमार सिंह, विनिता कुमारी, प्रिया कुमारी, विकास घोष, ए के मिश्रा, ए डी सिंह, एस के पाठक आदि ने संबोधित किया।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर प्रखंड के गोड़तोपा पंचायत में अख्लाख क्लब के सदस्यों ने पाँच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि ने ग्राउंड में फुटबॉल को किक मार कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। मुकेश कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से झारखंड खेल नीति का लोकार्पण हुआ। यह खेल नीति मुख्य रूप से यहां के खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य, झारखंड में खेल गतिविधियों का प्रसार, युवाओं को रोजगार, आमजनों में आत्मविश्वास एवं झारखंड को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। खेल नीति में खिलाड़ियों को नौकरी एवं शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में खिलाड़ियों की कोई जाति, कोई मजहब, कोई धर्म नहीं होता है। खिलाड़ी केवल खेल भावना एवं राष्ट्रीय भावना से खेलता है और यह दिलों से दिल को जोड़ने का स्थान होता है। उन्होंने कहा कि यह खेल नीति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित खेल विद्या में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि खेलेगा झारखंड तो बढ़ेगा झारखंड। अख्लाख क्लब के सदस्यों में झामुमो युवा नेता इमरान अंसारी, उमेश कुमार, कोलियरी श्रमिक संग प्रखंड अध्यक्ष गोविंदपुर के नईम राजा, गोड़तोपा पंचायत के सरपंच नासिर अंसारी, रफीक आलम उर्फ पप्पू, अरमान अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## उपेंद्र विश्वकर्मा के निधन पर विधायक ढुलू महतो ने जताया शोक

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा महानगर ओबीसी मोर्चा के महामंत्री उपेंद्र विश्वकर्मा की निधन पर बाघमारा के भाजपा विधायक ढुलू महतो ने मृतक उपेंद्र के आवास शालीमार में पहुंचकर उनके फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान ढुलू ने स्व उपेंद्र विश्वकर्मा के स्वजन से मिल कर सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया है। मालूम हो कि 18 अक्टूबर को स्व विश्वकर्मा कि हृदय गति रुक जाने से निधन हो गई थी। वे भाजप के समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ता थे। ज्ञात हो कि झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह के प्रतिनिधि अखिलेश सिंह ने सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं पर सवाल उठाए थे कि रामकथा सुनने के लिए कई बड़े भाजपाई पहुंचे, लेकिन उसी रास्ते में भाजपा के सच्चे सिपाही स्व उपेंद्र विश्वकर्मा के घर नही गए है। ढुलू महतो का आज स्व उपेंद्र विश्वकर्मा के घर जाना इसी से जोड़ कर लोग देख रहे है।

## किसान मशीनरी सेंटर का हुआ उद्घाटन



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को मोहनोडीह चौक गुरहा मोड़ पर केन्दुआ फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का किसान मशीनरी सेन्टर का उद्घाटन केंदुआ पंचायत के मुखिया आशा देवी एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक चुंगलो के बैंक मैनेजर सुश्री श्रुति सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस बीच उक्त स्टोर के प्रोपराइटर पवन वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में छोटे होते खेतों का आकार एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धति में कृषि यंत्रों का प्रयोग बढ़ा है। जिसकी पूर्ति करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर चोंगाखार मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा, भाजपा नेता रंजीत मंडल, प्रमोद कुमार वर्मा, रविन्द्र मंडल, रवि वर्मा, बबिता देवी, मनीषा देवी, सुनीता देवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा, बबलू, अशोक, ब्रजेश समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# अवैध लॉटरी की खरीद बिक्री के धंधे में लगाम लगाने को लेकर पुलिस ने की छापेमारी, दो व्यक्ति गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह जिले में चल रहे अवैध लॉटरी पर लगाम लगने के लिए गिरिडीह पुलिस द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरिडीह क्षेत्र में अवैध लॉटरी के खरीद बिक्री के धंधे में लगाम लागने का सख्त निदश देते हुए आवश्यक कार्यवाई हेतु एक टीम को गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा लगातार नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानो पर छापामारी की गई। एवं कांड दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्तियों को जेल भी भेजा गया। जिससे नगर थाना क्षेत्र में अवैध लॉटरी के धंधे पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सका है। बीते रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैण्ड के पास छापामारी





किया गया तो देखे कि एक व्यक्ति दो तीन लोगों को जमा कर मोबाईल से कुछ समझा रहा था जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ कर पूछ ताछ किया गया तो वो अपना नाम शहनवाज असारी उम्र करीब 33 वष पिता मो0 शमसीर आलम ग्राम पेसरा बहियार चैताडीह थाना मुफ्फसील बताया। जिसके पास से एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल बरामद हुआ फोन देखने से ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति के मोबाईल में ऑन लाईन लॉटरी से संबंधित कुछ सामग्री उपलब्ध है। पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर बी.बी.सी. मोड़ पर अजय कुमार शर्मा को भी पकड़ा गया। जिसके पास से एक मोबाईल बरामद हुआ जिसका लॉक खुलवा कर देखने से पता चला की मोबाईल में ऑन लाईन लॉटरी से संबंधित कई सामग्री उपलब्ध है। पूछताछ करने पर लॉटरी बेचने की बात स्वीकार किया गया। पकड़े गए दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इस संबंध में नगर थाना कांड सं0- 251/23 दिनांक 29.10.23 धारा 419/420/294 (ए) भा0द0वि0 एवं 7(3) लॉटरी विनियम अधिनियम 1998 तथा 13 सर्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 अंकित किया गया तथा दोनो गिरफ्तार व्यक्तियों को जेल भेजा दकया गया।इस छापामारी दल में नगर थाना प्रभारी अमित कुमार, जनक सिंह, डुमराज कुंकल, रंजीत कुमार शामिल थे।

## एनएसयूआई ने नवनियुक्त कुलपति से मिलकर सौंपा मांग पत्र, छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार 30 अक्टूबर को एनएसयूआई संगठन के द्वारा कोयलांचल विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति पवन पोदार से मिलकर विश्वविद्यालय में 16 सूत्री मांग रखी जिसमे की सर्वप्रथम विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव करवाया जाए। विश्वविद्यालय परिसर तथा सभी कॉलेजों में गर्ल्स कॉमन रूम तथा सेनेटरी मशीन की व्यवस्था की जाए। अंगीभूत कॉलेजों में अनेक ऐसे विषय हैं जहां एक भी फैकल्टी नहीं है जल्द से जल्द वहां फैकेल्टी की नियुक्ति के लिए ठोस पहल की जाए। बीबीएमकेयू परिसर में छात्रों द्वारा लिफ्ट का इस्तेमाल, लाइब्रेरी, बस की सुविधा, साइंस लैब, कंप्यूटर लैब की सुविधा शुरुआत की जाए।विश्वविद्यालय परिसर को वाई-फाई जॉन बनाया जाए। इंटर की पढ़ाई पुनः शुरुआत की जाए। पीजी की पढ़ाई विश्वविद्यालय के अलावा एसएसएलएनटी, आरएसपी, बीएसके मैथन, सिंदरी कॉलेज, कतरास कॉलेज, बीएस सिटी कॉलेज,चास कॉलेज में यथाशीघ्र चालू की जाए। सभी कॉलेज में ड्रेस और आई कार्ड अनिवार्य रूप से लागू किया जाए।

## मायुमो व्यवसायियों के हर आंदोलन एवं लड़ाई में साथ हैं : पवन महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने बैंक मोड़ स्थित कार सेंटर के मालिक दीपक अग्रवाल पर जानलेवा हमले पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा की व्यवसायियों पर लगातार हमले से पुलिस प्रशासन की पोल खोल कर रख दी है।अपराधियों में भय का माहौल ही नहीं है। खुले आम दिन-दहाड़े इस तरह की वारदात से व्यवसायियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा में सेंधमारी है। मायुमो व्यवसायियों के हर आंदोलन एवं लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। श्री महतो ने केरल में हुए धमाके पर निंदा व्यक्त करते हुए कहा कि ईसाई समुदाय के इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके में कई लोगों की जान चली गई। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। सरेंडर व्यक्ति से कड़ी पूछताछ में आतंकवादी गतिविधियो की पुष्टि हो सकती है। देश के प्रधानमंत्री एंव गृहमंत्री इस घटना के पीछे मास्टर माइंड को पकड़ने में अहम भूमिका निभाए।

# बुचानावाडीह की मजार पर उमड़ी भीड

## विधायक ने फिता काटकर उर्स मेले कार्यक्रम की शुरूवात की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** चपुआडीह पंचायत के बुच्चा नावाडीह में उर्स मेले के मौके पर शनिवार की देर शाम को गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद प्रखंड सह बीससुत्री अध्यक्ष नुनूराम किस्कू उर्फ टाईगर स्थानीय मुखिया मो शमीम समाजसेवी मो फखरूदीन पसस मो सदाम मो मेराज मो इनामुल आदि ने संयुक्त रूप से फिता काटकर कार्यक्रम की शुरूवात की । गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद मजार पर पहुंचकर चादरपोशी किया । उन्होंने मजार पर हाजिरी लगाई और क्षेत्र में अमन-चैन की दुआएं मांगी। साथ ही उन्होंने सभी से आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील की । वहीं आपसी सौहार्द के साथ हर उत्सव को मनाने की बात कही। इधर तीन दिवसीय उर्स के मौके पर कवाली का महामुकाबला कार्यक्रम आयोजित की गयी । बता दें कि बेंगाबाद प्रखंड के बुचानावाडीह में हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बाबा मजार पर दो दिवसीय उर्स मेला रविवार को धूमधाम व भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। जाति-धर्म का भेद मिटाकर यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने चादरपोशी की। लोक आस्था के प्रतीक मजार पर यहां अद्भुत नजारा देखने को मिला। शनिवार देर रात व रविवार देर शाम तक बाबा के मजार पर चादर चढ़ाने वालों का तांता लगा



रहा। श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति हेतु दुआएं मांगी। दो दिवसीय उर्स मेला के मौके पर विभिन्न प्रकार के सौ से अधिक दुकानें सजी हुई थी। जहां महिलाओं ने जमकर प्रसाद से लेकर चादर, सिरनी व चाट, खिलौना, आईसक्रीम, श्रृंगार प्रसाधनों की खरीदारी की। इस मौके पर बंगाल, बिहार, झारखंड के विभिन्न शहरों व इलाके के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा के मजार पर लगी रही। पूर्व से ही बाबा के मजार पर चादर चढ़ाने का सिलसिला चलते आ रहा है। बाबा के उर्स मेला पर रंग बिरंगे चादर, प्रसाद चढ़ाने वालों की धूम मची रही। बाबा के मजार को रंग-बिरंगे आकर्षक रौशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया था।

## कोयला चोरी पर रोक लगाने को लेकर चलाया अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के बरारी कोलियरी क्षेत्रों में कोयला चोरी पर रोक लगाने को लेकर रविवार को परियोजना पदाधिकारी ने पुलिस एवं सीआईएसएफ के साथ अभियान चलाकर क्षेत्र में चल रही अवैध खनन की कई मुहानों की डोजरिंग कराया। प्रबंधन इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। मालूम हो की कोलियरी क्षेत्र के भूलन कब्रिस्तान, सुशी की बंद प्रोजेक्ट, बाज़ार धौड़ा, लक्ष्मी कॉलोनी आदि स्थानों में कोयला चोर अवैध मुहाना बनाकर कोयला की अवैध खनन कर तस्करी की जा रही थी। सूचना मिलने पर जीएम बीके सिन्हा के निर्देश पर परियोजना प्रबंधन ने क्षेत्र में अभियान चलाकर लगभग आधा दर्जन मुहानों की मिट्टी और ओबी से भराई कर डोजरिंग कर दिया गया है। पीओ एके पांडेय ने कहा कि कोयले के अवैध खनन व चोरी से कंपनी एवं सरकार आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। साथ ही दुर्घटना होने में जानमाल की खतरा होने कि आशंका बनी रहती है। इसलिए कोयला चोरी पर हर हाल में अंकुश लगाया जाएगा। मौके पर प्रबंधक एसके सील, सेफ्टी ऑफिसर डीके मीना एवं सीआईएसएफ और जोरापोखर थाना कि पुलिस मुस्तैद थे।

## एससी एसटी कर्मचारी संघ के कार्यालय में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को धनबाद एससी-एसटी कर्मचारी संघ के कार्यालय में मिथिलेश प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में दिनांक 19 नवंबर 2023 को दलित शोषण मुक्ति मंच एंव नेशनल फेडरेशन ऑफ अंबेडकर मिशन और अन्य सामाजिक संगठनों का एक दिवसीय सेमिनार संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ और सामाजिक न्याय के लिए जेलगोरा गेस्ट हाउस (डिगवाडीह) के हाल में आयोजन की जाएगी। सेमिनार मुख्य रूप से दलितों पर हमला, संविधान बचाओ और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष तेज करने एवं वर्तमान स्थिति में जिसमें सांप्रदायिकता और मनुवादी



तक के हावी है, संविधान बदलना चाहते हैं और दलित और उन कमजोर वर्गों पर हमले और अत्याचार चिंताजनक के रूप से बढ़ गए हैं। लोगों की एकता को तोड़ने के लिए आंतरिक संघर्षों को भी जान बूझकर भड़काया और बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ वंचित तत्वों के लोगों के जीवन और आजीविका के लिए कुछ राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई नीतियों और कल्याणकारी उपायों को तबाह किया जा रहा है। नौकरियों और और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के वैधानिक प्रावधानों को भी कमजोर किया जा रहा है।अक्सर उन्हें नजर अंदाज कर दिया जाता है।

# पुलिस ने चोरी की छह बाइक को जब्त कर तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गावां :** गावां पुलिस ने चोरी की छह बाइक जब्त कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया है। उक्त आशय की जानकारी खोरीमहुआ डीएसपी मुकेश कुमार महतो ने प्रेस वार्ता कर दी। डीएसपी ने बताया कि गिरिडीह जिले के गावां, तिसरी, धनवार, लोकायनयनपुर एवं कोडरमा के सतगावां, ढाब एवं बिहार राज्य के सीमावर्ती इलाकों में बढ़ती बाइक चोरी व छिनतई को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर गावां थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जिसमें गावां थाना के एसआई राहुल कुमार चौबे, कारी महतो, मो नियाजउद्दीन, प्रवीण कुमार मेहता, रामेश्वर साहू शामिल थे। बताया कि 24 अक्टूबर को गावां बाजार स्थित काली मंडा के पास लगे मेला से हीरो एचएफ डीलक्स बाइक, 25 अक्टूबर को होण्डा सीबी साईन बाइक एवं काला रंग का स्पेलेन्डर बाइक चोरी हुई थी। पूर्व में ढाब, गावां के जंगल इलाके में बाइक छिनतई की कोशिश की गई। इसी प्रकार सतगावां में भी दुर्गा पूजा के मेला में मोटरसाईकिल चोरी की घटना हुई तथा सीमावर्ती के अन्य थानों से बाइक चोरी एवं छिनतई की सूचना निरंतर प्राप्त होती रही। बताया कि 26 अक्टूबर को गठित टीम द्वारा गावां, सतगावां, लोकाय नयनपुर एवं बिहार से सटे इलाकों में निरंतर छापामारी की गई। तत्पश्चात गावां के ककमारी के कमलेश कुमार के घर एवं ठिकानों पर छापामारी की गई। छापामारी में चोरी की बाइक बरामद हुई, जिसका नम्बर प्लेट, डिक्की एवं सीट कवर को हटा कर गाड़ी को ना पहचान में आने योग्य कर दिया गया था। साथ में बाइक के पार्ट्स पूर्जे व एक बोरा रैंच भी बरामद किया गया। गहन पूछताछ के उपरान्त दूसरे स्थान पर छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में संलिप्त गावां के महुवरी के राजा उर्फ राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया। इसके साथ हीरो पैशन प्रो बाइक भी बरामद हुई। उक्त दोनों बयान के आधार पर बारी-बारी से उनके अलग अलग ठिकानों पर छापामारी की गई। छापामारी में धनवार प्रखंड के घोड़थम्बा ओपी के बलहारा के सिकन्दर प्रसाद वर्मा को गिरफ्तार किया गया। उनके घर व ठिकाने से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाईकिल बरामद की गई। अन्य ठिकानों से बिना नम्बर प्लेट का हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल, बिना नम्बर प्लेट का होंडा सीबी शाइन बाइक, बिना नम्बर प्लेट का होंडा सीबी शाइन मोटरसाईकिल भी बरामद की गई। इस प्रकार कुल छह मोटर साइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार तीनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया गया है। इनके मोबाइल से झारखण्ड बिहार के कई चोर गिरोह की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके लिए विशेष टीम गठित कर छापामारी की जा रही है।

## जनहित मोर्चा के संस्थापक माना पाठक ने टुंडी के दर्जनों गांवों का किया दौरा



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक माना पाठक ने आज सोमवार को टुंडी प्रखंड के करीब दर्जनों गांव का दौरा किया एवं जन समस्याओं को सुनते हुए किया आर्थिक मदद। प्राप्त समाचार के अनुसार जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक आज सोमवार को टुंडी प्रखंड के दर्जनों का गांवों का दौरा कर जन शिकायत सुनी एवं कई मांगों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया। खटजोरी गांव स्थित बजरंगबली मंदिर में लाउडस्पीकर लगाने के लिए 5100 रुपये का नगद राशि सहयोग के रूप में अपने निजी सचिव मुरारी सिंह के द्वारा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष खूब लाल मंडल को सौपा। वहीं भोस्की निवासी शमसुद्दीन की पत्नी की मौत कुछ दिन पूर्व हो जाने से उनके घर पहुंच कर परिवार के सदस्यों को सात्वंना देते हुए यथाशक्ति सहयोग राशि दिया। वहीं नवाटांड निवासी उगन महतो से मिलकर जन समस्याओं को सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## छठ पूजा की तैयारी को लेकर गिरिडीह विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# घाटों की सफाई, रोशनी व रास्ते की मरम्मती का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को छठ पूजा की तैयारी को लेकर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने नया परिसदन भवन में बैठक की द्य बैठक में गिरिडीह विधायक के अलावा नगर निगम उप नगर आयुक्त स्मृता कुमारी, एसडीपीओ अनील कुमार सिंह, पीडब्ल्यूडी, बिजली विभाग समेत अन्य विभागों के अलावा झामुमो नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक राम, टुन्ना सिंह, राहुल कुमार, गिरिडीह



जिला साउंड एसोसिएशन के अध्यक्ष रामजी प्रसाद यादव आदि मौजूद थे । गिरिडीह विधायक की ओर से छठ पूजा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई द्य इस दौरान सभी विभाग के पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को निर्देश दिया गया द्य विशेषकर प्रत्येक छठ घाट की सफाई व्यवस्था और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था का निर्देश नगर निगम को दिया गया द्य पर्व के दौरान व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखने की हिदायत दी। साथ ही घाट तक जाने वाले तमाम रास्तों की मरम्मती कराने का भी निर्देश दिया।

# पटना और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत स्पेशल तथाराजधानी फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस का किया जायेगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** आगामी त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में पटना और नई दिल्ली के बीच 02252/02251 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस तथा 02250/02249 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली राजधानी फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 02252/02251 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस - गाड़ी सं. 02252 नई दिल्ली-पटना वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस नई दिल्ली से दिनांक 11, 14 एवं 16 नवम्बर, 2023 को 07.25 बजे खुलकर 12.02 बजे कानपुर सेंट्रल, 14.08 बजे प्रयागराज, 15.50 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 17.15 बजे बक्सर एवं 18.08 बजे आरा रुकते हुए उसी दिन 19.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 02251 पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस पटना से दिनांक 12, 15 एवं 17 नवम्बर, 2023 को पटना से 07.30 बजे खुलकर, 08.28 बजे आरा, 09.28 बजे बक्सर, 10.28 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 12.10 बजे प्रयागराज एवं 14.18 बजे कानपुर सेंट्रल रूकते हुए उसी दिन 19.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । इस स्पेशल में वंदे भारत के 16 कोच होंगे ।

2. गाड़ी संख्या 02249/02250 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली राजधानी फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस - गाड़ी सं. 02250 नई दिल्ली-पटना राजधानी फेस्टिवल स्पेशल नई दिल्ली से दिनांक 10, 13, 15 एवं 17 नवम्बर, 2023 को 19.10 बजे खुलकर 00.02 बजे कानपुर सेंट्रल, 02.13 बजे प्रयागराज एवं 04.30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 05.45 बजे बक्सर एवं 06.35 बजे आरा रुकते हुए 07.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# चोरी की मोटरसाइकिल हेराफेरी करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को दिनांक 28.10,2023 को गुप्त सुचना प्राप्त हुई थी की लोहरदगा थाना क्षेत्र के ग्राम जुरिया निवासी किताबुल अंसारी पिता हानिफ अंसारी लोहरदगा शहरी क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरी कर बाहर ले जा कर बेचता है जो अपने घर में चोरी का कुछ मोटर साईकिल बरामद की है। इसी सूचना पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उरांव के नेतृत्व में लोहरदगा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारीयों को शामिल करते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया था। जिनके द्वारा जुरिया निवासी किताबुल अंसारी के घर में छापामारी कर कुल पाँच मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। साथ ही किताबुल असारी के बताए अनुसार इनके साथी रांची जिला के माण्डर थाना क्षेत्र अर्न्तगत ग्राम फुसरा दाड निवासी इरफान अंसारी पिता सनीफ अंसारी के घर में भी छापामारी दल के द्वारा छापामारी कर चार मोटरसाईकिल अलग-अलग स्थानों से चोरी किया हुआ बरामद किया गया है। बरामद सभी मोटरसाईकिल हिरो होण्डा,ग्लैमर,स्प्लेण्डर,बवाज सीडी डिल्कस,पल्सर एवं अपाची बरामद की है।छापामारी दल के द्वारा लोहरदगा शहरी क्षेत्र में घटित पूर्व के वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज लिया गया था जिसमें सनीफ अंसारी की पहचान पूर्व की घटनाओं में शामिल होने के रूप में किया गया है तथा सीसीटीबी फुटेज के आधार पर इसफान अंसारी के घर से घटना के समय इस्तेमाल किया गया पहना हुआ कपड़ा बरामद किया गया है। चोरी के मोटर साईकील उक्त दोनों व्यक्तियों घर से बरामद होने के आधार पर दोनों को थाना प्रभारी लोहरदगा थाना के द्वारा गिरफ्तार करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों का अपराध स्वीकारिति ब्यान लिया गया है जिन्होने चोरी के घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया है। सनीफ अंसारी की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों में किताबुल अंसारी पिता हानिफ अंसारी ग्राम जुरिया थाना लोहरदगा, तथा इरफान अंसारी पिता सनीफ अंसारी, ग्राम फुसरा टांड थाना माण्डर जिला रांची को गिरफ्तार किया है।



# सामुदायिक संगठन के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड कार्यालय के सभागार में लीड्स संस्था द्वारा सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रसाद ने उपस्थित लोगों को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीण इलाकों के नए मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने तथा वोटर कार्ड में नाम, पता, फोटो आदि गलती को सुधार करने से संबंधित जानकारी दी गई और पोस्टर भी वितरण किया गया। लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने सामुदायिक संगठनों के सदस्यों को ग्राम सभा सशक्तिकरण की जानकारी दिया और ग्राम सभा के आठ स्थाई समितियों को प्रोन्नत करने की बात कही। वही जलडेगा एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनू सिंह ने ग्राम स्तर पर किसान संगठन बनाने और उसके लाभ को बताया। इस दौरान संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, कुलदीप सुरीन, कलिंद्र प्रधान सहित ग्राम प्रधान और सामाजिक कार्यकर्ता उपाथित थे।

# अपने ही पति को पत्थर से कूचकर हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार, गई जेल



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र के खरता गांव में 29 अक्टूबर रविवार की रात्रि एक महिला ने अपने ही पति प्रदीप उरांव को पत्थर से कुचलकर मार डाली।मृतक के भाई गुंजन उरांव के फर्द बयान के अनुसार खरता निवासी प्रदीप उरांव उम्र करीब 34 वर्ष पिता स्व गंगू उरांव तीन विवाह किया था पहली बीबी देवकी उरांव को मृतक का भाई गुंजन उरांव ने विवाह कर लिया है, वही फिलहाल उसके दो पत्नी हैं बरती उरांव और सरयू उरांव मृतक प्रदीप उरांव गांव के ही अपनी बीबी सरयू उरांव के साथ रांची में रहता था कभी कभी गांव आता था दूसरी पत्नी बरती उरांव भी अपनी पुत्री के साथ अलग जगह पर रांची में ही रहकर जीवन यापन कर रही थी।खरता जतरा को लेकर शुक्रवार को प्रदीप अपने खरता गांव वाला ससुराल घर में रहा शनिवार को सरयू उरांव रांची चली गई उसी बीच प्रदीप उरांव अपना घर खरता में ही अपनी दूसरी पत्नी बरती से मिलने आया इसी दौरान रविवार की रात्रि में बरती उरांव ने अपने पति प्रदीप उरांव की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। मामले पर कैरो थाना मे काण्ड दर्ज कर कैरो थाना काण्ड संख्या 49/2023 भादवि 302 के तहत हत्या के आरोपी महिला बरती उराँव को कैरो थाना पुलिस के द्वारा तत्काल ही गिरफ्तार कर लिया गया है, वही शव को पुलिस द्वारा पोस्टमास्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजकर कैरो थाना पुलिस आगे की कार्य में जुट गई है।

# विद्यार्थियों को डॉक्युमेंट्री के माध्यम से बताई गई बाबा कार्तिक उरांव की जीवनी और उपलब्धियां



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में पंखराज साहब को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बाबा कार्तिक उरांव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला आचार्य आरती भगत ने डॉक्युमेंट्री की सहायता से उनकी जीवनी और उपलब्धियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने अपने जीवन की समस्त कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए ऊंची उड़ाने भरीद्य जनजातीय हितों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करने वाले योद्धा कार्तिक उरांव ने सिविल स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की कई बड़ी डिग्रियां हासिल कर देश के विकास में बहुमूल्य योगदान दिया द्य रांची में एचइसी इसका एक जीता जागता बड़ा उदाहरण हैद्य विश्व के प्रथम एवं विशाल न्यूक्लियर एटॉमिक पावर स्टेशन के डिजाइनिंग टीम में भी शामिल थेद्य धर्मांतरण की सख्त खिलाफत करते हुए जनजातियों के हित में समाज से संसद तक अनेकों कीर्तिमान स्थापित कर समाज और राष्ट्र को मजबूती प्रदान करने वाले बाबा कार्तिक उरांव सदा स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षक शिक्षाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नगर भवन में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अक्टूबर 2023 को नगर भवन, सदर प्रखण्ड, लोहरदगा परिसर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना डब्लयूडीसी 2.0 अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला एवं क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन जलछाजन प्रकोष्ठ-सह-आँकड़ा केंद्र (डब्लयूसीडीसी) लोहरदगा द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद लोहरदगा अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी लोहरदगा शिव पूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा अनुप कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी लोहरदगा संतोष पाण्डेय, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक- डॉ रंजन, जेटीडीएस के वित्त एवं प्रशासनिक पदाधिकरी मनींद्र तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी कृष्णा राम मांझी, डब्लयूसीडीसी लोहरदगा के जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में लोहरदगा जिला के जन प्रतिनिधिगण-कोलसिमरी पंचायत की मुखिया सुखमनी उरांव, लावागई पंचायत की मुखिया ललिता देवी, चंदलासो पंचायत की मुखिया दशमति उरांव, ककरगढ़ पंचायत के मुखिया चिमनी टोप्पो, किरी पंचायत के मुखिया रामेश्वर लोहरा, नरौली पंचायत के मुखिया अरविंद उरांव, कैरो पंचायत के मुखिया वीरेंद्र महली, नरौली पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी, गजनी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य श्रीमती सुनीता लकड़ा, कैरो पंचायत के उप मुखिया रवि प्रजापति भी उपस्थित रहे। इन सभी का सम्मान शॉल ओढ़ाकर किया गया। जलछाजन परियोजना पीएमकेएसवाई डब्लयूडीसी 2.0 अन्तर्गत क्रियान्वित परियोजना के विभिन्न मदो में किए गए उत्कृष्ट कार्यो से संबंधित किसानों की सफलता की कहानियों का संकलन पुस्तक सभी प्रतिभागियों के बीच

# जलडेगा में हुआ ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के रामजड़ी कुटुगिया राजस्व ग्राम में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी,वन अधिकारों की मान्यता 2006 एवं संशोधित नियम 2012 तहत सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार हेतु अधिनियम की धारा 3 (1) का (झ) एवं धारा 5 के तहत गाँव के परंपरागत सीमा के अंतर्गत ग्राम सभा का अधिसूचना बोर्ड गड़ी ग्राम सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में गांव के पहान द्वारा विधिवत पूजन करते हुए किया गया।इस शुभ अवसर पर झारखण्ड जंगल बचाओ आंदोलन के सुधीर कन्डुलना, समर्पण सूरीन अमृत डांग विशेष रूप से उपस्थित थे, साथ ही पड़ोसी गांव पैतानो, कुटुगिया, अनाई, फरसा, डुमरमुण्डा, मईलदा, ओड़गा के ग्राम सभा अध्यक्ष सचिव एवं वनाधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे। इस अवसर पर समर्पन सुरिन ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है। अब हमारे लोगों को कानून की जानकारी रखना होगा और अपने अधिकारों को बढ़ चढ़ कर लेना होगा। जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा दिया हुआ विरासत है इसे हमें हर हाल में बचाकर रखना होगा चूँकि जंगल हमारी आजीविका के साथ साथ संस्कृति भी है। पृथ्वी और पानी को बचाने के लिए जंगलों को रहना जरूरी है इसलिए पेडों की कटाई को रोकना होगा। इस अवसर पर सुधीर कंडुलना ने कहा कि ग्राम सभा की अधिसूचना बोर्ड गड़ी हमारे अधिकार के क्षेत्रों को उपयोग, सरंक्षण एवं प्रबंधन करने का अधिकार प्राप्त है। इसलिए अपने क्षेत्रों में बोर्ड गड़ी कार्यक्रम किया जाता है।मौके पर अमृत डांग ने हमारी पूर्वजों के इतिहास के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।उक्त जानकारी ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार ने दिया।

# पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य बनाकर जिला के विकास को गति देना चैंबर का मुख्य लक्ष्य : रितेश कुमार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैम्बर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चैम्बर अध्यक्ष रीतेश कुमार के अगुवाई में नव पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार जी से मिलकर अंगवस्त्र तथा पुष्पगुच्छ देकर इनका स्वागत किया तथा लोहरदगा में व्यावसायिक हित को लेकर बातचीत की। जबकि ज़िला उपायुक्त डॉ बाघमारे कृष्ण कुमार तथा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव जी से भी मुलाकात कर उनको पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सम्मानित किया गया। लोहरदगा ज़िला में नवरात्र त्योहार के अवसर पर ज़िला में निर्बाध व्यापारिक संचालन,दुर्गा पूजा में चुस्त दुरुस्त विधि व्यवस्था हेतु तथा रावण दहन मेला में सौहार्दपूर्ण माहौल में मुस्तैदी के साथ प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक मेला संपन्न करवाने हेतु उन्हें साधुवाद दिया। मुलाकात के दौरान बातचीत के क्रम में लोहरदगा ज़िला में व्यापारियों को सदैव स्वच्छ माहौल देकर निडरतापूर्वक व्यापार करने की प्रशासन द्वारा बात कही गयी तथा साथ ही साथ जिला के आद्योगिक विकास हेतु हर सम्भव मदद करने हेतु भी आश्वस्त किया गया। वहीं सरकार द्वारा लागू विभिन्न स्कीमों के तहत लघु उद्योगों को लगाने पर सब्सिडी से लेकर अन्य सभी जरूरी सहयोग किये जाने पर भी चर्चा हुई। चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य बनाकर लोहरदगा ज़िला के व्यावसायिक व आद्योगिक विकास को गति देना ही चैंबर का प्रमुख लक्ष्य है। अतः ज़िला में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने हेतु सम्पूर्ण चैंबर प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। आगे भी प्रशासन ऐसा ही निर्भीक माहौल व वातावरण बनाये रखे।

# पंचायत समिति की बैठक में दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहारदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्य और प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कायोजन किया गया। आयोजित बैठक में चिकित्सा, आपूर्ति, शिक्षा, मनरेगा, कल्याण विभाग, आत्मा, बाल विकास, पशुपालन सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए विकास योजनाओं का समीक्षा किया गया। वही 15 वें वित्त आयोग से प्रखंड परिसर में मार्किट कम्प्लेक्स बनाने के लिये अंचलाधिकारी को भूमि सत्यापन कर जमीन उपलब्ध कराने की बात कही गई। साथ ही बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारीयों कारण पृच्छा का निर्देश दिया गया है। सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर भगत, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातुन, पूनम उराँव, प्रीति देवी, दुर्गा राम, सबिता उराँव, लक्ष्मी कुमारी, जफरुद्दीन अंसारी के अलावे डॉ. दिव्या निशि, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रभारी कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत, पशुपालन पदाधिकारी डॉ.मनोज सिंह, डॉ.रोहित कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल एथलेटिक्स के लिए बेतिया रवाना हुई टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय और शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर (उच्च विद्यालय) लोहरदगा के चार एथलीट बेतिया में 31 अक्टूबर से 8 नवंबर तक होने वाले विद्या भारती की नेशनल एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए सोमवार सुबह रवाना हुए। तरुण वर्ग में महाविद्यालय की टीम में अल्पना शैली उरांव भाला फेंक में भाग लेगी। सुजल बाखला ऊंची कूद में भाग लेंगे और रोहित उरांव 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ एवं 3000 मी दौड़ में शामिल होंगेद्य जबकि विद्या मंदिर से बाल वर्ग में लंबी कूद और 200 मीटर दौड़ में कमलेश उरांव मेडल की रेस लगाएंगे। टीम दोपहर में लोहरदगा से राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद पहुंचेगीद्य यहां से पूरे झारखंड प्रांत के एथलीट्स एक साथ बेतिया बिहार के लिए प्रस्थान करेंगेद्य नेशनल एथलेटिक्स में झारखंड और बिहार के सभी एथलीट्स विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र (झारखंड, उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार) का प्रतिनिधित्व करेंगेद्य टीम को संरक्षक आचार्य के रूप में महाविद्यालय की शिक्षिका यशोदा कुमारी लेकर रवाना हुई।

# कैरो के सढ़ाबे बकसी गांव में एतेहासिक चोंगारी पहाड़ जतरा हर्षोल्लाष के साथ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 अक्टूबर सोमवार को सढाबे पंचायत के बक्शी गांव मे एतेहासिक चोंगहारी पहाड़ जतरा हर्षोल्लाष के साथ संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत केंद्रीय सचिव अरविंद यादव केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत लोहरदगा प्रखंड सचिव हेमंती देवी, सढाबे पंचायत की मुखिया सुमित्रा उरांव, कैरो प्रखंड उपाध्यक्ष संजय महतो, सचिव गौतम साहू, मीडिया प्रभारी संजय साहू वा जतरा कमिटी के अध्यक्ष फुलकुमार भगत, सचिव जगबंधन भगत कोषाध्यक्ष नगवा उरांव, शशि उरांव मुख्य रूप से उपस्थिति मे नीरू शांति भगत ने कहा कि जतरा हम झारखंडियों की पहचान है, जब हमारे बीच पूर्व विधायक कमल किशोर भगत थे, तब वे झारखंड के सभी तरह के कार्यक्रम में उपस्थित होकर उनकी उत्साह बढ़ाते रहते थे, उनका संकल्प था की लोहरदगा में जितने भी पर्यटन स्थल के रूप क्षेत्र है उनके पर्यटन में बढ़ावा देना, उसी सपने को लेकर मैं इस पहाड़ ऐतिहासिक जतरा को व जतरा स्थान को पर्यटन के रूप में अवतरित करूंगी, जैसा कि उनका एक सपना था की यहां का जतरा पहाड़ में लगता है जिसे लोगो को उपर चढने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# उपायुक्त ने अपने अंगरक्षक मरियानुस किंडो को दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के अंगरक्षक मरियानुस किंडो की आज सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। न्यु पुलिस लाईन, लोहरदगा में आज उन्हें जिला पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पदाधिकारियों व सहकर्मियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा मृतक के परिवार को दाह-संस्कार की राशि चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। तदोपरांत मृतक के अंतिम संस्कार के लिए शव को गुमला जिला के लुदगो ग्राम भेजा गया। आज इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व बड़ी संख्या में पुलिसबल उपस्थित थे।

# खेल को पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो अवश्य होगी लक्ष्य की प्राप्ति : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के बंजार किस्को में कुजूर ब्रदर्स बंजार किस्को आयोजन समिति के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सरना क्लब बक्सी बनाम जोरी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें सरना क्लब बक्सी 1-0 से चैंपियन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस के प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सुखदेव भगत का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया तत्पश्चात फाइनल मैच के दोनों टीमों से मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून रहता है। लोहरदगा में सैकड़ो स्थान पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता है जिसमें पूरा गांव की सहभागिता रहती है और लोग इसे उत्सव के रूप में मनाते हैं। श्री भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं अनुशासन के साथ खेलना होगा। श्री भगत ने खिलाड़ियों से कहा कि आप फीफा के नियम से खेलेंगे तो ही आप जिला, राज्य एवं देश के तरफ से खेल सकते हैं। श्री भगत ने कहा कि हमारे क्षेत्र में काफी अच्छे-अच्छे खिलाड़ी है बस उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। मौके पर श्री भगत ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन समिति को भव्य आयोजन करने हेतु बधाई दिए। मौके पर किस्को प्रखंड प्रमुख सामुल अंसारी अध्यक्ष मिथिलेश गोप, सचिव राकेश भगत, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, ग्राम प्रधान मड्डवा उरांव, पुजार बोधई भगत, प्रखंड प्रमुख सुनीता कच्छप, कुद्दुस अंसारी, रविंद्र उरांव, विपिन उरांव, विकास उरांव, विकास साहू, रमेश साहू, रूपन मोहली, अविनाश उरांवमहेश उरांव, बीरबल उरांव, वीरेंद्र यादव, सुरेश भगत, अरुण भगत सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोहरदगा जिले के इक्कीस प्रवासी मजदूर से ठेकेदार द्वारा हुई पैसों की ठगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले कैरो एवं कुडु प्रखंड के इक्कीस प्रवासी मजदूर को बंगाल के नवीनगर चमातोला कलीयाचक मालदा बंगाल निवासी मजदूरों का ठेकेदार सेताबुद्दीन अहमद पिता शेराज्जूद्धीन अहमदम गुजरात के कक्ष में अडानी कंपनी में 2सितंबर से 27 सितंबर तक एवं महाराष्ट्र के 28 सितंबर से 15 अक्टूबर तक कोल्हापुर केरली काम किया 12 घंटे की 900 रू राशि कंपनी और ठेकेदार की सहमति से तय हुए। जिसकी राशि 21 मजदूरों 6,24000 हुए जिसकी भुगतान नहीं की गई। मजदूर के द्वारा बार-बार पैसे मांगले पर भी कई प्रकार के बहाने ठेकेदार द्वारा बनाया गया । मजदूरों के द्वारा कंपनी से पूछे जाने पर बताया कि ठेकेदार मजदूरों के नाम पैसा उठा लिया है। जिसके पश्चात हो मजदूरों ने किसी प्रकार से अपनी घर वापसी के लिए पैसे इकट्ठे किए और वह वापस घर पहुंचे। घर पहुंचने के बाद भाजपा अनुसूचित जनजातीय मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव से अपनी पीड़ा को बताया। तब बजरंग उराँव के नेतृत्व में जिला श्रमिक अधीक्षक दिनेश भगत से मिलकर लिखित आवेदन देकर कार्रवाई और मजदूरी राशि दिलाने की मांग की। बजरंग उराँव ने कहा झारखंड प्रवासी मजदूरों के साथ होने वाले घटना हेमंत सरकार के सत्ता में आने के बाद आम हो गया है। क्योंकि अन्य राज्यों के कंपनियों और ठेकेदार को पता झारखंड में रोजगार रहा नहीं। किसान भी मजबूर है। वह मजबूरी में हमारे कार्य ही करेंगे चाहे शोषण ही क्यों न हो। परंतु हमारा झारखंड की सरकार चेंज की नींद सो रही है उन्हें शुरू से ही झारखंड के गरीब किसान अनुसूचित जाति, जनजाति से कोई खास दिलचस्पी नहीं रही है।सभी जगह केवल शोषण हो रहा है। लोगों की सुरक्षा स्वयं की जिम्मेवारी बन चुकी है। आज झारखंड में प्रतिदिन हजारों हजार की संख्या राज्य से बाहर जा रहे हैं। उसमें हमारे लोहरदगा से भारी संख्या जा रही है। परंतु राज्य की पूरी सिस्टम भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आगे कुछ देख नहीं पा रहा है। हम गरीब इर्द गिर्द भाग रहे हैं जिसके फल स्वरूप शोषण का शिकार हो रहे है।

# अवैध बालू लदे बिना नम्बर के चार ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा-लोहारदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालू के अवैध खनन के खिलाफ सेन्हा थाना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई से बालू माफियाओं में दहशत है। इस दौरान सोमवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का जपत किया गया है। चितरी डाँडू पथ से एक महिन्द्रा ट्रैक्टर तथा मेढ़ो कोयल नदी तट से तीन ट्रैक्टर जिसमें एक महिन्द्रा और दो स्वराज ट्रैक्टर को अवैध बालू के साथ सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जपत कर थाना लाया गया। पुलिस को देखते ही मौके से सभी ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गये जबकि ट्रैक्टर चालक फरार हो गये। वही जानकारी के अनुसार बताया गया की क्षेत्र से अवैध तरीके से बालू का खनन कर ऊंचे दाम पर बेचने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। साथ ही कहा कि अवैध बालू कारोबार के खिलाफ यह कार्रवाई जारी रहेगा।




## चलते चलते एक नजर

### रांची जिला ग्रामीण ओबीसी विभाग के कमेटी की हुई घोषणा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष अभिलाष साहु की मौजुदगी में कांग्रेस भवन, रांची में रांची जिला ग्रामीण ओबीसी विभाग अध्यक्ष प्रदीप साहु ने जिला कमिटी की घोषणा कर दी है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, राजेश चन्द्र राजू, राजेश वर्मा उपस्थित थे। रांची जिला ग्रामीण ओबीसी विभाग अध्यक्ष प्रदीप साहु ने जिला कमिटी की घोषणा करते हुए बताया कि जिला कमिटी में उपाध्यक्ष-05, महासचिव-01, सचिव-04 एवं लापूंग, नगड़, नामकुम तथा तमाड़ प्रखंड कांग्रेस कमिटी ओबीसी का अध्यक्ष बनाया गया है। कमिटी में उपाध्यक्ष- सुनिल कुमार, अफरोज खान, मो मिराज शेख, पवन राम साहु, गणेश कुमार, महासचिव- रामस्वरूप कुमार, सचिव- विशाल कुमार साहु, तालेश्वर साहु, रामनाथ महतो, इरफान अहमद एवं लापूंग प्रखंड- रामकिशन साहु, नगड़ दीलिप महतो, नामकुम अमृत महतो तथा तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष- गौतम कुमार गंझू को बनाया गया है।

### एटीएम कार्ड बदलकर 71 हजार 5 सौ रुपए लेकर फरार, छानबीन में जुटी पुलिस

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 28 अक्टूबर 2013 को अलग अलग समय में एटीएम से करीब 71हजार पांच सौ राशि निकाल कर फरार हो गए अज्ञात युवकों के खिलाफ दला-दिली ओपी में शिकायत दर्ज कराई गई है। भुक्तभोगी दला- दिली ओपी चाय बगान निवासी छत्रपाल राम उस्ताद ने आवेदन में लिखा है कि एचडीएफसी बैंक के एटीएम दला-दिली चौक स्थित एटीएम में पैसे निकालने गये थे और एटीएम कार्ड से दस हजार रूपये निकाला। इसी बीच एटीएम रुम से बाहर निकालते समय दो अज्ञात लड़के थे उन दोनों ने मेरे एटीएम कार्डको अपने कार्ड से बदल दिया और चला गया । उस वक्त एटीएम कार्ड चेक नहीं कर पाया 10 मिनट बाद खाता से दस-दस हज़ार राशि करके तीन बार कटहल मोड़ एटीएम से निकाल लिया गया, फिर हीरामनी पेट्रोल पंप रिंग रोड सिमलिया से 21000 और फिर 20500 एटीएम पोश मशीन से पुर्जा निकाल कर नगद हीरामनी पेट्रोल पंप के कर्मचारी से एकतालीस हजार पाँच सौ रुपये नगद लेकर भाग गये । मैसेज आने पर जब हम हीरामनी पेट्रोल पंप गये तो पूछताछ करने पर वहाँ कर्मचारी से जानकारी मिली। उनलोगों ने बताया कि दो से चार को संख्या में आये थे और बोले कि नगद पैसा दे दो इसके एवज में कुछ राशि देने की बात कहे और पंप के चार कर्मचारी लालच में आकर उनके साथ लेन देन किया। एटीएम द्वारा कुल एकतहर हजार पाँच सौ रूपये उन दोनों के द्वारा जालसाजी कर निकाला गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### 238 रॉन्ग पार्किंग का कटा चालान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस उपाधीक्षक यातायात के नेतृत्व में सभी यातायात थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में यातायात नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 238 रॉन्ग पार्किंग, 12 सिग्नल उल्लंघन तथा नो एंट्री क्षेत्र में गाड़ी परिचालन करने पर 37 वाहनों पर चालान किया गया है तथा अगले एक सप्ताह तक इसी प्रकार से रॉन्ग पार्किंग सिग्नल उल्लंघन तथा नो एंट्री में गाड़ी परिचालन करने वाले चालकों के विरुद्ध अलग-अलग समय में विशेष अभियान चलाकर चालान काटा जाएगा।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने जन सुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों का जन-सुनवाई कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन, रांची में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनके निराकरण के लिए अधिनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से कई निर्देश दिये। फरियादियों के आवेदनों पर




संज्ञान लेते हुए मंत्री ने विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया। इस जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, हज़ारीबाग़, लातेहार, गुमला, गिरिडीह गोड्डा, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में मुख्य रूप से सड़क निर्माण, भूमि मामले, हैण्ड पम्प, भूमि अधिग्रहण मुआवज़ा, व्हील चेयर, प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रांसफार्मर लगाने, नाली निर्माण, विधवा महिलाओं को भीम राव अंबेड़कर आवास आवंटन करने, पारिवारिक मामले, छात्रावास निर्माण, जल मिनार मरम्मत के संदर्भ में मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए पुलिस ने ली शपथ



**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जगन्नाथपुर और पुंदाग ओपी परिसर में सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने शपथ लिया कि वो अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही मंदिर,मस्जिद,गिरजाघर में बाल विवाह मुक्त रखने में सहयोग करेंगे । इस कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर बैद्यनाथ कुमार, अंशु कुमारी, चंदन कुमार, अनुज शर्मा, रेखा कुमारी, संगीता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

एनटीपीसी NTPC

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन 30 अक्टूबर, 2023 को किया गया। इस अवसर पर नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक (एसएससी-अनुबंध एवं सामग्री ने विभागाध्यक्षों और मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चुना गया विषय भ्रष्टाचार का विरोध करे, राष्ट्रीय की प्रति समरप्रीत रहे है ।कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया और केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों के लिए समूह चर्चा, स्कूली बच्चों के लिए भाषण और निवारक सतर्कता कार्यशाला जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। सतर्कता जागरूकता पर प्रचार करने के लिए, प्रमुख स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए।सतर्कता जागरूकता सप्ताह में कर्मचारियों की भागीदारी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने और एक सतर्क राष्ट्र के निर्माण की दिशा में जागरूकता फैलाएगी।

# छात्रा को ऑटो से खींचने वाला मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**एजेंसी**

**लखनऊ :** गाजियाबाद में लूट के लिए ऑटो से इंजीनियरिंग की छात्रा को खींचने वाले मुख्य आरोपी और पुलिस के बीच सोमवार सुबह मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी जितेंद्र मारा गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार तड़के करीब पांच बजे मसूरी क्षेत्र में नहर पटरी पर पुलिस और लुटेरे के बीच मुठभेड़ हुई। जितेंद्र पर 12 से ज्यादा लूट के मामले और एक गैंगस्टर का मुकदमा भी था। छात्रा से लूट के मामले में फरार होने के बाद उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। दरअसल, एनएच-9 पर उद्योग कुंज के पास लुटेरों के हमले में घायल हुई इंजीनियरिंग की छात्रा कीर्ति ( 19) की उपचार के दौरान


*** हमले में युवती की हो गई थी मौत**

रविवार की शाम मौत हो गई थी। बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल फोन लूटने के लिए उसे ऑटो से खींचने का प्रयास किया था। सड़क पर गिर जाने से उसके सिर की हड्डी टूट गई थी। डॉक्टरों ने उसका आपरेशन किया था, लेकिन जान नहीं बच सकी। हापुड़ के पन्नापुरी निवासी रविंद्र की बेटी और गाजियाबाद के एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष की होनहार छात्रा कीर्ति के साथ घटना 27 अक्तूबर की शाम करीब साढ़े चार बजे हुई थी।वह सहेली दीक्षा के साथ घर जा रही थी। पीछा करते आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने उससे मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो उसका हाथ पकड़कर बाहर की ओर खींच दिया। वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मोबाइल फोन बदमाश के हाथ में आ गया। बदमाश मोबाइल लूटकर भाग गए थे। सहेली और ऑटो चालक ने कीर्ति को अस्पताल में भर्ती कराया था। उसे पहले पिलखुवा के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल भेजा गया। यहां रविवार की शाम उसने दम तोड़ दिया।

# एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के शुभंकर जूही का बढ़ा क्रेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का हॉकी प्रेमियों में जबरदस्त क्रेज है।मैच की दीवानगी के साथ-साथ इस हॉकी चैंपियनशिप के शुभंकर की दीवानगी भी इन दिनों बढ़ी हुई है। झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का शुभंकर बेतला नेशनल पार्क की सबसे उम्र दराज हथिनी जूही को बनाया गया है। पलामू टाइगर रिजर्व नॉर्थ जोन के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश जेना ने बताया कि हथिनी जूही का क्रेज इन दिनों काफी बढ़ गया है। रांची में चल रहे झारखंड एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 के शुभंकर के तौर पर जूही को ही तय किया गया है। ऐसे में जब से उसका नाम इतने प्रतिष्ठित इंटरनेशनल टूर्नामेंट से जुड़ा है, खेल प्रेमियों से लेकर आम जन तक, सभी उसके बारे में पूछताछ करने लगे हैं। उसकी खोजबीन करते



लोग बेतला पार्क तक पहुंच रहे हैं। हर कोई किसी रूप में पार्क में उसके साथ सेल्फी के लिए उतावला हुआ जा रहा है हालांकि वन विभाग अपने स्तर से उसकी सुरक्षा में मुस्तैद है।करीब तीन साल पहले 25 नवंबर 2020 को जूही हथिनी के पास उसके साथ सबसे लंबा समय गुजारने वाले तत्कालीन रेंजर अर्जुन बड़ाइक (अब सेवानिवृत) पहुंचे थे। बेतला नेशनल पार्क की सबसे बुजुर्ग हथिनी जूही के लिए अपने इस दोस्त से मिलना जबरदस्त अनुभव रहा था। अर्जुन बड़ाइक उसके उन दोस्त में शामिल थे, जिसने उसके साथ लंबा समय गुजारा था। यही वजह था कि उसने बड़ाइक के आगमन पर उसे अपनी सूंड से जोश से उन्हें गले लगाया था। बड़ाइक, जो दलमा अभयारण्य जाने से पहले 2004 तक बेतला के पलामू टाइगर रिजर्व के रेंजर थे, जब तक वह वहां थे, तब तक जूही के साथ उनके मधुर संबंध थे। जैसे ही 57 वर्षीय बड़ाइक ने जूही हथिनी को उसके नाम से पुकारा, वह उनकी बेटी की तरह उसके पास दौड़ी थी। इस मौके पर बड़ाइक ने हाथियों को सबसे सुंदर और बुद्धिमान जानवर करार दिया था। उन्होंने कहा था कि जूही के पास उत्कृष्ट बुद्धि थी। जूही की याददाश्त बहुत अच्छी है क्योंकि वह उसे उसकी आवाज से ही पहचान लेती है। उन्होंने कहा कि जूही ने उनकी पत्नी और बेटी से भी दोस्ती कर ली थी। अर्जुन से मिलते समय जूही को खाने के लिए फल दिए गए, लेकिन उसने कभी भी उससे अपनी नजरें नहीं हटाई, क्योंकि उसे आभास था कि वह जल्द ही चला जाएगा। अर्जुन बड़ाइक के अनुसार, कई लोग सोचते हैं कि जंगली जानवर कच्चे और जंगली होते हैं। लेकिन अगर उन्हें प्यार मिलता है तो वे जोश और ताकत के साथ इसका जवाब देंगे।

### पीवीयूएन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत

**रांची :** पीवीयूएन पतरातू ने सोमवार को हर्षोल्लास के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की। इस अवसर पर सम्मेलन हॉल में पीवीयूएन सीईओ रवींद्र कुमार और जीएम (इंजीनियरिंग) बी. दास द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। प्रशासन भवन की प्रतिज्ञा में सभी विभागाध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी। जानकारी के अनुसार अगले दिनों में पीवीयूएन के कर्मचारियों, परिवारों और स्थानीय लोगों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।



# अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हरा कर विश्व कप में दर्ज की तीसरी जीत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली.** बड़े इवेंट्स में दूसरी टीमों का खेल बिगाड़ने वाली अफगानिस्तान की टीम एक बार फिर रौद्र रूप दिखाती नजर आई. इस टीम ने वर्ल्ड कप में पहले वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को धूल चटाकर बड़ा उलटफेर किया. उसके बाद पाकिस्तान को भी घुटने टेंकने पर मजबूर कर दिया. अब पूर्व एशियन चैंपियन श्रीलंका को भी अफगानिस्तान ने शिकस्त दे दी है. श्रीलंका पर ये टीम पूरी तरह से हावी नजर आई, फिर चाहे गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी. अफगानिस्तान ने लंका को पस्त कर वर्ल्ड कप में तीसरी जीत दर्ज की है.इस मैच में अफगानिस्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. इसके बाद टीम ने चाहे गेंदबाजी हो फील्डिंग हो हर तरीके से श्रीलंका को तहस-नहस कर दिया. इस मुकाबले में तेज गेंदबाज फजल-हक-फारुखी ने अपनी धार दिखाई और 4 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया.




वहीं, स्पिनर मुजीब उर रहमान ने दो विकेट हासिल किए. इसके अलावा अजमतुल्लाह और राशिद खान के हाथों 1-1 सफलता लगी. गेंदबाजों ने पूरी तरह श्रीलंकाई बल्लेबाजों पर फंदा कस रखा था, जिसके चलते टीम महज 241 रन पर ही सिमट गई.श्रीलंका की तरफ से सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने सर्वाधिक 46 रन की पारी खेली. इसके अलावा करुणारत्ने सस्ते में पवेलियन लौट गए. मेंडिस और समरविक्रमा भी 39 और 36 रन बनाकर पवेलियन का रास्ता नापते दिखे. कप्तानी कर रहे कुशल मेंडिस ने एक समय पर उम्मीद जगाई थी, लेकिन वे अपनी पारी को बड़ी पारी में तब्दील करने में कामयाब नहीं हो सके और देखते ही देखते अफगानिस्तान ने मैच में अपनी पकड़ बना ली.अफगानिस्तान की टीम ने पिछले दो मुकाबलों की तरह यहां भी टीम वर्क दिखाया. हालांकि, सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए. इसके बाद इब्राहम जादरान ने 39 रन ठोके, दूसरे छोर पर रहमत शाह डटे रहे और 62 रन की शानदार पारी को अंजाम दिया.

# विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करेगी टीजेएस

**एजेंसी**

**हैदराबाद :** तेलंगाना जन समिति ने सोमवार को आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के समर्थन का ऐलान किया है. टीजेएस पार्टी के चीफ एम कोदंडराम ने हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी से मुलाकात के बाद ये फैसला लिया.सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति के सामने चुनौती पेश कर रही कांग्रेस इस समर्थन से काफी खुश नजर आ रही है. रेवंत रेड्डी ने टीजेएस के इस कदम को काफी अहम माना है. कोदंडराम ने ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करेगी.

**टीजेएस नहीं उतारेगी कोई प्रत्याशी:** जानकारी के अनुसार, तेलंगाना जन समिति के अध्यक्ष एम कोदंडराम ने कांग्रेस को समर्थन देने के ऐलान के साथ ही कहा कि उनकी पार्टी की ओर से तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में कोई भी प्रत्याशी नहीं उतारेगी. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तेलंगाना कांग्रेस के इंचार्ज मानिकराव ठाकरे और रेवंत रेड्डी ने कोदंडराम से मुलाकात की थी.

**तालमेल बिठाने के लिए बनेगी कमेटी:** मुलाकात के बाद टीजेएस चीफ प्रोफेसर एम कोदंडराम ने आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर जीत हासिल करने के लिए काम करने की घोषणा की.

# अबुआ आवास योजना: 8 लाख जरुरतमंदों को आवास उपलब्ध करवाएगी सरकार, पोर्टल तैयार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के करीब आठ लाख गरीब लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने के लिए ग्रामीण विकास विभाग एक पोर्टल तैयार हो चुका है। इसे जैप आइटी के सहयोग से विकसित किया गया है। अगले तीन वर्ष में लगभग 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर राज्य सरकार अपनी निधि से जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध करवाएगी। अबुआ आवास योजना के पात्र राज्य के वैसे सभी लोग होंगे, जो कच्चे मकान में रह रहे हैं। योजना के लाभुकों के चयन की प्रक्रिया राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर से शुरू की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में नये आवासों की स्वीकृति नहीं मिली। इसको लेकर राज्य और केंद्र सरकार के बीच कई बार बातचीत भी हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार की वित्तीय भागीदारी 40 प्रतिशत होती थी। इसके बाद राज्य सरकार ने अपने वित्तीय स्रोत से अबुआ आवास योजना के तहत 2023-24 में दो लाख परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया है। अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरे के मकान के लिए प्रति आवास राज्य सरकार दो लाख रुपये लाभुकों को देगी। इस वित्तीय वर्ष में भी दो लाख आवास 31 मार्च 2024 तक स्वीकृत कर दिए जाएंगे।